श्री अभय जैन ग्रन्थमाला पुष्प १४

ज्ञानसार ग्रंथावली

[योगिराज की पदावली व अन्य रचनाएं, विस्तृत जीवनीसह]

प्राक्कथन

महापंडित राहुल सांकृत्यायन

सम्पादक

अगरचन्द नाहटा

भंवरलाल नाहटा

प्रकाशक

नाहटा ब्रदर्स

४ जगमोहन मल्लिक लेन

कलकत्ता—७

वीराब्द २४८५] प्रथमावृति १००० [मूल्य ।०)

आवश्यक स्पष्टीकरण

ज्ञानसार ग्रन्थावली का इतने लंबे समय से और इस रूप में प्रकाशित होते देख हर्ष और दुख दोनों की एक साथ अनुभूति होती है। हर्ष तो इसलिये कि अपनी २५ वर्षों की साध पूरी हो रही है और दुख इस बात का है कि जिस रूप में और जितनी शीघ्रता से हम इसका प्रकाशन करना चाहते थे, नहीं कर पाये। विधि का विधान कुछ ऐसा ही था कि इसमें हर्ष और शोक, ये दोनों ही करना वृथा है। पर हम अभी ज्ञानसारजी जैसे महायोगी की भाँति समत्व में नहीं पहुँच सके हैं।

विधि के आगे मनुष्य का प्रयत्न कुछ काम नहीं देता, इसका इस ग्रंथ के प्रकाशन प्रसंग से खूब अनुभव हुआ। पच्चीस वर्ष पहले बड़ी उमंग और आशा के साथ ज्ञानसारजी के ग्रन्थों की पाण्डुलिपि बड़ी लगन के साथ की थी। पन्द्रह वर्ष तो वह योंही पड़ी रही। बीच में चूहों ने भी कुछ सामग्री के पुर्जे-पुर्जे करके हमें सचेत किया। परम संत भद्रमुनिजी (सहजानंदजी) की प्रेरणा व कृपा से ७८ वर्ष पूर्व इसका छपवाना प्रारंभ किया। चारसौ छियासी पृष्ठों में ज्ञानसारजी की रचनाओं का एक भाग छप कर तैयार हुआ और ११२ पृष्ठों में उनका परिचय छप गया। मूल ग्रंथ के छपे हुए फरमे दफ्तरी को जिल्द बन्धाई के लिये दे दिये गये, पर उसी समय कलकत्ते में हिन्दु मुसलमानों का संघर्ष हुआ, हिन्दुस्तान पाकिस्तान

दो टुकड़े हो गए। दफ्तरी मुसलमान था-कहां गया पता नहीं। बहुत खोज की गई, पर उसके मकान का भी पता न लगने से फरमे प्राप्त नहीं हो सके। तीन-चार वर्ष इसी प्रतीक्षा में रहे कि दफ्तरी आजायगा और फरमें मिल जायंगे। इसी बीच जिसने दफतरी को फरमे दिये थे वह व्यक्ति भी मर गया। समस्त आशाओं पर कुठाराघात होगया। ग्रन्थ को दुबारा मुद्रण करवाना पड़ा। पर सारे ही ग्रंथ को मुद्रण करवाने में बहुत लम्बा समय लगता, इसलिये करीब आधे ग्रंथ की सामग्री का पुनर्मुद्रण कर ही प्रकाशित किया जा रहा है।

सौभाग्य से प्राक्कथन, किंचित् वक्तव्य, अनुक्रमणिका और ज्ञानसारजी की जीवनी के फरमे दूसरे प्रेस में छपवाने से गड़ी में मंगवा लिये गये और वे बच गये। बाहर पड़े रहने से खराब अवश्य हो गये हैं पर वे इसमें ज्यों के त्यों दिये जा रहे हैं। इसकी अनुक्रमणिका से पहले कितनी सामग्री मुद्रित हुई थी उसका विवरण मिल जाता है। पृष्ठ १७६ तक की रचनाएं तो ज्यों की त्यों पुनर्मुद्रण हो गई हैं। उसके बाद होयाली, बालावबोध और तत्त्वार्थ गीत बालावबोध को नहीं देकर सम्बोध अष्टोत्तरी, प्रस्तावित अष्टोत्तरी और आत्मनिंदा पूर्व क्रम से ही दी गई हैं। फिर पृष्ठ २६३ में पूर्व प्रकाशित गूढ (निहाल) बावनी और पृ० ४२३ में प्रकाशित नवपदपूजा दे दी गई है। तदनन्तर तीन पृष्ठ की सामग्री इसमें नई दी गई है जो उस समय नहीं दी जा सकी थी। इसके बाद पूर्व देश वर्णन दिया गया है। अवशिष्ट रचनाओं को हम दूसरे भाग में देंगे। वे रचनाएं भी साहित्यिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत मूल्यवान हैं जो लगभग ५०० पृष्ठों की होगी। इसमें माला पिंगल, कामोद्दीपन, चन्द चौपाई,

समालोचना और राजाओं के वर्णनात्मक चित्र-काव्य-साहित्यिक दृष्टि से मूल्यवान हैं और आनंदघनजी की चौबीसी का बालावबोध, पदों का विवेचन, आध्यात्मिक गीता बालावबोध, तत्त्वार्थ गीत बालावबोध आध्यात्मिक दृष्टि से बड़े महत्त्व की हैं। इनके अतिरिक्त अन्य रचनाएं सैद्धान्तिक या तात्त्विक हैं।

इस ग्रंथ के साथ ज्ञानसारजी के तीन चित्र, एक फोटो और उनके द्वारा रचित और स्वलिखित स्तवन का फोटो, दिये जा रहे हैं।

पूर्व प्रकाशित अनुक्रमणिका में पुनर्मुद्रण के समय आगे जो व्यतिक्रम हो गया है इसलिये नई अनुक्रमणिका यहां दी जा रही है।—

१. प्राक्कथन (पं० राहुल सांकृत्यायन)	पृष्ठ १ से ६
२. किंचित् वक्तव्य	,, ७ से १२
३ पूर्व मुद्रण की अनुक्रमणिका	,, १ से ११
४. अभय जैन ग्रंथमाला के प्रकाशन	,, १२
५. योगीराज श्रीमद् ज्ञानसारजी (जीवन परिचय)	,, १ से ११२

मूलग्रंथ

१. चौबीसी	पृष्ठ १
२. विहरमान जिन वीसी	,, १३
३. बहुत्तरी पद संग्रह	,, ३१
४. जिनमत धारक व्यवस्था गीत बालावबोध	,, ८०
५. आध्यात्मिक पद	,, ९५

६. स्तवनादि भक्ति पद संग्रह ,, ११३
७. भाव षट् त्रिंशिका ,, १४०
८' आत्म प्रबोध छत्तीसी ,, १५५
९. चारित्र्य छत्तीसी ,, १६५
१०. मति प्रबोध छत्तीसी ,, १७२
११. सम्बोध अष्टोत्तरी ,, १७७
१२. प्रस्ताविक अष्टोत्तरी ,, १८९
१३. आत्मनिंदा ,, २०२
१४. गूढ (निहाल) बावनी ,, २०८
१५. नवपद पूजा ,, २१५
१६. सप्तबोधक ,, २२६
१७. कुंडलिया ,, २२७
१८. यक्षराज स्तुति ,, २२७
१९. जिनलाभसूरि कवित्त ,, २२८
२०. पूर्व देश वर्णन ,, २२९

प्राक्कथन

"ज्ञानसार-ग्रंथावलीका प्रकाशन करके नाहटाजीने हिन्दी साहित्य के ऊपर बड़ा उपकार किया है। वस्तुतः हिंदीकी अक्षुण्ण परंपराकी जितनी रक्षा जैनोंने की, वैसा न होने पर हमें हिंदी भाषा और उसके साहित्य के विकास का बहुत अपूर्ण ज्ञान रहता। एक समय था, जब कि हमारे देश के विद्वान् संस्कृत से सीधे हिंदीकी उत्पत्ति मानते थे, फिर बीचकी कड़ी उन्होंने पाली-प्राकृतको माना। प्राकृत और आधुनिक हिंदी तथा उसकी भगिनी-भाषाओंके बीच की कड़ी अपभ्रंश थी, इस निष्कर्ष पर विद्वान् पहुंच तो गये, लेकिन अपभ्रंश साहित्य का कितना अभाव तथा कितना अल्प-परिचय हमारे लोगोंको अभी हाल तक रहा इसका इसीसे पता लगेगा, कि कितने ही जैन भंडारोंमें प्राकृत और अपभ्रंश दोनों भाषाओं के ग्रंथों को प्राकृत मान कर सूचियों में दर्ज किया गया। अपभ्रंश के कुछ छोटे-छोटे पद या पद्य-ग्रन्थ बौद्ध चौरासी सिद्धों के भी मिले जिन्हें महा-महोपाध्याय पंडित हरप्रसाद शास्त्रीने "बौद्ध गान ओ दोहा" के नाम से प्रकाशित किया। उसके बाद बहुत थोड़े ही से नमूने और मिले, जिनमें से कुछ तिब्बत में प्राप्त हुये। यद्यपि तन-जुर में अनुवादित अपभ्रंश के छोटे-मोटे ग्रंथों की संख्या सौ से अधिक है, लेकिन उनका मूल शायद अब मिल नहीं सकता। लेकिन स्वयंभू, देवसेन, पुष्पदंत, जोगींदु, रामसिंह, धनपाल,

हरिभद्रसूरि, कन-कामर, जिनदत्तसूरि, आदि बहुत से प्रतिभा शाली अपभ्रंश कवियों के महाकाव्यों और काव्य-साहित्य की रक्षा करके अपभ्रंश-साहित्य के अब भी अवशिष्ट विशाल कलेवरको हमारे सामने रखनेका काम जैन ग्रंथ-रक्षकोंने ही किया। यही नहीं कि उन्होंने अपभ्रंश के पद्य-साहित्य का काफी भंडार सुरक्षित रक्खा, बल्कि उनके गद्यके नमूने भी पुराने जैन भंडारोंमें मिले हैं, खोज करनेपर वह और भी अधिक मिल सकते है।

जनता की भाषा हमारे देश में जिस तरह बदलती गई उसी तरह उसकी शिक्षा और स्वाध्याय के लिये नई भाषाओंमें धार्मिक-साहित्य तैयार करनेकी आवश्यकता पड़ी। यद्यपि ब्राह्मण धर्म ने संस्कृतको ही सदा प्रधानता दी, तो भी पालि-प्राकृत और अपभ्रंश काल में ब्राह्मणधर्मी धार्मिक-साहित्य भी अवश्य कुछ बना होगा, लेकिन जान पड़ता है, उसके साथ वैसा ही बरताव किया गया, जैसे लड़के स्लेट पर लिखे लेखोंके साथ करते हैं। यही कारण है, जो कि तुलसी, सूर, कबीर, विद्यापतिके पीछे जानेपर हमें अन्धकार दिखाई पड़ता है। बौद्ध तेरहवीं सदी में ही यहां से बिदा हो गये, लेकिन उनके अपभ्रंश ग्रन्थों का जो अनुवाद तिब्बती भाषा में मिलता है। उससे मालूम होता है, कि जैनों की तरह उनके पास भी अपभ्रंश का काफी बड़ा भंडार रहा होगा। तो भी वह जैनोंके बराबर रहा होगा, इसमें सन्देह है, क्योंकि महायानने ब्राह्मणों की तरह संस्कृत को प्रधानता दे रक्खी थी, और चौरासी सिद्धोंकी परंपरा ही लोक-भाषा पर जोर देती थी। जैन भंडारों में

अपभ्रंश काल में भिन्न-भिन्न व्रत त्योहारों के लिये कथायें और माहात्म्य अपभ्रंश में लिखे गये अब भी मिलते हैं। इससे यही पता लगता है, कि लोक-शिक्षणके लिये कम से कम धार्मिक क्षेत्रमें जैन धर्माचार्यों का बराबर ध्यान रहा, कि अर्धमागधी और संस्कृत से अपरिचित जैन-गृहस्थ नर-नारियोंके लिये उनकी भाषा में ग्रंथ लिखे जायँ। जब अपभ्रंश भाषा परिवर्तित होकर आधुनिक भाषाओंके प्राचीन रूप में आकर मौजूद हुई, तो उन्होंने इस भाषा में भी लिखना शुरू किया। यदि खोज की जाय, तो अपभ्रंश काल के आरंभ (७ वीं-८ वीं सदी) के बाद हिन्दी भाषी-क्षेत्रकी साहित्यिक भाषा का विकास किस तरह हुआ, इसके उदाहरण आसानी से प्रति शताब्दी और लगातार मिल सकेंगे। यह दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक हमारी दृष्टि सम्प्रदायों से बाहर नहीं जाती, इसीलिये जैन कवियों और साहित्यकारों की देनें हिंदी के विद्वानों के लिये भी बन्द पोथी सी हैं।

मुनि ज्ञानसार उसी परंपरा के रत्न थे, जिन्होंने श्रमण महावीर और बुद्ध के समय से ही लोक-शिक्षा के लिये लोकभाषा को प्रधानता दी, और उसमें हर काल में सुन्दर रचनायें की। ज्ञानसार के बारे में बहुत कुछ आगे लिखा गया है, और स्वयं उनकी कृतियों से भी बहुत-सी बातें मालूम हो सकती हैं, इसलिये उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं। लेकिन यह ध्यान रखने की बात है कि वह उस समय हुए, जब कि अंग्रेज अपने पैरोंको भारत में मजबूत कर रहे थे। पलासी के निर्णायक-युद्ध में अंग्रेजोंने जब अपने शासनको दृढ़ किया, उस समय ज्ञानसार (या नारायण जैसा कि पहले उन्हें कहा जाता था) तेरह वर्ष के

हो चुके थे। उनके गुरुओंने जिस भारतको देखा था, ज्ञानसार के सामने वह दूसरे ही रूप में आया। म्लेच्छ मुसलमानों का शासन खतम हो रहा था और महाम्लेच्छ अंग्रेज अब उनकी जगह ले रहे थे। ज्ञानसार यद्यपि राजस्थान में पैदा हुये थे। १८ वीं सदी में यात्रा सुविधा की नहीं होती थी, किन्तु उनको साधुदीक्षा लेने के बाद यात्रा करने का काफी मौका मिला। वह हिन्दी भाषी क्षेत्र से बाहर गुजरात-काठियावाड़ अनेक बार गये, इसमें कोई आश्चर्य नहीं, क्योंकि दोनों पड़ोसी प्रदेशों राजस्थान और गुजरात की सीमा निर्धारित करना बहुत समय तक कठिन रहा। आज भी इसी अनिश्चयका परिणाम हुआ राजस्थान के आबूका जबरदस्ती कटकर गुजरात में मिला लिया जाना। मुनि ज्ञानसार पूर्व में बंगाल तक गये। उस समय यात्राओं के सुन्दर वर्णन की कोई कदर नहीं थी, जिसके कारण ही सैकड़ों अद्भुत साहसी यात्रियों और घुमक्कड़ोंको पैदा करने का सौभाग्य प्राप्त करने पर भी हमारा देश यात्रा-साहित्य से वंचित रह गया। उनके वर्णन से मालूम होगा, कि देश-विदेश के भिन्न-भिन्न रीति-रिवाजों और स्वरूपोंके देखनेके लिये उनके पास कितनी पैनी बुद्धि थी। पूर्व देश उन्हें पसन्द नहीं आया, यह तो उनके इस वचन से ही मालूम होता है—

पूरब मति जाज्यो, पच्छिम जाज्यो, दक्षिण-उत्तर हो भाई।"

पश्चिम, दक्षिण और उत्तर जानेमें उनको आपत्ति नहीं थी, फिर भी पूर्व के ऊपर ही इतना रोष क्यों? यदि पूर्व (बंगाल) में मछली-मांस खानेका बहुत रिवाज था, तो पश्चिम (पंजाब) में क्या भक्ष्याभक्ष्य की कमी थी? चाहे मुनि ज्ञानसार की

धारणा पूर्ववालों (बंगालियों) के प्रति सहानुभूतिपूर्ण न हो किन्तु उन्होंने वहांकी वेष-भूषा और कितने ही रीति-रिवाजोंका सुन्दर वर्णन किया है, जैसे :—

कडि[1] वेणी लटकें कपड़े फटकें, पाणी झटकें केसां सूं
क्या छोटी मोटी, क्या अधरोटी केस न बांधे लोगाई ॥ पूरब०॥८॥
सिर चरच सिन्दूरं, मांगन पूरं ताजू चूर सब अंगे।
कडि धौती बन्धैं, आधी खन्धैं कुच न ढंके सिर नँगे॥
कर में रँख-चूरी, खांचन पूरी, सोइ अधूरी बलि काई॥ पूरब०॥९॥
जनपद पल[2]-भच्छी, मारै मच्छी, क्या मौटा[3] अरु क्या छोटा।
क्या कोई धीवर, क्या फुनि धिजवर[4], खानै पीनै सब खोटा॥
क्या नइया दरजी, उनके मुरजी, क्या धोबी अरु क्या नाई॥ पू०
जौ ब्रह्म विचारै, वैन उचारै, अध्यातम रूपी दीसै।
जल कंठै जाइ, न्हाई धोई, जप करतां जलचर दीसैं॥
कर धर जपमाला, मच्छी बाला, पकड़ी थेलै पधराई॥ पू० ॥१४॥
वेदध्वनि करता, मारग चलता, इक हाथे मच्छी लावै।
विण न्हायो भींटं, टेढो मीटै, देखी पाछौ फिर जावै॥
गंगा जल नाही, फिरभींटाई, फिर आवै अरु फिर जाई॥पूरब०॥१५॥

ज्ञानसार-ग्रंथावलि (पृष्ठ ४३५-३७)

नाहटाजी ने जैनों के यहाँ पड़ी हुई हमारी साहित्यिक और ऐतिहासिक निधियोंको प्रकाशमें लाने का जो प्रयत्न किया है वह बड़ा ही स्तुत्य है, लेकिन उनका संग्रह और विशाल है, जिसको प्रकाश में लाना उतना आसान नहीं है, साथ ही ऐसे संग्रह का

---

१ कटि २ मांस ३ बड़ी जाति वाला ४ द्विजवर

अप्रकाशित रह जाना भी अच्छा नहीं है। मैंने उन्हें कहा था, कि टाइपराइटर और साइक्लोस्टाइल के सहारे हर एक महत्वपूर्ण सामग्री की सौ-सौ प्रतियां निकलवाकर यदि देश-विदेश के जिज्ञासु विद्वानों और विद्यापीठोंके पास भेज दें, तो बड़ा काम हो। हमारे विश्वविद्यालयों के अध्यापकों और संचालकों का भी कुछ कर्त्तव्य है। डाक्टरेट के लिये एक ही विषय को घुमा-फिराकर निबंधका विषय बनाया जा रहा है। विद्यार्थी और पथप्रदर्शक दोनों चाहते हैं कि "हल्दी लगे न फिटकिरी, रंग चोखा आवे।" अनुसंधान करनेके लिये वह कष्ट उठानेको तैयार नहीं। यदि प्रसिद्ध और अप्रसिद्ध जैन भण्डारोंकी सामग्री के अनुसंधान करने की प्रेरणा दी जाय, तो सुगमता से बहुत से अनर्घ रत्नोंका पता और मूल्यांकन हो जाय। यह स्मरण रखना चाहिये, कि पाटन और जैसलमेर के भण्डारों में प्राचीन दुर्लभ बहुमूल्य ग्रंथ तो हैं ही, किन्तु हमारी वर्त्तमान भाषाओंके सम्बन्धकी कितनी ही बहुमूल्य सामग्री आगरा, कालपी, लखनऊ जैसे नगरों के साधारण से समझे जानेवाले जैन-पुस्तकागारों में भी हैं। यदि उत्तर-प्रदेश के चार भाषा विभागों अवधी, बुन्देली, ब्रज और कौरवी के क्षेत्रोंके जैन पुस्तकागारों के सविवरण सूचिपत्र तथा उनपर विश्लेषणात्मक निबन्ध लिखने के लिये डाक्टरेट की इच्छा रखने वाले चार तरुणों को लगा दिया जाय, तो इससे बहुत लाभ होगा।

मसूरी ३१-८-५२ राहुल सांकृत्यायन

किञ्चित् वक्तव्य

श्रीमद्ज्ञानसारजी के साहित्यसे हमारा सम्बन्ध विद्यार्थीकाल से है। लगभग ३० वर्ष पूर्व हमारी धर्मनिष्टा पूजनीया मातुश्री ने श्रीमद् की आत्मनिन्दा संज्ञक रचना सुनने की इच्छा प्रकट की। अतः हमने उनको सुनाने की सुविधा के लिए प्रकाशित पुस्तक में से उसकी एक कापीमें नकल की थी। वह कापी आज भी हमारे पास विद्यमान है।

सं० १९८४ की वसन्तपंचमी को जैनाचार्य श्री जिनकृपाचन्द्रसूरिजी बीकानेर पधारे और हमारी कोटड़ी में उनका चातुर्मास हुआ उनके सम्पर्क से जनतत्वज्ञान और साहित्य की ओर हमारी अभिरुचि विकसित हुई। समय समय पर सूरिजी से श्रीमद् ज्ञानसारजी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती रहती थी। एक बार आपने अपने ज्ञानभंडार में श्रीमद् के मालापिंगल की प्रति के सम्बन्ध में पोथी संख्या और पत्राङ्कों की संख्या सूचित करने के साथ साथ अंतिम पत्र के कुछ कटे हुए होने का भी निर्देशकर अपनी ३० वर्ष पूर्व की स्मृति की झांकी दी। मालापिंगल नाम बड़ा आकर्षक था. हमने आपकी सूचनानुसार उक्त पोथी खोल कर प्रति देखी। सूरिजी ने उसके बाद श्रीमद् के गौड़ी पार्श्वनाथ स्तवन की वह कड़ी भी हमें सुनाई थी जिससे उनके ९८ वर्ष की उम्र तक विद्यमान रहने की सूचना मिली थी।

तदनंतर साहित्य शोध के लिए स्थानीय ज्ञानभंडारोंका निरीक्षण करते हुए श्रीमद् की अन्य कृतियां भी अवलोकन में

आयी। इससे हमारा आपकी रचनाओं के प्रति आकर्षण बढ़ा और प्राप्त समस्त कृतियों की प्रेसकापी की जाने लगी। श्रीजिन कृपाचन्द्रसूरिजी के पूर्वजों से श्रीमद् ज्ञानसारजी का आत्मीय सा सम्बन्ध था अतः उनके ज्ञानभंडार में हमें श्रीमद् की प्रायः समस्त रचनाओं की सुन्दर प्रतियें प्राप्त हुईं।

साहित्यान्वेषण के साथ-साथ हमारा लक्ष्य कूड़े कचरे में डाले जाने वाले प्राचीन साहित्य की अमूल्य निधि के संग्रह की ओर भी गया। बड़े उपाश्रय के बाड़े में फेंके हुए हस्त-लिखित प्रतियों के अस्त-व्यस्त पत्रों को टोकरी व बोरों में भर कर खरीद किये गये। उनकी छंटाई करने पर श्रीमद् के अनेक ग्रंथों की स्वलिखित पाँडुलिपियें-प्राथमिक खरड़े, श्रीमद् को दिये महाराजाओंके खासरुक्के, श्रीपूज्यों के आदेशपत्र व प्रशंसात्मक फुटकर विकीर्ण पत्रादि विपुल सामग्री की उपलब्धि हुई। इसी कचरे में से श्रीमद् के जीवनचरित्र के दोहे वाले दो लघु पत्र भी हमें प्राप्त हुए जिनमें से एक तो करीब २॥ इंच लम्बा और १॥ इंच चौड़ा ही था। बहुत खोज करने पर और बड़ी-बड़ी पुस्तकों में भी जिस वस्तु की प्राप्ति सम्भव न हो, कभी कभी वह ऐसे कूड़े कर्कट में डाले हुए छोटे से पुर्जे में मिल जाती है। साधारणतया ऐसे पत्रों को महत्व नहीं दिया जाता। पर न मालूम कितने ही हजारों लाखों पत्र जिनसे ऐतिहासिक सामग्री की अनमोल सूचनाएँ मिलती हैं, हमारी अज्ञानता व असावधानता के कारण नष्ट हो चुके हैं।

संयोग की बात, २२ वर्ष पूर्व जिन प्रतियों की प्रेसकापियां तैयार की गयी थीं वे इतने लंबे काल तक अप्रकाशित अवस्था

में ही पड़ी रहीं। इसी बीच श्रीमद् का साहित्य प्रकाशनार्थ कलकत्ता लाया गया पर तब तक काल परिपाक नहीं हुआ था। हम उसे गद्दी में छोड़कर बीकानेर चले गये और पीछे से मूषकों ने उसे अपना भक्ष्य बनाना प्रारंभ कर दिया। हमने वापस आ कर देखा तो उसके बहुत से पृष्ठ तो कातर कातर हो गये थे, कुछ रचनाएँ किनारे से भक्षित अवस्था में मिलीं। हमें अपनी असावधानी और गणेशवाहन की करतूत पर अत्यन्त खेद हुआ। इस घटना को भी लगभग १७ वर्ष बीत गये, प्रकाशनकी व्यवस्था न हो सकी। पर अपने 'ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह' में श्रीमद् के जीवन सम्बन्धी दोहे, श्रीमद् के हाथ से लिखे हुए एक स्तवन और आप के चित्र का ब्लाक बनवाकर प्रकाशित कर दिया था।

अपने साहित्यिक शोध के प्रारंभकालमें कविवर समयसुन्दर संबन्धी कतिपय बातों के उत्तर प्राप्त करने के शिलशिले में जैन साहित्य महारथी स्वर्गीय मोहनलाल दलीचन्द देसाई से हमारा सम्बन्ध स्थापित हुआ और वह क्रमशः दृढतर होता गया। हमारे द्वारा बीकानेर के ज्ञानभंडारों की विपुल साहित्य और हमारे संग्रह की अनेक महत्त्वपूर्ण कृतियों की सूचना पाकर श्रीयुत देसाई बीकानेर पधारने के लिए उत्कंठित हो उठे। लंबी वाटाघाट के पश्चात् लगभग १२ वर्ष पूर्व उनका बीकानेर पधारना हुआ तो उन्होंने अपने प्राप्त श्रीमद् ज्ञानसारजी के पदोंकी एक सुन्दर प्रति की सूचना दी तो हमने अपने नकल किये हुए पद संग्रहकी प्रेसकापी उन्हें दिखलायी। आप श्रीमद्के पदोंकी मार्मिकतासे पहले से ही प्रभावित थे और सम्भवतः प्राप्त प्रति की प्रेसकापी भी वे कर चुके थे अतः हमारी प्रेसकापी भी वे जाते समय साथ ले गये

और श्रीमद् के समस्त पदों का सम्पादन कर दिया। अध्यात्म ज्ञान प्रसारक मंडल की ओर से उसके प्रकाशन की बात भी चली। हमारे मित्र श्री० मणिलाल मोहनलाल पादराकर प्रेस में देने के लिए उनसे प्रेसकापी भी ले गये पर संयोगवश वह प्रकाशित न हो सकी। देसाई जी का सम्पादित श्रीमद् के पद संग्रह का संस्करण अवश्य ही महत्त्वपूर्ण होता पर खेद है कि उनके स्वर्गवास के अनंतर उनका संग्रह बहुत अस्तव्यस्त हो गया अतः बम्बई जाकर बचे हुए संग्रह का अवलोकन करने पर भी वह प्रेसकापी न प्राप्त हो सकी, संभवतः रद्दी कागजों में वह नष्ट हो गई होगी। जिस संग्रह के लिए स्वर्गीय देसाई ने अपना जीवन लगा दिया था और रात को १२ और दो-दो बजे तक कठिन परिश्रम कर सैकड़ों नोट्स एवं प्रेसकापियें तैयार की थी उनकी ऐसी दुरवस्था देखकर हृदय को बड़ा ही परिताप होता है। योग्य उत्तराधिकारी के अभाव में साहित्यिक विद्वानों के किए हुए परिश्रम योंही बेकार हो जाते हैं।

लगभग ५-६ वर्ष, पूर्व पूज्य श्रीभद्रमुनिजी महाराजने अध्यात्मिक साधना की ओर उत्तरोत्तर बढते हुए श्रीमद् की रचनाओं को अवलोकनार्थ हम से मंगवाया और उनका स्वाध्यायकर उन्हें प्रकाशन की विशेष रूप से सूचना करते हुए आर्थिक सहायता का प्रबंध भी कर दिया। तदनुसार तीन वर्ष पूर्व यह ग्रंथ प्रेस में दे दिया पर प्रेस की असुविधादि के कारण यह ग्रंथ इतने लम्बे अरसे से प्रकाशित हो रहा है। पूज्य भद्रमुनिजी ने इसमें रही हुई अशुद्धियां और प्रकाशन विलंब के लिए हमें मीठे उपालंभ भी दिये पर हम निरुपाय थे। पहले ग्रंथ छोटे रूप में

ही प्रकाशन का विचार था अतः प्रथम द्रव्य सहाय की स्वीकृति देने वाले सज्जन ने ८००) से अधिक देने की अनिच्छा जाहिर की तब पूज्यश्री ने गण्टूर निवासी सा० मेरामचन्द नेमचन्द को सूचित कर पूरे ग्रंथ की सहायता के लिए भी तैयार कर दिया। इधर हमारा भी लोभ बढ़ता रहा और ग्रंथ काफी बड़ा होता गया। फिर भी श्रीमद् की रचनाओं का यह एक ही भाग है और इसमें मुख्यतः अध्यात्मिक रचनाओं ही संग्रह किया गया है। श्रीमद् की जैन तत्त्वज्ञान और छंदादि इतर विषयक अन्य रचनाओं का लगभग इतना ही संग्रह अभी हमारे पास और पड़ा है। उन अप्रकाशित रचनाओं में श्रीमद् की साहित्यिक प्रतिभा की झांकी अधिक रूप से सन्निहित है।

हमारा विचार जीवनचरित्र के साथ श्रीमद् को दिये हुए खास (राजाओंके स्वयं लिखित) रूक्कोंकी पूरी नकलें देनेका भी था पर जीवनी बहुत लम्बी हो जाने से उस विचार को स्थगित रखना पड़ा। श्रीमद्की अध्यात्मिक रचनाओं में योगिराज आनंदघनजी की चौवीसी पर बालावबोध, बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। उसे प्रकाशित करना भी नितान्त आवश्यक है पर स्वतंत्र पुस्तक जितना बड़ा होने के कारण इस संग्रहमें सम्मिलित नहीं किया जा सका। हर्षका विषय है कि उसका विशेष रूप से उपयोग करतेहुए हमारे मित्र जयपुर के जौहरी श्री डमरावचन्द-जी जरगड़ ने आनंदघनजी की चौवीसी पर आधुनिक ढंग का विवेचन लिखा है, जो शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

हमें खेद है कि ग्रंथ में बहुतसी अशुद्धियां रह गयीं, पूज्य श्रीभद्रमुनिजी (आजकल-सहजानन्दजी)महाराजने उनका शुद्धिपत्र

भेजनेकी कृपा की जिसके लिए हम पूज्यश्रीके अत्यन्त आभारी हैं। इस ग्रंथके प्रकाशनका सारा श्रेय भी इन्हीं पूज्यश्री को है। अतः यह उन्हीं के चरणों में समर्पित है। आप अभी बहुत ही उत्कृष्ट साधना में लीन हैं, गुरूदेव उन्हें पूर्ण सफलता दें यही हमारी मनोकामना है। हमारी इच्छा थी कि पूज्यश्री इस ग्रंथ में दो चार शब्द लिखते पर आपने किसी भी प्रकार से प्रसिद्धि में आना स्वीकार नहीं किया। हमने आपकी इच्छा के विपरीत अपनी हार्दिक भक्ति वश आपश्री का फोटो देने की धृष्टता की है अतः हम इसके लिए क्षमाप्रार्थी हैं।

विश्वविश्रुत महापंडित श्री राहुल सांकृत्यायन ने अपनी अनेक साहित्य प्रवृत्तियों में व्यस्त रहने पर भी प्रस्तुत ग्रंथ की प्रस्तावना प्रेमपूर्वक लिख भेजनेकी कृपा की इसके लिए हम आपके अनुग्रहित हैं। स्वर्गीय आचार्य श्रीहरिसागरसूरिजी महाराजने अपने संग्रहस्थ गुटके से श्रीमद् के फुटकर पदों की दो-दो वार नकल करा के भेजी एतदर्थ उनका आभार स्मरणीय है।

कलकत्ता
वैशाख कृष्ण ७
सं० २०१०

अगरचन्द नाहटा
भंवरलाल नाहटा।

अनुक्रमणिका

१ योगिराज श्रीमद् ज्ञानसार जी (जीवन चरित्र) १ से १०५

श्रीमद् ज्ञानसारजी गुणवर्णन काव्यादि पृ० १०६ से ११२

१ चौवीसी

	कृतिनाम	आदिपद	पृष्ठ संख्या
१	श्री ऋषभ जिन स्तवन	ऋषभ जिणंदा	१
२	श्री अजित जिन स्तवन	अजित जिनेसर काया केसर	१
३	श्री संभव जिन स्तवन	संभव संभव संभव कहि कहि	२
४	श्री अभिनन्दन ,,	अभिनन्दन अवधारो मेरी	२
५	श्री सुमति जिन ,,	सुमति जिनेसर चरण शरण गहि	३
६	श्री पद्मप्रभु ,, ,,	पद्मप्रभु जिन तुं मुंहि स्वामी	३
७	श्री सुपार्श्व ,, ,,	श्री सुपास जिन ताहरौ	४
८	श्री चन्द्रप्रभु ,, ,,	मनुआ समझायौ नहिं समझै	४
९	श्री सुविधि ,, ,,	सुविधि जिनेसर ताहरौ	५
१०	श्री शीतलनाथ ,, ,,	ऊजला राम राम मना जी	५
११	श्री श्रेयांस ,, ,,	श्री श्रेयांस जिन साहिबा	५
१२	श्री वासुपूज्य ,, ,,	वासपूज्य जिनराज नौ	६
१३	श्री विमल ,, ,,	माई मेरे विमल जिनसेर सामी	६
१४	श्री अनन्त ,, ,,	तुं ही अनन्त अनन्त हूं	७
१५	श्री धर्मनाथ ,, ,,	धर्म जिनेसर तुझ मुझ धर्म माँ	७

	कृतिनाम	आदिपद	पृष्ठ संख्या
१६	श्री शांति ,, ,,	जब सब जन्म गयौ तब चेत्यो	८
१७	श्री कुंथुनाथ जिन स्तवन	कुंथु जिनेसर साहिबा	८
१८	श्री अरनाथ ,,	अर जिन असुध श्रद्धान विधान	८
१९	श्री मल्लिनाथ ,,	मल्लि मनोहर तुझ ठकुराई	९
२०	श्री मुनिसुव्रत ,,	मुनिसुव्रत जिन वंदौ	९
२१	श्री नमिनाथ ,,	नमि जिन हम कलि के संसारी	१०
२२	श्री नेमि जिन ,,	ऐसे वसंत लखायो नेमि जिन०	१०
२३	श्री पार्श्वनाथ ,,	पास जिन तूँ है जग उपगारी	११
२४	श्री वीर जिन ,,	वीतराग किम कहि त्रधमान	११
२५	कलश (गौड़ीचा) ,,	गौड़ेचाजी तें मुहि सुधि बुधि दीधी	११

२ विहरमान वीशी

१	श्री सीमंधर जिन स्तवन	किम मिलियै किम परचियै	१३
२	श्री युगमंधर ,,	जुगमंधर जिनराज जी रे	१४
३	श्री बाहुजिन ,,	बाहु जिनेसर सेवा तारी	१४
४	श्री सुबाहु ,, ,,	श्री सुबाहु जिणंद नौ	१५
५	श्री सुजात ,,	मैं जाप्यो निश्चैय करी हो जिनजी	१६
६	श्री स्वयंप्रभ ,,	श्री स्वयंप्रभु ताहरौ	१६
७	श्री ऋषभानन ,,	तुझ परणमनै परणम्यै	१७
८	श्री अनन्तवीर्य्य ,,	इग मींट्या हुँ तुम कनै	१८
९	श्री विशाल जिन ,,	श्रीविशाल जिनराय नौ	१८
१०	श्री सूरप्रभ ,, ,,	जौ हूँ गायौ गाऊँ ताहरौ	१९
११	श्री बज्रधर ,,	श्री बज्रधर सुँ सैंमुख मिलवा	२०
१२	श्री चन्द्रानन ,,	चन्द्रानन जिन पूर्व उपाई	२१

	कृतिनाम	आदिपद	पृष्ठ संख्या
१३	श्री चन्द्रबाहु जिन स्तवन	मैं जाण्यौ महाराज कै	२१
१४	श्री भुयंगम ,,	सैंमुख तुम थी न किम ही	२३
१५	श्री नेमजिन ,,	नेम प्रभु हिव केण विधै	२३
१६	श्री ईश्वरजिन ,,	आपणपैं तेहवै विना रे	२५
१७	श्री वीरसेन ,,	मैं मांडी अति गति घणी	२६
१८	श्री देवयशा ,,	आज लगे फल प्रापति	२७
१९	श्री महाभद्र ,,	मैं तो ए जाण्यो नहीं हो जिनजी	२८
२०	श्री अजितवीर्य ,,	साहिबियौ २ ससनेही किहां निरागियौ	२९
२१	कलश प्रशस्ति	इम वीसूं जिनवर जिनराया	३०

३ बहुत्तरी पद संग्रह

	आदिपद	पृष्ठ संख्या
१	कहा मरोसा तनका, अवधू	३१
२	एही अजब तमासा, अवधू०	३१
३	और खेल भव खेल बावरे	३२
४	पर परणमन विभावै, आतम०	३३
५	जब जड़ धरम विचारा	३४
६	चेतन धरम विचारा, अवधू०	३५
७	जब हम रूप प्रकाशा, अवधू०	३६
८	मनुआ वस नही आवै, अवधू०	३६
९	भोर भयो अब जाग बावरे	३७
१०	जाग रे सब रैंन विहानी	३८
११	मेरा कपट महल विच डेरा	३९
१२	जिन चरणन को चेरो, हूं तो जि०	४०

आदिपद	पृष्ठ संख्या
१३ कंत कह्यौ हू न माने, माई मेरो	४२
१४ अनुभव, हम कब के संसारी	४२
१५ अनुभव, हम तो राउ के खोरै	४३
१६ ज्ञान कला गति घेरी, मेरी,	४३
१७ ज्ञान पीयूष पिपासी हम तो०	४४
१८ परघर घर कर माच रह्यो री	४५
१९ साधो क्या करिये अरदासा	४५
२० अनुभव ज्ञान नयन जब मूँदी	४६
२१ अवधू घरनी बिन घर कैसो	४६
२२ अवधू हम बिन जग अंधियारा	४७
२३ माई मेरो आतम अति अभिमानी	४७
२४ अनुभव आतम राम अयाने	४८
२५ आतम अनुभव अंब को, अनुभव अपनी चाल चलीजे	४९
२६ अनुभव ढोलन कब घर आवै	४९
२७ प्रीतम पतियां क्यौं न पठाई	५०
२८ प्रीतम पतियां कौन पठावै	५०
२९ नाथ विचारो आप मतासी	५१
३० नाथ तुमारी तुम ही जानौ	५१
३१ माई मेरो कंत अत्यंत कुवाणी	५२
३२ अनुभव यामें तुमरी हांसी	५२
३३ कहा कहियै हो आप सयान तें	५३
३४ प्रभु दीनदयाल दया करियै	५३
३५ अवधू ए जग का आकारा	५४

	आदिपद	पृष्ठ संख्या
३६	अवधो हम बिन जग कछु नाहीं	५५
३७	अवधू आतम तत गति बूझै	५६
३८	अवधू या जग के जगवासी	५६
३९	अवधू आतम भरम भुलाना	५७
४०	अवधू सुमति सुहागिनी जागी	५७
४१	अवधू आतम रूप प्रकाशा	५७
४२	अवधू आतम धरम सुभावै	५८
४३	अवधू जिनमत जग उपगारी	५८
४४	अवधू कैसी कुटुम्ब सगाई	५९
४५	मेरा आतम अति ही अयाना	६०
४६	साधो भाई ऐसा जोग कमाया	६१
४७	साधो भाई आतम भाव परेखा	६१
४८	साधो भाई आतम खेल अखेला	६१
४९	साधो भाई जग करता कहि माया	६२
५०	साधो भाई जब हम भये निराशी	६३
५१	संतो घर में होत लड़ाई	६४
५२	साधो भाई निहचै खेल अखेला	६४
५३	क्यूँ आज अचानक आए मोर	६६
५४	क्यूँ जात चतुर वर चित बटोर	६६
५५	कित जइयै क्या कहियै बयान	६७
५६	मनमोहन मेरे क्यों न आये हो	६८
५७	छकी छबि बदन निहार निहार	६९
५८	सासरै री आज रंग बधाई म्हारे	६९

	आदिपद		पृष्ठ संख्या
५९	पिया बिन खरीय दुहेली हो		७०
६०	पिया मोसूं काहे न बोलै		७०
६१	प्यारे नाह घर बिन, यों ही जीवन जाय	....	७१
६२	घर के घर बिन मेरो		७१
६३	रहे तुम आज क्यूं जी		७२
६४	रैन बिहानी रे रसिया		७२
६५	वारो नणदल वीर		७३
६६	लालना ललचावै		७३
६७	मेली हूं इकेली हेली		७३
६८	मरणा तौ आया		७४
६९	अरी मैं कैसे मनावेंरी		७४
७०	पर घर खेलत मेरो पिया	...	७५
७१	यूंही जनम गमायो, भेषधर०		७५
७२	अब हम तुम इक ज्योति जुरे		७६
७३	तेरो दाव बण्यो है, गाफल क्यों मतिमान	...	७६
७४	मंदमतिये दूषम कालनै जैनिये		७७

४ जिनमत धारक व्यवस्था गीत बालावबोध ८०

५ आध्यात्मिक पद संग्रह

१	भोर भयो, भोर भयो,		९५
२	भोर भयो अब जाग प्राणी	...	९५
३	उठ रे आतमवा मोरा	...	९६
४	हो रही तातै दूध बिलाई		९६

	आदिपद		पृष्ठ संख्या
५	सास गयां पछी क्यूं ही आथ		९७
६	विषम अति प्रीत निभाना हो		९७
७	खोट सयाने कहा कही समझावै		९८
८	कौन किसी को मीत		९९
९	सांम नाम न लयो		९९
१०	चेतन मैं हूं रावरी रानीं		१००
११	आन जगाई हो विवेके	...	१००
१२	कुशल सुमति अति वैरनि नावै		१०१
१३	पिया विन एक निमेष रहूँ नी		१०२
१४	अनुभव नाथ कुं आप जगावै	...	१०२
१५	अलहियौ कैसी बात कहूं		१०२
१६	चेतन विन दरियाव दी मछरी		१०३
१७	कैड़ मरड़ता स्यानै हींडौ छो	...	१०३
१८	औगुन किन के न कहियै रे भाई		१०३
१९	दरवाजा छोटा रे	...	१०४
२०	आलीजानै थांरी चाह घणी छै	...	१०४
२१	है सुपनो संसार		१०५
२२	धूँधरी दुनिया ओ धूंधरी०		१०५
२३	मनड़ानी अमे के नें कहिये बातो		१०५
२४	घर आवो ढोलन पर संग निवार		१०६
२५	आम थयूं छे काम रे भाई		१०७
२६	भये क्यौं, आप सयान अयान	...	१७०
२७	झूठी या जगत की माया		१०७

	आदिपद		पृष्ठ संख्या
२८	आये हो मये मोर		१०८
२९	सोई ढंग सीख लै	...	१०८
३०	चेतन खेलै नौ कक्करी री		१०९
३१	आये मोहन मेरे, आज रंग रली	...	१०९
३२	रसियौ मारू सौतन रे जाय		११०
३३	कीकरां में रैन विहानी		११०
३४	अचरिज होरी आई रे लोको		११०
३५	आज रंग भीनी होरी आई	...	१११
३६	होरी रे आज रंग भरी रे	...	१११
३७	माई मति खेले तूं	...	११२

६ स्तवनादि भक्ति पद संग्रह

१	शत्रुंजय तीर्थ स्तवन	गायज्यो गायज्यो रेहो	११३
२	,, ,,	आज्यो आयजो रे हो	११४
३	ऋषभ जिन स्तवन	नाभिजी के नंद से लगा मेरा नेहरा	११४
४	,, ,,	मूरति माधुरी, ऋषभ जिणंद की	११५
५	नेमिनाथ होरी गीतम्	नेमि कुमर खेलें होरी बे	११६
६	,, राजमती ,,	पिय बिन मैं बेहाल खरी री	११७
७	,, ,, ,,	तोरण वाँदी प्रभु रथड़ो रे वाल्यो	११७
८	,, ,, ,,	वो दिल लगा नाल तिहारे	११८
९	,, ,, ,,	वालिम मोरा ने समझावो	११८
१०	,, ,, ,,	मेंडा नेम न आये,	११९
११	,, ,, ,,	जांवतरौ पियु वारौ,	११९

	कृतिनाम	आदिपद	पृष्ठ संख्या
१२	नेमि-राजिमती गीतम्	मोहि पियू प्यारे प्यारा मो०	१२०
१३	श्रीसमेतशिखर स्तवन	समेतशिखर सोहामणो	१२०
१४	,, ,,	सेत्रुंज साध अनंता सीधा	१२२
१५	श्रीपार्श्वनाथ स्तवन	पास प्रभु अरदास सुणीजे	१२३
१६	,, ,,	परम पुरुष सुं प्रीतड़ी	१२३
१७	श्री गौड़ी ,,	करी मोहि सहाय, गौड़ो राय	१२४
१८	श्रीपार्श्वनाथ ,,	हमारी अंखियां अति उलसानी	१२५
१९	,, ,,	मेरी अरज है अश्वसेन लालसूँ	१६२
२०	सहसफणा ,,	अविकारी वलि अविन्यासी	१२६
२१	श्रीपार्श्व जिन स्तवन	दिल भाया मैंडे सांई	१२७
२२	श्रीगौड़ी पार्श्व स्तवन	गौड़ीराय कहो बड़ो वेरभई	१२८
२३	,, गुणदोहा	गोड़ी गौड़ी जे करै	१२८
२५	सामान्य जिन स्तवन	सम विसमी अण जाणतां रे	१२९
२६	,, ,,	वो सांइ मो वीनति कैसे करूँ	१३०
२७	,, ,,	तुम हो दीनबन्धु दयाल	१३०
२८	,, ,,	मुख निरख्यो श्री जिन तेरो	१३१
२९	सीमंधर जिन स्तवन	सोमंधर को सरस सलूणी	१३२
३०	श्रीवीर स्तवन	हे जिनराय सहाय करोयू	१३२
३१	,, गहूंली	राजगृही उद्यान में सखि	१३२

७ दादा गुरु स्तवन

१	सुखकारी, जिनदत्त सुगुरु बलिहारी	१३३
२	गुनहे माफ करो, सुगुरु मेरे०	१३३

कृतिनाम	आदिपद	पृष्ठ संख्या
८ श्री सिद्धाचल आदि जिन स्तवनम्		
	आतमरूप अजाण न जाणूं निजपणुँ	१३४
९ भाव षट्त्रिंशिका	क्रिया अशुद्धता कछु नहीं	१४०
१० जिनमताश्रित आत्मप्रबोध छतीसी		
	श्रीपरमातम परम पद	१५५
११ चारित्र छत्तीसी	ज्ञानधरो किरिया करो	१६५
१२ मति प्रबोध छत्तीसी	तप पत तप तप क्यों करौ	१७२
१३ हीयाली बालावबोध	जेणें तनय एक ही जायौ	१७७
१४ श्रीतत्त्वार्थगीत बाला०	जैन कहो क्युं होवै	१८०
१५ संबोध अष्टोत्तरी	अरिहंत सिद्ध अनंत	१९३
१६ प्रस्ताविक अष्टोत्तरी	आतमता परमात्मता	२०५
१७ आत्मनिन्दा		२१८
१८ श्री आनन्दघन पद बालावबोध		
१ नाथ निहारो आप मतासी		२२४
२ आतम अनुभव रस कथा		२२५
३ विवेकी वीरा सह्यौ न परै		२२७
४ राशि शशि तारा कला		२३०
५ पिया तुम निठुर भये क्युं ऐसे		२३४
६ पिया बिन सुध-बुध भूली हो		२३६
७ अनुभौ प्रीतम कैसे मनासी		२४०

आदिपद	पृष्ठ संख्या
८ अब मेरे पति गति देव निरंजन	२४२
९ साधु संगति बिन कैसे पइयै	२४५
१० सलौने साहिब आवेंगे मेरे	२४७
११ पूछियै आली खबर [redacted]	२५०
१२ छबीले लालन मरम कहै	२५३
१३ कंत चतुर दिल ज्यानी मेरो	२५८
१४ छोरा नै क्युं मारै छै रे	२६०
१६ गूढ (निहाल) बावनी चांच आंख पर फाउंखग	२६३
२० पंच समवाय विचार	२७१
२१ श्री जिनकुशलसूरि लघु अष्टप्रकारी पूजा	२७६
२२ आध्यात्म गीता बालावबोध	२८१
२३ विविध प्रश्नोत्तर (१)	३५७
२४ विविध प्रश्नोत्तर (२)	४०८
२५ श्री नवपदजी की पूजा	४२३
२६ श्री नवपद स्तवन	४३३
२७ पूरब देश वर्णनम्	४३५
२८ परिशिष्ट १ अवतरण संग्रह	४६६
२९ शुद्धाशुद्धि पत्रक	४८०

अभय जैन ग्रन्थमाला के प्रकाशन


१—अभयरत्नसार	अलभ्य
२— पूजा संग्रह	,,
३—सती मृगावती	,,
४—विधवा कर्त्तव्य	,,
५—स्नात्र पूजादि सँग्रह	,,
६—जिनराज भक्ति आदर्श	,,
७—संघपति सोमजी साह	,,
८—युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरि	,,
९—ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह	२॥)
१०—दादा श्रीजिनकुशलसूरि	॥)
११—मणिधारी श्रीजिनचन्द्रसूरि	।)
१२—युगप्रधान श्रीजिनदत्तसूरि	१)
१३—ज्ञानसार ग्रन्थावली	३॥)
१४— बीकानेर जैन लेख संग्रह	छप रहा है

प्राप्ति स्थान—


नाहटा ब्रदर्स

४, जगमोहन मल्लिक लेन

कलकत्ता—७



श्रीमद् ज्ञानसारजी, वाचक जयकीर्त्ति एवं सांवलजीके साथ



श्रीमद् ज्ञानसारजी, अमीचन्दजी सेठिया,



श्रीमद् ज्ञानसारजी

योगिराज श्रीमद् ज्ञानसारजी

सन्त पुरुष मानव समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। विश्व के प्राणियों को उनकी अनुपम देन प्राप्त होती रहती है। उनका साधनामय जीवन मानव-समाज के जीवन-निर्माण व उत्थान के लिए आदर्श दीपस्तंभरूप होता है। उनके दर्शन मात्र से भव्य जीवों के हृदय में अपार श्रद्धा उत्पन्न होती है। उनकी प्रशान्त मुद्रा से व्यथित हृदय में भी शान्ति का अनुभव होता है। मानव ही नहीं उनकी करुणा व कृपा का श्रोत तो पशु-पक्षी आदि अबोध प्राणियों पर भी एकसा प्रवाहित होता है, तभी तो योगी के लिये भगवान् पतञ्जलि ने अपने योगशास्त्र में कहा है कि "अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः"। उनके विश्वप्रेम की अनुपम भावना से प्रभावित होकर सिंह और बकरी भी अपने जातिगत वैरभाव को त्याग कर एक घाट पानी पीते हैं। दुष्ट से दुष्ट प्राणी भी उनके प्रभाव से शिष्ट बन जाते हैं। सन्तों का पवित्र जीवन स्वयं कल्याणमय होने के साथ साथ दूसरों के लिए भी कल्याणकारी होता है। उनकी वाणी में जादू का सा असर होता है, जिसके श्रवण और स्वाध्याय से जिज्ञासुओं के हृदय में अपूर्व आनन्द का उद्भव होता है। और

वस्तुस्वरूप का भान होकर अकरणीय कार्यों को त्याग एवं आत्मोत्कर्ष-पथगामी होने की अनुपम प्रेरणा मिलती है। संतों के सत्संग का बड़ा भारी माहात्म्य है। महाकवि तुलसीदासजी के शब्दों में:—

"एक घड़ी आधी घड़ी, आधी में पुनि आध।
तुलसी सङ्गत साधु की, कटै कोटि अपराध॥"

सन्तों का क्षणमात्र का समागम एक भव का नहीं, अनेकों भवों के पापों का नाश कर देता है।

चिर अभ्यास के कारण मन सर्वदा बाह्य पदार्थों एवं इन्द्रियों के विषयों को ही प्रिय एवं सुखदाता समझकर उन्हीं में फंसा रह आध्यात्मिक साधना के पथ पर अग्रसर नहीं होता। शमरस के आनन्द का अनुभव न होने के कारण ही स्थायीसुख न मिलने पर भी मन पर पौद्गलिक विषयों की ओर धावित रहता है।

वहिर्दृष्टि विद्वानों के मतानुसार भलेही क्षणिक सुखमय शृङ्गार रस सर्वश्रेष्ट हो, परन्तु वस्तुतः शान्तरस का अनुपम आनन्द अनिर्वचनीय है। शृंगाररस उसकी कोटि में नगण्यसा ही है। जिसने शम की अनुभूति प्राप्त की है, वही उस अनिर्वचनीय आनंद को समझ सकता है।

सन्त पुरुषों ने अपनी साधना द्वारा जो अध्यात्मशांति रूप अमृत खोज निकाला, वह सचमुच अनुपम था। अध्यात्म प्रेमी विरल व्यक्तियों ने ही उनके प्रसाद से उस अमृतरस का यत्किञ्चित् आस्वादन प्राप्त किया है।

सन्तों की वाणी, अनुभव प्रधान होने से, बहुत ही उद्बोधक और हृदयस्पर्शी होती है। वह मोहनिद्रा में भान भूले व्यक्तियों में

नवचेतना लाती है । ज्यों ज्यों उस वाणी का अवगाहन किया जाता है वह जिज्ञासु को आनंद विभोर कर देती है अध्येता परमानंद रसमें सराबोर हो जाता है । सन्त का भौतिक देह तो प्रकृति धर्मानुसार समय आने पर विलीन हो जाता है, पर उनका अक्षर देह युग-युगान्तरों तक जीवन सन्देश देता रहता है, जिससे आध्यात्मिक जीवन-स्तर ऊंचा उठता रहता है । सन्त और सन्तवाणी के सदृश मानव के लिए उत्तम कल्याणपथ अन्य नहीं है । अतः इसे हृदयंगम करते हुए जब कभी व जहाँ कहीं भी सन्त का संयोग मिले उससे लाभ उठाना चाहिये एवं सन्तवाणी का तो नित्य व निरंतर स्वाध्याय कर आत्मिक आनन्द को प्राप्त करना चाहिये ।

वैसे तो विश्व के प्रत्येक देश व प्रान्तमें सन्तों का प्रादुर्भाव होता है, फिर भी भारतवर्ष आध्यात्मप्रधान देश होने से यहाँ सन्तों का आविर्भाव प्रचुर मात्रा में हुआ है । इसके एक छोर से दूसरे छोर तक आज भी सन्त महात्मा उपलब्ध होते हैं । ऐसी अवस्था में भारत संतों की लीलाभूमि है—कह दें तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी । ये सन्त किसी देश जाति या सम्प्रदाय विशेष की सम्पत्ति नहीं किन्तु वे सार्वजनिक निधिरूप हैं ।

भारत में प्राचीनकाल से सन्तों की कई अखण्ड परम्पराएं चली आती हैं । उनमें साधना प्रणाली प्रत्येक की पृथक पृथक दृग्गोचर होती हैं पर साध्य सबका एक ही प्रतीत होता है । प्रारम्भमें विचारभेद और क्रियाभेद अवश्य दृष्टिगोचर होता है, पर आगे चलकर वह नष्ट हो जाता है और मुख्य ध्येयका एकीकरण हो जाता है । इसलिये तो कहा गया है कि:—"एको सद्विप्रा बहुधा वदन्ति" ।

भारतीय सन्त परम्परा का इतिहास बहुत विस्तृत है। इनमें प्रधानतया दो परम्पराएं हैं एक वैदिक परंपरा और दूसरी श्रमण परंपरा। वैदिक परंपरा में अन्य सम्पूर्ण सन्त परंपराओं का समावेश हो जाता है और श्रमण परंपरा में जैन एवं बौद्ध परंपराओं का। इन परंपराओं में समय समय पर अनेकों नष्ट हो गई और कई नवीन परंपराओं का प्रादुर्भाव भी होता रहा है।

अपभ्रंश काल में सन्त साहित्य की प्रधानतया दो धाराएं नजर आती हैं, (१) सिद्धों और नाथपंथियों की, एवं (२) जैनों की। फिर भक्तिकाल में भक्तिवाद ने जोर पकड़ा, और तीसरी भक्तिमार्गी सन्त परम्परा कायम हुई। यह भक्तिधारा अल्प समय में ही अत्यधिक विस्तृत हो गई। भक्ति अध्यात्म की सहचारिणी है, साथही भक्ति का आध्यात्म पर प्रभाव भी लक्षित होता है। ये दोनों अध्यात्म और भक्ति धाराएँ अत्यधिक निकटवर्ती होने से इनका सामञ्जस्य—एकीकरण हो ही जाता है।

हिन्दी साहित्य के उन्नयन और भाषा के विकास का बहुत बड़ा श्रेय इन सन्तों को ही प्राप्त है। सन्तों की वाणी राष्ट्र के इस छोर से उस छोर तक प्रचारित होने के कारण ही हिन्दी प्रान्तीयता से ऊपर उठकर साहित्य की परिमार्जित भाषा बनती हुई राष्ट्र भाषा पद पर आसीन हो सकी है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि हिन्दी साहित्य के विकास में जैन सन्तों का भी महत्त्वपूर्ण भाग रहा है। दोहापाहुड, परमात्मप्रकाशादि ग्रन्थों से हिन्दी साहित्य में जैन संत साहित्य की परंपरा प्रारंभ होती है। १७ वीं शताब्दि से अब तक की हिन्दी जैन

साहित्य का लेखा लगाया जाय तो वह एक स्वतन्त्र ग्रन्थ का रूप धारण कर लेगा।

कबीर आदि संतों के पदों का तथा तत्कालीन वातावरण का प्रभाव जैन सन्तों पर अत्यधिक लक्षित होता है। जिन जैनों कवियों की मातृभाषा गुजराती व राजस्थानी थी, तथा जिन्होंने अपनी अनेकों रचनाएं अपनी मातृभाषा में कीं उन सन्तों ने भी पद साहित्य के लिए हिन्दी भाषा को ही चुना और उसी में रचनाएं की, फलतः जैन कवियों के हजारों की संख्या में भक्ति एवं आध्यात्मिक पद हिन्दी भाषा में उपलब्ध हैं। ये पद बहुत ही उद्बोधक और हृत्तलस्पर्शी है कलापक्ष एवं भावपक्ष उभय दृष्टि से बहुमूल्य हैं। कई कवियों के पद संग्रह तो प्रकाशित भी हो चुके हैं। बनारसीदास, रूपचन्द, द्यानत, भूधर आदि दि० एवं श्वे० समय सुन्दर, जिनराजसूरि, आनंदघन, यशोविजय, विनयविजय, धर्मवर्द्धन, ज्ञानसार, ज्ञानानन्द चिदानन्द आदि पचासों जैन कवियोंके गेय पद हिन्दी भाषामें प्राप्त हैं। पर खेद है कि हिन्दी साहित्य के इतिहास एवं गीतिकाव्य सम्बंधी बड़े बड़े लेखों व ग्रन्थों में इन जैन संतों का कहीं भी नाम निर्देश तक प्राप्त नहीं होता। अतः विद्वत्समाज से अनुरोध है कि वह इन सन्त कवियों के साहित्य का अध्ययन कर हिन्दी साहित्य के इतिहास व गीतिकाव्य सम्बन्धी ग्रन्थों में उचित स्थान अवश्य दें। अन्यथा इतिहास सर्वाङ्गीण न हो सकेगा।

हिन्दी सन्त साहित्य का विहंगावलोकन करने पर ज्ञात होता है कि सुन्दरदासादि थोड़े से सन्तों को छोड़कर अधिकांश सन्त साधारण पढ़े लिखे ही थे, फलतः उनके साहित्य में, साधनामय जीवन के

कारण भावों की अभिव्यक्ति तो सुन्दर ढंग से हुई है, पर काव्य कला की दृष्टि से वह उच्चकोटि का नहीं मालूम देता। इधर जैन सन्त, साधनाशील होने के साथ साथ उच्चकोटि के विद्वान भी थे, अतः कविता की दृष्टि से भी उनकी रचनायें निम्नस्तर की नहीं हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में ऐसे ही एक अध्यात्ममस्त योगी जैनकवि के रचनाओं के संग्रह का प्रथम भाग प्रकाशित किया जा रहा है जो उच्चकोटि के योगी व सन्त होने के साथ काव्यमर्मज्ञ विद्वान भी थे, आगे के पृष्ठ उन्हीं की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत करेंगे।

जन्म राजस्थानवर्ती प्राचीन जांगल देश की राजधानी जांगलू[1] बीकानेर राज्य का एक अतिप्राचीन स्थान है। यहां से पांच मील की दूरी पर स्थित जेगलेवास में उन दिनों जैनों की अच्छी वस्ती थी। अब तो लोग वहांसे उठकर देशनोक आदि स्थानोंमें जाकर बस गये हैं। ओसवाल जाति के साँड गोत्रीय श्रेष्ठी उदयचन्द जी वहां

---

१ जांगलू में एक जैन मन्दिर तथा संत जांमाजी का प्राचीन स्थान है। संवत् ११८१ का एक अभिलेख कूएं पर तथा शिवालय के सामने है। बीकानेर के श्री वासुपूज्य जिनालय तथा चिंतामणि जी के मन्दिर में विराजमान प्रतिमाद्वय के परिकरोत्कीर्णित अभिलेखों से मालूम होता है कि वहां भगवान महावीर का विधिचैत्य था और उस जिनालय में सं० ११७६ मार्गशीर्ष शुक्ला ६ के दिन ताढक श्रावक के सुपुत्र तिल्हक ने शान्तिनाथ बिम्ब की स्थापना की थी। दूसरा लेख इसी मिती का अजंयपुर से सम्बन्धित है। यह अजयपुर भी जांगलू का ही उपनगर था। जांगलू स्थित शिवालय के सामने वाले लेख में भी अजयपुर नाम पाया जाता है।

निवास करते थे, जिनकी धर्मपत्नी का नाम जीवणदेवी था। सं० १८०१ में आपको पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई, जिनका नाम नाराण, नराण या नारायण रखा गया जो आगे चलकर नराणजी बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुए[२]। ज्ञानसार इन्हीका दीक्षा नाम था।

शिक्षा संवत् १८१२ में मारवाड़ में भयंकर दुष्काल पड़ा था। जिसका वर्णन "बांडो काल बारोतरो" के नाम से प्राचीन साहित्य में मिलता है। ग्राम्यजीवन सुकाल में ही सुखमय होता है, दुष्काल में नहीं; अतः माता-पिता की विद्यमानता या अविद्यमानता[३] में आप ग्रामका परित्याग करके साधन-सुलभ बीकानेर नगर में आये और सर्वप्रथम बड़े उपाश्रय में विराजमान श्रीजिनलाभसूरिजी[४] महाराजकी चरण-सेवा में उपस्थित हुए। सूरिजी महाराज ने आपकी भव्याकृति तथा विचक्षण बुद्धि देखकर श्रावक-बालक होने के नाते विद्याध्ययन के लिए विशेष प्रेरणा की और व्यवस्था का सारा भार स्वीकार कर अपने तत्त्वावधान में रख लिया।

---

२ देखिये हमारे 'ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह' में प्रकाशित "ज्ञानसार अवदात दोहे"।

३ प्रमाणाभाव से निश्चित नहीं कहा जा सकता।

४ बीकानेर राज्य के बापेउ गांव में बोथरा पञ्चायनदास की धर्मपत्नी पद्मादेवी की कुक्षी से सं० १७८४ श्रा० सु० ५ के दिन आपका जन्म हुआ। जन्म नाम लालचन्द्र था। सं० १७९६ ज्येष्ठ सुदि ६ जैसलमेर में श्रीजिनभक्तिसूरिजीसे दीक्षित हो लक्ष्मीलाभ नाम पाया। सं० १८०४ ज्येष्ठ शुक्ला ५ के दिन श्रीजिनभक्तिसूरिजी ने मांडवीबंदरमें आपको आचार्य पद पर स्थापित किया। आपने बहुतसे जिनबिंबोंकी प्रतिष्ठायें कीं तथा अनेक देशोंमें विहार किया था। सं० १८१९ ज्येष्ठ वदि ५ को ७५ यतियों सहित श्रीगौड़ीपार्श्वनाथ यात्रा, सं०

दीक्षा श्रीजिनलाभसूरिजी के पास आपका विद्याध्ययन निर्विघ्न होने लगा। सं १८१५ में सूरिजी ने बीकानेर से विहार कर दिया, नराणजी भी साथ ही थे। गारबदेसर में चातुर्मास बिताकर मि० व० ३ को बिहार कर समस्त थली-प्रान्त में विचरते हुए आचार्य-श्री जैसलमेर पधारे। जैसलमेर उन दिनों समृद्धिशाली और जैनों की बहुत बड़ी वस्तीवाला क्षेत्र था। सूरिजीने वहां सं० १८१६-१७-१८-१९ के चार चातुर्मास करके धर्मध्यान का खूब लाभ लिया, श्रीलौद्रवाजी तीर्थ की यात्रा भी कई बार की थी। वहां से विहार कर श्रीगोड़ी पार्श्व-नाथजीकी यात्रा करते हुए सं १८२० का चातुर्मास गुढेमें किया। फिर महेवा प्रदेश को वंदाते हुए श्री नाकोड़ाजी तीर्थ का वन्दन किया। सं० १८२१ का चातुर्मास जलोल हुआ। वहाँ से क्रमशः विहार करते हुए

१८२१ फाल्गुन शुक्ला १ को ८५ यतियोंके साथ आबू तीर्थयात्रा, सं० १८२५ वैसाख शुक्ला १५ को ८८ यतियोंके परिवार सह श्रीकेशरियाजीकी यात्रा, सं० १८३० माघकृष्णा ५ को ७५ यति सह शत्रुंजय यात्रा, वहां से जूनागढ़ आकर १०५ यतियों के साथ गिरनार यात्रा, सं० १८३३ चै० व० २ को श्रीगौड़ीजी की एवं श्री संखेश्वरजी आदि अनेक तीर्थों की यात्रा की थी। सं० १८२७ वैसाख शुक्ला १२ को सूरत में १८१ जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा की तथा सं० १८२८ में फिर वहीं ८२ बिम्ब प्रतिष्ठित किये। पर-पक्षियों पर विजय प्राप्तकर अनेक देशोंमें विहार करते हुए सं० १८३४ आश्विन कृष्णा १२ को आप गुढ़ा में स्वर्ग सिधारे। आप अच्छे कवि भी थे, आपकी दो चौवीसियां प्रकाशित हैं एवं अनेक स्तवन, स्तुतियां उपलब्ध हैं। आपने संवत् १८३३ में आत्मप्रबोध नामक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना की थी। परम्परानुसार यह उ० क्षमाकल्याणजी की रचना है, ग्रन्थकी प्रशस्ति में उनका नाम संशोधक के रूप में आता है। प्रस्तुत ग्रन्थ २।३ स्थानों से प्रकाशित हो चुका है।

सूरि महाराज पादरु ग्राम में पधारे। स्मरण रहे कि श्रीजिनलाभ-सूरिजी महाराज पैदल विहारी थे और समयानुसार संयम में प्रवृत्त रहते हुए विचरते थे। हमारे चरितनायक को भी इनके साथ रहते ६ वर्ष जैसा दीर्घकाल व्यतीत हो चुका था, इसी बीच व्याकरण, काव्य कोष, छंद, अलंकार, आगम, प्रकरणादि का अभ्यास भी उच्चकोटि का कर चुके थे और दीक्षा के योग्य २१ वर्ष की परिपक्व अवस्था प्राप्त थे अतः सूरि महाराजसे निवेदन कर शुभ मुहूर्त्तमें सं० १८२१ के मिती माघ शुक्ला ८ के दिन सिद्धियोग में पादरु गांवमें आपने दीक्षा स्वीकार की। दीक्षा के अनंतर सूरिजी ने आपका गुणनिष्पन्न नाम "ज्ञानसार" रखा और प्रथम अपना शिष्य बनाया पश्चात् अपने शिष्य श्री रत्नराज गणि[1] (रायचंदजी) के शिष्यरूप में इनको प्रसिद्धि की।

आचार्य श्री के साथ विहार दीक्षा के पूर्व ६ वर्षों तक आपको आचार्यश्री की निश्रा में रहने का सुयोग मिला था इसी बीच आपने अनेक तीर्थों की यात्रा भी की थी जिनमें सं० १८१६ ज्येष्ठ वदि ५ को श्रीगौड़ी पार्श्वयात्रा उल्लेखनीय है। दीक्षा के अनंतर मिती फाल्गुन शुक्ला १ को आपने सूरिजी के साथ श्री आबू महातीर्थकी यात्रा की। तदनन्तर खेजड़ले, खारिया रहकर रोहीठ, मंडोवर, जोधपुर, तिमरी होकर सं० १८२३ में मेड़ते में चातुर्मास बिताया। चातुर्मास के अनन्तर सूरि महाराज जयपुर पधारे। श्री संघ के हर्ष का पारावार न रहा। धर्म ध्यान का खूब ठाट रहा। जयपुर मानो स्वर्गपुरी ही थी। वहाँ

---

१ आपकी दीक्षा सं० १८१० मिती आषाढ़ वदि १० को बीकानेर में श्री जिनलाभसूरिजी के समीप हुई थी।

घड़ियों की तरह दिन बीते । संघ का अत्याग्रह होने पर भी यशस्वी पूज्यश्री वहाँ न रुककर मेवाड़ पधारे और उदयपुरसे १८ कोश पर स्थित धुलेवा ग्राममें श्रीऋषभदेव—केसरियानाथजी[1] की यात्रा सं० १८२५ बैसाखी पूर्णिमा को ८८ यतियों के परिवार सह हुई। फिर सं १८२५ का चातुर्मास उदयपुर में पाली वालों के पट्ट पर (उपाश्रय में) किया। बीकानेर के संघ को आशा थी कि अब नागौर होते हुए पूज्यश्री अवश्य बीकानेर पधारकर हमारी आशा पूर्ण करेंगे पर सूरि महाराज सीधे साचौर[2] पधारे और सत्यपुर मण्डण श्रीमहावीर स्वामी के दर्शन किये।

सूरत में जिन बिम्ब प्रतिष्ठा सूरत[3] बन्दरमें नव्य जिनालय तथा नव्य जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा कराने के लिये सूरत का संघ लालायित था। जब सूरिमहाराज साचौर थे, सूरत के संघकी विज्ञप्ति आई और सूरि महाराजने अपने शिष्य परिवार के साथ वहां के लिए विहार कर दिया। सं० १८२६ मि० ज्येष्ठ वदी ८ शनिवार को जब आप सूरत में विराजमान थे, पादराके माना, हीनाभाई, कहानजी भाई, जीवणदास, झवेरचंद आदि श्रावकोंने आपको जो पत्र दिया था उससे मालूम होता है कि उस

---

१ यह तीर्थ श्वेताम्बर और दिगम्बर उभय सम्प्रदाय मान्य है। यहां का विशेष वृत्तान्त जानने के लिये चंदनमलजी नागौरी लिखित "केशरिया तीर्थ का इतिहास देखना चाहिये"।

२ यह जोधपुर राज्य का प्राचीन स्थान है। जिनप्रभसूरि के सत्यपुरीय महावीर कल्पादि में इस तीर्थ के सम्बन्धी ज्ञातव्य मिलता है। तिलकमंजरी के रचयिता महाकवि धनपाल यहाँ आकर रहे थे व सत्यपुरीय महावीर उत्साह की रचना की जिसमें इस तीर्थ का महिमा वर्णित है। देखें जैनसाहित्य संशोधक वर्ष ३।

३ सूरत के जैन इतिहास सम्बन्धी तीन ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं विशेष जानने के लिए उन्हें देखना चाहिये।

समय सूरिजी पं० हीरधर्म, पं० महिमाधर्म, पं० रत्नराज, पं० विवेक कल्याण पं० उदयसार और पं० ज्ञानसार आदि २७ ठाणा से थे। सं० १८२७ वै० सु० १२ को सूरत में १८१ बिम्बों की तथा सं० १८२८ में फिर ८२ जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा सूरिजी के कर कमलों से हुई। इस समय ज्ञानसारजी का विद्याध्ययन सुचारु रूप से चल रहा था। आपके अक्षर मोती की तरह सुन्दर थे, आपके रचित श्री पार्श्वनाथ स्तवन सूरतमें ही लिखा हुआ है—जिसका चित्र इसी ग्रन्थ में दिया जा रहा है। प्रस्तुत स्तवन भी इस ग्रन्थ के पृ० १२६ मे मुद्रित है। इससे मालूम होता है कि आपने लघु कृतियों का निर्माण तो यौवनावस्था में ही प्रारंभ कर दिया था[1] पर बड़ी बड़ी कृतियां आपने अपनी परिपक्व

---

१ सं० १८२६ के आसपास श्रीजिनलाभसूरिजी के गुण वर्णनात्मक रचे हुए ३ छप्पय छन्द उपलब्ध हैं। जिन्हें यहां दिया जाता है :—

(१) सत मत साहस वंत, साहसीकां सिर टीकौ।
सिर सूरां सिर सेहरो, सील पालण सब नीकौ।
सुमति गुपति सहु धार, सूर गुण सिगला राजै
सेवक कुं सुख दयण, सैल भ्रम मारग साझै।
सोभे सदीव सोभागधर, सौध सकल सुगुण सुथिर।
संसार पारुतारण सदा, सद्गुरु श्री जिनलाभ वर ॥१॥

इति श्रीजिनलाभसूरिराजानां सकार द्वादशाक्षरी गर्भिता स्तुति विहिता विपश्चित् ज्ञानसारेण।

(२) मैन राज रुपैं इसो, तेज कला तसु चन्द
जैन राज दीपै जिसो, श्रीजिनलाभ सूरिन्द ॥१॥

बाबाजी श्री ज्ञानसारजी कृत छै॥ सही २॥

(३) सवैया तेतीसा :—

भल हलती भानु किधुं,शारद कौ चंद किधुं, मुखहूको गाज मानुं अवाज घनराज कौ।
भुजन प्रचण्ड किधुं सुमेर गिरि दण्ड चंड,साहस जिनचंद किधुं सत्व मृगराज कौ॥
छाती कौ कपाट किधुं कपाट जंबुद्वीप जू कौ, राजहंस चाल किधुं गमन गच्छराज कौ।
सगुननि कौ आगर यू सागर रत्नागर सौ,सूर कौ प्रताप किधुं प्रताप गच्छराजकौ॥ १॥

॥ कृतिरियं पं। प्र। ज्ञानसारगणेः ॥

अवस्था में ही बनाई थी। प्रारम्भ से ही आपकी वृत्ति अन्तर्मुखी थी, अतः आपने आध्यात्मिक ग्रन्थों के अध्ययन की ओर विशेष ध्यान दिया। आनंदघन चौवीसी बालावबोध से मालूम होता है कि आपने सं० १८२६ से ही श्रीमद् आनन्दघनजी के अर्थ गाम्भीर्यवाली आध्यात्मिक व तात्त्विक भावपूर्ण चौवीसी-स्तवनों की अर्थविचारणा प्रारम्भ कर दी थी।

आचार्य श्रीजिनलाभसूरिजीने सं० १८२६ में राजनगर चातुर्मास किया वहां तालेवरने बहुतसे उत्सव किये तथा दो वर्षतक बड़ी भक्ति थी। वहां से श्रावक संघ सहित शत्रुञ्जय और गिरनार महातीर्थों की यात्रा कर सं १८३० में वेलाउल पधारे। कच्छ देश के श्रावकों के अत्याग्रह से सं० १८३१ में मांडवी चातुर्मास किया। बन्दरगाहों से समुद्री व्यापार करने वाले लक्षाधीश तथा कोट्याधीश श्रावकों ने १ वर्ष पर्यन्त खूब द्रव्य व्यय करके धर्म ध्यान का ठाठ किया। सं० १८३२ में इसी प्रकार भुज में चातुर्मास हुआ। सं० १८३३ में आप मनरा बन्दर होते हुए क्रमशः गुढा पधारे और वहीं सं १८३४ के चतुर्मास में मिती आश्विन कृष्ण १० को सूरि महाराज स्वर्ग सिधारे। इन वर्षों में प्रायः हमारे चरित्रनायक सूरिजी की छत्रछाया में विचरे थे। इनके गुरुमहाराज श्रीरत्नराज गणि का स्वर्गवास तो इससे पूर्व ही हो गया मालूम देता है पर इस वर्ष दादा गुरु श्रीजिनलाभसूरिजी का भी विरह हो गया। श्रीजिनलाभसूरिजी के विहारका वर्णन हमारे सम्पादित "ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह" में प्रकाशित दोहे आदि के आधार से किया गया है।

वाचक राजधर्म जी के साथ–

सं० १८३५ में श्री जिनलाभसूरिजी के सात शिष्य अलग अलग हुए, तब से आप अपने गुरुश्री के गुरुभ्राता वाचक श्रीराजधर्मजी के साथ रहने लगे। संवत् १८४० को सौभाग्यधर्म गणि की पृष्ठ टिप्पनिका[1] से मालूम होता है कि आप वै० व ४ सं० १८४० में वाचकजीके साथ गूढा नगर में थे। सं० १८४१ चै० व० १ के पत्र से मालूम होता है कि आप पाली में वा० हीरधर्म तथा वा० राजधर्म जी के साथ थे। इसके बाद वाचक राजधर्म जी नागौर चले आये तथा ज्ञानसार जी किसनगढ़ गये। वहां सं० १८४२ से १८४४ के तीन चातुर्मास बिताकर फिर नागौर में वाचकजी से मिले। दोनों के वस्त्र पुस्तकादि परिग्रह की ४ गांठें नागौर में छोड़ कर आप जयपुर आगये। सं० १८४५ मिती वैसाख कृष्ण १ को लखनऊ से श्रीजिनचंद्रसूरि जी के दिये आदेशपत्र से मालूम होता है कि उस समय आप जयपुर थे और इसी आदेशपत्रानुसार तथा फारखती पत्र से ज्ञात होता है कि सं० १८४५-४६—४७ के तीन चातुर्मास वाचकजी के साथ ही जयपुर हुए। सं० १८४८ का चातुर्मास श्रीज्ञानसारजी ने जयपुर ही किया और वाचक राजधर्मजी पुहकरण जाकर स्वर्गवासी हो गये।

---

१ ज्ञानसारजी के समय यति लोग रुपये पैसे आदि परिग्रह रखने लग गये थे अतः अपने आयुष्य का अन्त निकटवर्ती जानने पर वे अपनी विद्यमानता में गच्छ के समस्त यतियों को इच्छानुसार ॥) या १) वितीर्ण करते तब यतियों के संघाड़ों की नामावलि लिखी जाती उस लेखको हर्ष टिप्पनिका और स्वर्गवास के अनन्तर शिष्यों द्वारा गुरु की स्मृति में ॥), १) वितीर्ण किया जाता उस समय के टिप्पनक को पृष्ठ टिप्पनिका कहा जाता है।

सं० १८४८ में जब आप जयपुर में थे, तत्कालीन आचार्य श्री जिनचन्द्रसूरिजी ने आपको वहां से विहार करके महाजनटोली जाने का आदेश दिया, आदेशपत्र की नकल इस प्रकार है :—

सही

॥ श्री ॥

॥ स्वस्ति श्री पार्श्वेशं प्रणम्य ॥ श्रीलखणेऊ नगराद्भट्टारक। श्रीजिनचन्द्रसूरिवराः सपरिकराः श्री जयपुर नगरे पं। प्र०। ज्ञानसार मुनि योग्यं समनुम्य समादिशंति श्रेयोत्र तत्रत्यं च देयं। तथा तुमने आदेश श्रीमहाजनटोली नो छै तत्र पुंहचेज्यो। घणी शोभा लेज्यो, शिष्यां ने हितशिक्षा में प्रवर्त्ताज्यो जिम श्री संघ राजी रहै तिम प्रवर्तज्यो, प्रस्तावै पत्र देज्यो मिती फागुण सुदि १२ सं० १८४८ रा।

मुख पृष्ठ पर :—

१ म। श्रीजिनचन्द्रसूरिभिः।

२ पं। प्र। ज्ञानसार मुनियोग्यम्।

इस पत्र से तत्कालीन श्रीपूज्यों के पत्रलेखन शैली आदि का सुन्दर परिचय मिलता है।

पूर्व देश विहार और तीर्थ-यात्रा

गच्छनायक श्रीपूज्यजी के आदेशानुसार आपने वहां से विहार कर दिया और सं० १८४९ का चातुर्मास महाजनटोलीमें किया सं० १८४९ मिति माघ शुक्ला १२ के दिन आपने श्री सम्मेतशिखर महातीर्थ की यात्राकर अपना जीवन सफल किया। सं० १८५०-५१ के चातुर्मास सम्भवतः मुर्शिदाबाद-अजीमगंजादि में ही किये थे।

इसी बीच सम्भव है कि बंगाल में जहां जहां जैन लोग निवास करते थे आपने विचरण किया होगा। पूरब देशके नाना अनुभवों, वहां की समाज व्यवस्था, रहन सहन आदि का वर्णन बड़ाही सजीव और अपूर्व आपने "पूरब देश वर्णन छंद" में किया है जिसे पाठकों की जानकारी के लिए इस ग्रन्थ के अन्त में दिया गया है। सं० १८५१ मिती माघ शुक्ला ५ को आपने द्वितीय वार श्री समेतशिखरजी[1] की यात्रा की। इसके बाद श्रीपूज्यजी के आदेशानुसार विचरते हुए दिल्ली आए सं० १८५२ का चातुर्मास यहीं किया। इन चार वर्षों में आपने मार्गस्थित संयुक्त प्रान्त, विहार, बंगालके सभी तीर्थों की यात्रा भी अवश्य की होगी। उसका विशेष वर्णन प्राप्त होता तो जैनतीर्थों के इतिहास सम्बन्धी अनेक महत्त्वपूर्ण बातों का पता चलता। पत्रादिमें संक्षिप्त वर्णन अवश्य ही लिखा होगा। पर खेद है कि वे अब प्राप्त नहीं है।

पट्टहस्ती का रोगनिवारण :–

सं० १८५३ में आप जयपुर पधारे और सं० १८६२ पर्य्यन्त १० वर्षके चातुर्मास जयपुर में किये। कहा जाता है कि जब आप जयपुर पधारे थे, महाराजा का पट्टहस्ति बीमारी के कारण दिनों दिन सूख रहा था। रोग प्रतिकारके अनेक उपाय किये गये पर कोई फल न मिला। अन्ततोगत्त्वा श्रीज्ञानसारजी से निवेदन करने पर इन्होंने अपने असाधारण बुद्धि बल से गजराज के रोग का निदान किया और उसके उदर में उगी हुई वल्लि को निकाल कर उसे पूर्ण स्वस्थ कर दिया।

---

१ विहार प्रान्त में पार्श्वनाथ पहाड़ के नाम से प्रसिद्ध है। यहां जैनों के २० तीर्थङ्कर मोक्ष पधारे थे अतः महत्त्वपूर्ण तीर्थ है।

जयपुर में १० चातुर्मास :--

जयपुर में तो आपने पहले भी कई चातुर्मास किये थे और वहा के सङ्घ तथा राज्य की ओर से भी खरतर गच्छ के उपाश्रयस्थ यतियों को काफी सम्मान प्राप्त था। श्रीपूज्यजी का आदेश महाराजा प्रताप सिंह[1] का आग्रह और सङ्घ की भक्तिवश ही आपका जयपुर में चिरकाल रहना हुआ। श्रीमद् ज्ञानसारजी का प्रायः राजसभा में जाना होता था। राजकीय विद्वानों से विद्वद्गोष्ठी कर अपनी विद्वत्ता से इन्होंने महाराजा को प्रभावित कर दिया था। खास खास प्रसङ्गों पर इनकी उपस्थिति और आशीर्वाद परमावश्यक समझे जाते थे। इन आशीर्वादात्मक कवित्तों में से सम्वत् १८५३ माघ बदि ८ को रचित समुद्रबद्ध प्रतापसिंह[1] गुणवर्णन पर स्वोपज्ञ वचनिका एवं कामोद्दीपन ग्रंथ में दो सवैये उपलब्ध हैं।

---

१ महाराजा प्रतापसिंह

सं० १७८४ में जयपुर बसाने वाले सवाई जयसिंह के ईश्वरीसिंह और उनके उत्तराधिकारी माधवसिंह हुए इनकी राजगद्दी सम्वत् १८०७ व मृत्यु सम्वत १८२४ में हुई। इनके बाद बड़े पुत्र पृथ्वीसिंह ५ वर्ष की आयु में सिंहासनारूढ़ हुए जिनका सं० १८३३ में देहान्त हो जाने से प्रतापसिंह राजा हुए। इनका जन्म सम्वत् १८२१ पो० कृ० १२ और राजगद्दी सं० १८३३ वै० व० ३ को हुई। ये बड़े वीर व योग्य शासक होने के साथ साथ सुकवि भी थे। आपको भर्तृहरि शतकत्रय का पद्यानुवाद बहुत ही सुन्दर व प्रसिद्ध है तथा अन्य २० ग्रन्थ भी उपलब्ध है। इन सब को पुरोहित हरिनारायणजी ने नागरी प्रचारिणी सभा से ब्रजनिधि ग्रन्थावली में प्रकाशित करवाया है। इन ग्रन्थों की रचना सम्वत् १८४८ से सम्वत् १८५३ तक हुई थी।

जयपुर के १० चातुर्मासों में क्या क्या विशिष्ट कार्य हुए, यह

महाराजा स्वयं कवि होने के साथ साथ अनेक विद्वानों के आश्रयदाता भी थे। आप की आज्ञा से पारसी आइने अकबरी व दिवानी हाफिज का हिन्दी में अनुवाद हुआ। इन्होंने प्रताप मार्त्तण्ड आदि ज्योतिष के ग्रन्थ बनवाए तथा धर्मशास्त्रों का संग्रह व अनुवाद कराया जिनमें धर्म जहाज प्रसिद्ध है।

महाराजा की आज्ञा से विश्वेश्वर महाशब्दे के प्रतापार्क नामक धर्म-शास्त्र का उपयोगी ग्रन्थ बनाया। प्रतापसागर नामक वैद्यक ग्रन्थ भी अनुभवी विद्वानों से प्रस्तुत करवाया जिसका हिन्दी अनुवाद अमृतसागर भारत विख्यात वैद्यक ग्रन्थ है। संगीत के तो मानो आचार्य ही थे, आपके उत्साह से राधागोविन्द संगीतसार नामक विशद ग्रन्थ सात अध्यायों में बना जो हिन्दी साहित्य में अपने विषय का अजोड़ ग्रन्थ है। यह मुद्रित (अशुद्ध) रूप में जयपुर लाइब्रेरी में प्राप्त है। आपके समय में ही राधाकृष्ण ने राग रत्नाकर बहुत सुन्दर छोटासा संगीत का रीति ग्रन्थ बनाया जो प्रकाशित हो चुका है। आपके संगीत के उस्ताद बुधप्रकाश जी (चांद खाँ उपनाम दूलह खाँ) ने संगीत का एक उत्तम ग्रन्थ "स्वरसागर" बनाया। अमृतराम पल्लीवाल ने अमृतप्रकाश, बखतेश का टंकशाली पद संग्रह उत्तम है। महाकवि राव शंभुराम, महाकवि गणपतिभारती, गुसांइ रसपुंज, रसराशि के पद भी उक्त संग्रह में है। नवरस अलंकार सुधानिधि आदि भारतीजी के निर्मित हैं। हजारा काव्यों का संग्रह भी मुख्यतया इन्होंने किया था।

महाराजा ने कई हजारे संग्रह करवाये जिनमें प्रताप वीर हजारा और प्रताप सिंगार हजारा मिलते हैं। आपके आश्रित कितने ही चारणादि कवियों का साहित्य भी प्राप्त है। आपको इमारतें बनाने का भी काफी शौक था। सुप्रसिद्ध हवामहल आदि इसके प्रतीक और संसार प्रसिद्ध है। सम्वत् १८६० मिती श्रावण सुदि १३ को आपकी मृत्यु हुई। विशेष जानने के लिये ब्रजनिधि ग्रन्थावली देखना चाहिये।

तो प्रमाणाभाव से बता सकना कठिन है। परंतु समुद्रबद्ध वचनिका और कामोद्दीपन ग्रंथ जो क्रमशः १८५३ माघ शुक्ला ८ और सम्वत् १८५६ चैत्र शुक्ला ३ को रचित हैं—से इनका जयपुर नरेश पर अच्छा प्रभाव विदित होता है।

गुरुभ्राताओं से बँटवारा :—

श्रीजिनलाभसूरिजी के स्वर्गवास के बाद वर्षों तक आप वाचक राजधर्म जी के साथ रहे थे * यह उपर लिखा जा चुका है। फारकती पत्र से मालुम होता है कि वाचकजी का देहान्त हो जानेपर उनके शिष्य अमरदत्तजी ने आपसे उस परिग्रह के सम्बंध में खींचातान की थी आखिर सं० १८५६ के मिती जेष्ट शुक्ला ४ को लूणिया उत्तमचंदजी की मध्यस्थता से निबटारा हो गया। इसका एक फारकती पत्र हमारे संग्रह में है जिसमें कई यति व श्रावकों की साक्षियाँ भी लिखी हुई है। पाठकों के परिज्ञानार्थ इस फारकती की नकल यहां दी जाती है :—

श्री

॥सम्वत् १८३५ सै। श्रीजिनलाभसूरिजी का शिष्य सात न्यारा हूआ। जद। वा० राजधर्मगणिजी और ज्ञानसार। ए दोनूं भेला रह्या। परिग्रह पईसो सहित भेला रह्या। पछै पाली चौमास पिण भेला। पाली सुं वा। राजधर्मगणिजी नागौर रह्या। पं० ज्ञानसार किसनगढ़ न्यारौ रह्यौ। पछै फेर नागोर वा० राजधर्मजी कनै पं० ज्ञानसार आयौ। नागौरमें दोनां ही रै परिग्रहरी गांठड्यां नग ४ मेली ही राखी। राख नै जयपुर चौमास दोनूं भेला तीन वरष रह्या।

* और उनके परिग्रह पुस्तकादि भी साथ ही थे।

पछै ज्ञानसार चौथौ चौमास पिण जैपुरहीज रह्यौ। अर वाचकजी पौहकरण जाय नै देवंगत हुआ। अनै ज्ञानसार जैपुर सूं पूरब च्यार चोमासा करने फेर जैपुर आयौ जद अमरदत्तजी जैपुर में। जैपुर रे आदेशरी उपत दिसा। और गांठड्यां नागोर राखी छी तिण दिसा। रूपीया रोक दिसा। जगड़ौ कीनौ। जद जैपुरमें। लूणिया साह श्री उत्तमचन्दजीयै। दोनां ही नै समझाय नै झगड़ौ निवेड़यौ। सो आज पछै। पं। ज्ञानसार सूं अथवा चेलांसुं। पं। अमरदत्तजी। व अथवा अमरदत्तजी रा चेला। दावै वेदावै। और आजसुं पाछला लैणा दैणा का कागद सरब रद छै। पं। अमरदत्तजी वा चेला कोई तरांकौ। पं। ज्ञानसार वा चेला सुं झगड़े तौ। राजमें। पंचायती। जलीमें..... एक को दावौ नहीं। उपर लिख्यौ सो.....(सही ?)

इसके पश्चात् वाणिका लिपिमें लिखा है वही व अन्य स्वतन्त्र फारकती पत्रमें इस प्रकार लिखा है :—

॥ पं। प्र श्री नारणजी चेला हरसुख खूबचन्द सुं अमरदत्त चेला ज्ञानचन्द की वंदणा वाचज्यौ। अपरंच थे में सामल था अपणी चीज वस्त सर्व सामल थी पछै थांके मांकै झगड़ो हुवौ जदी राजी वाजी हुय नै फारकती लिख दीनी आज पेलां कोई कागद पत्र निकलै सो रद्द छै। आज पछै कोई दावों न छै, फारकती रजाबंदी सूं लिख दीनी छै मिती जेष्ठ सुद ४ वार शुक्र सं० १८५६ का लिखतुं पं। अमरदत्त ज्ञानचन्द उपर लिख्यौ सो सही छै।

साख १ सवाईविजै जी नी धण्यां दोनुं रजु

साख १ पं० जीवणविजय जी नी धण्यां दोनुं रजु

साख १ पं० माणिकचन्द की दोन्यां धण्यां कै कह्यौ लिखी

साख १ वणारस अमृतसुन्दर गणि री धण्यां दोना.....

साख १ महता रतनचन्द लोइया धणी···हाजर लिखी

साख १ ज्ञानचन्द डागा धणी दोनु हाजर

साख १ हरचन्द चोरड़िया धणी द···

साख १ उत्तमचन्द (लूणीया)

यह पत्र तत्कालीन दस्तावेज लेखन पद्धति का सुन्दर नमूना है।

जयपुर में साहित्य प्रगति :—

व्याख्यान, स्वाध्याय, धर्म-चर्चा आदि के अतिरिक्त आपका समय आगमग्रन्थ एवं श्रीमद् आनन्दघनजी के ग्रन्थों का परिशीलन करने में हीं व्यतीत होता था। इस समय आपके[1] साथ शिष्य हरसुख (हितविजय सं० १८३५ फा० व० ११ जिनचन्दसूरि दीक्षित) और क्षमानन्दन' (खूबचन्द) थे जिनका नाम उपर्युक्त फारकती पत्रमें आता है। इस अरसे में संवतोल्लेखसह बने हुए ग्रन्थों में जो उपलब्ध हैं सभी तात्त्विक और शास्त्रीय विचारमय हैं। सं० १८५८ ज्येष्ठ सुदि ३ को संबोध अष्टोत्तरी, सं० १८५८ दीवालीके दिन ४७ बोल गर्भित चतुर्विंशतिजिन स्तवन, सम्वत् १८६१ पौषशुक्ला ७ सोमवार को दण्डकस्तवन, माघमें जीवविचार स्तवन, माघबदि १३ चन्द्रवार को नवतत्त्व स्तवन, की रचना हुई। सं० १८६२ की २ रचनायें उपलब्ध हुई हैं, जिनमें मार्गशर्ष कृष्ण १४ को हेमदण्डक स्तवन तथा चैत्रशुक्ल ८ को रचित ६२ यन्त्ररचना स्तवन हैं।

---

१ श्रीपूज्यजी के दफ्तर की दीक्षानन्दी सूची के अनुसार इनकी दीक्षा सं० १८४५ मि० व० ७ गु० बीकानेर में हुई थी।

जयपुर निवासी गोलछा सुखलाल को बाल्यकाल से ही जैनधर्म के प्रति रूचि नहीं थी। पर आपश्री के समागम व सत्संगति से उन्होंने शुद्धवृति से जैनदर्शन की श्रद्धा स्वीकार की और पठन पाठन स्वाध्यायमें विशेष रूप से प्रवृत्त हुए। भाव छतीसी की रचना इनके लिये किसनगढ़ में की गयी थी।

एक वार आप जयपुरनगर से बाहर बगीचेमें आकर रहने लगे थे। उपाश्रय की अपेक्षा नगर से बाहर शान्ति और एकान्त विशेष मिलता है अतः स्वाध्याय ध्यान में विशेष प्रवृति होती है। एकदिन जयपुर निवासी सरावगी ऋषभदास काला आपके पास आये। धार्मिक वार्तालाप से आनन्दित होकर कहने लगे कि आप यदि सिद्धांत वाचन करें तो मैं भी दो घड़ी लाभ लूं! श्रीमद्ने कहा कि मैं श्रीउत्तराध्ययन सूत्र का व्याख्यान करता हूं। सरावगीज़ीने कहा—समयसारजी सिद्धान्त वांचिये! यों तो श्रीमद् के समयसारादि सभी सिद्धान्तोंका अवगाहन किया हुआ था। पर यहां सरावगीजीका आशय समयसार के अतिरिक्त ग्रन्थोंको सिद्धान्त न मानने का होना समझकर स्पष्टवादिता से श्रीमद् ने फरमाया कि समयसार[1] तो ज्ञानप्रधान व निश्चय नय की

---

१ समयसार मूल ग्रन्थ दिगम्बराचार्य श्रीकुन्दकुन्द कृत है जिसपर अमृतचन्द्रसूरिकी टीका तथा कविवर बनारसीदासजी कृत हिन्दीपद्यानुवाद सं० १६९३ आगरा में रचित प्रकाशित है। इस पर राजमल्ल कृत भाषाटीका तथा खरतर गच्छीय विद्वान श्री रूपचन्द्र (उ० रामविजय) जी कृत वचनिका उपलब्ध है। परिवर्त्तित भाषा में भीमसी माणक द्वारा प्रकाशित भी हो चुकी है। विशेष परिचय मुनि कान्तिसागरजी के लेख में द्रष्टव्य है। श्रीमद् ज्ञानसार जी का आशय कविवर बनारसीदास जी की कृति से है।

खींचवाला होनेसे जिनागम का चोर है। सरावगीजीने कहा—समयसार में ऐसी क्या बात है? कृपया बतलाइये। तब श्रीमद् ने आश्रव सम्वर द्वारमें "आसवा ते परिसवा, परिसवा ते आसवा" सिद्धान्तके एकान्त पक्ष ग्रहण को जो प्ररूपणा थी, विस्तृत व्याख्या करके बतलाई। ज्ञानी के नवीन बन्ध नहीं होता—आत्मा सर्वदा शुद्ध है इत्यादि वाक्योंपर जहां एकान्तवाद और क्रिया की अनावश्यकता प्ररुपित है उसका निरसन करके जैनदृष्टि और स्याद्वाद से तप संयमादि युक्त शुद्धात्मा की प्ररूपिका श्री आत्म प्रबोध छत्तीसी नामक ग्रन्थ की रचना आपने इसी प्रसङ्ग से सरावगीजी के निवेदन से की। श्री ऋषभदासजी सरावगी इस व्याख्या से आत्मविभोर हो उठे। यह छतीसी इसी ग्रन्थ के पृ० १५५ से १६४ तक प्रकाशित है।

गुरूमन्दिर प्रतिष्ठा:—

जयपुर नगर के बाहर मोहनवाड़ी नाम से प्रसिद्ध दादा साहब का स्थान है। श्रीमद् ने वहां दादासाहब श्रीजिनदत्तसूरिजी तथा श्रीजिनकुशलसूरिजी के चरण, स्वप्रगुरू श्रीजिनलाभसूरिजी

ये हिन्दी के उच्चकोटि के कवि थे। ये मूलतः खरतर गच्छ की जिनप्रभसूरि शाखा के श्रावक और श्रीमाल जाति के थे पर आगरे में दि० विद्वानों के सत्संगत् व समयसार ग्रन्थादि अध्ययन के प्रभाव से दिगम्बर हो गये थे। इनकी कृतियों में अर्द्धकथानक (आत्मकथा), बनारसीनानमाला, बनारसीविलास (संग्रह ग्रन्थ) प्रकाशित है। वर्त्तमानकाल में सोनगढ़ के श्रीकानजी स्वामी इस ग्रन्थ के प्रमुख प्रचारक हैं।

उनके पट्टधर श्रीजिनचन्द्रसूरिजी तथा गुरू श्रीरत्नराजगणि के चरणपादुके निर्माण करवाके प्रतिष्ठित करवाये थे। आपश्री के शिष्यवर्गने भी आपकी विद्यमानता में ही आपके चरण बनवाकर प्रतिष्ठित किये थे। इन चरणपादुकाओंके सब लेखों को अप्रकाशित होनेके कारण यहां दिये जाते हैं।

(१) ॥ संवत् १८६२ मिते माघ सुदि पंचम्यां श्री जयनगर भ्यर्णे श्रीबृहत् खरतर गच्छाधीश्वर युगप्रधान म० श्री जिनदत्तसूरीणां। युगप्रधान म०। श्रीजिनकुशलसूरीणां च पादन्यासौ श्रीजिनहर्षसूरि विजयि राज्ये। पं० ॥ ज्ञानसार मुनिना कारिता प्रतिष्ठापितौ च तयाभेव पूज्यानामुपदेशात्।

(२) सं० १८६२ मिते माघ सुदि पंचम्यां। श्री जयनगराभ्यर्णे। श्री बृहत्खरतर गच्छाधीश यु० भ० श्रीजिनलाभसूरीणां श्री जिनचन्द्रसूरीणां च पादन्यासौ श्री जिनहर्षसूरि विजयि राज्ये पं। ज्ञानसार मुनिना कारितौ प्रतिष्ठापितौ च।

(३) ॥ संवत् १८६२ मिते माघ सुदि पंचम्यां। श्री जयनगराभ्यर्णे श्री बृहत् खरतर गच्छेश भ। श्री जिनलाभसूरि शिष्य प्राज्ञ प्रवर्द्ध श्री रत्नराजगणीनां पादन्यासः श्री जिनहर्षसूरि विजयिराज्ये। पं० ज्ञानसार मुनिना कारिते प्रतिष्ठापितेश्च।

(४) ॥ सं १८६२ मिते माघ सुदि पंचम्या। श्री जिनहर्षसूरि विजयिराज्ये विद्वद्वर्य श्री रत्नराज गणि शिष्य प्राज्ञ ज्ञानसार मुने विद्यमानस्य पादन्यासः। शिष्य वर्गेण कारिता प्रतिष्ठापितश्च।

आपकी विद्यमान अवस्था में चरणपादुकाओं की प्रतिष्ठा होना यह उनके उस समय के गुणोत्कर्ष और पूज्यमान होने की महत्त्वपूर्ण सूचना देता है।

क्षमानन्दन रचित सांगानेर के दादाजी के स्तवन से विदित होता है कि एकवार आप संघ के साथ वहां दादागुरु के वन्दनार्थ पधारे। उस समय लूणियागोत्रीय श्रावक ने गोठ की थी जिसका उल्लेख निम्न गाथा में हैं:—

श्री संघ मिल तिहां आवै, जिहां लूणिया गोठ रचावैं रे म्हां।
श्री ज्ञानसार गणिराजा, ज्यां रा बाजैं सदाई बाजारे म्हां॥

एक वार आपने जयपुर से उ० श्री क्षमाकल्याणजी [1] गणि को पत्र दिया जिसके हांसिये पर चित्र किये हुए हैं यह पत्र बड़े उपाश्रय के महिमाभक्ति भण्डार में है उस पत्र में रूपनगर के राजा के स्वर्गवास होने व वै० सु० १ के दिन बहादुरसिंह के पुत्र का उनके गद्दी पर बैठने का समाचार है तथा मुंहताई खुस्यालचंद के होनें का लिखा है। इससे रूपनगर से भी श्रीमद् का सम्बन्ध मालूम देता है।

कृष्णगढ़ के ६ चातुर्मास :—

श्रीमद् ज्ञानसारजी जयपुर से विहार कर किसनगढ़ पधारे। सं० १८६३ से सं० १८६८ तक के चातुर्मास किसनगढ़ में किये। यहां श्री चिन्तामणि पार्श्वनाथ मन्दिर की अवस्था जीर्णशीर्ण हो गई थी। आप श्री ने व्याख्यान में जीर्णोद्धार का महान् फल बतलाते हुए

---

१ अपने समय के ये बड़े गीतार्थ विद्वान थे इनके रचित अनेकों ग्रंथ उपलब्ध हैं।

श्रावकों को चिन्तामणि पार्श्वनाथजी के मन्दिर के जीर्णोद्धार का उपदेश दिया। कहा जाता है कि रात में पार्श्वयक्ष ने प्रकट हो कर २१) रुपये रख दिये और उसी पूंजी से काम आरंभ करने का निर्देश किया। श्रावकों ने श्रीमद् के कथनानुसार कार्य आरंभ कर दिया और थोड़े दिनों में जिनालय खूब संगीन और चित्रादि से सुशोभित तैयार हो गया। शुभ मुहूर्त्त में ध्वजदण्डारोपण महोत्सव किया गया। इस विषय के वर्णन के निम्नोक्त कवित्त प्राप्त हुए है :—

सुन्दर सरूप श्याम अंगी नग जग मगत
समोशरण अधिक शोभा सरसाई है।
मन्डप सभा में यों फरस मकरिंद वनी
चित्रकारी नानाविध रङ्ग बरसाई है॥
ठाढै द्वार हाथी मोर छत्र किये बंगला पै
कंचन के कलशा अद्भुत छबि छाई है।
कृष्णगढ़ मांझ देखो साधु नारायनजी,
चिन्तामणि रत्नजू की भक्ति दरसाई है॥१॥
प्रगट प्रवासन किधों इंद सुर आसनकौ
मानक नग हीर किधों हाटक मंढायो है।
चौक चित्रकारी चिहुं फेरकर सवार जारी,
मोल रजतारी सम पाहन कढायो है॥
चिन्तामन हाथ चढो नामी नराय(ण)कै किधौं,
कृष्णगढ़ कीरत को नीरध बढायो है।
मन्दिर जैनराजहू कौ जीरण होतो तहां,
मण्डप सुधाराय धजा इंडप चढायो है॥२॥

चिहुंदिशि जाको जस प्रसिद्ध, नाराइन मुनिराज।
भवजीव तारण प्रते, भवदधि रुप जिहाज॥

भावछत्तीसी की रचना :—

पाठकों को स्मरण होगा कि पिछले वर्षों में जयपुर निवासी श्री सुखलाल जी गोलछा श्रीमद् के संसर्ग से पक्के जैन धर्मानुयायी हो गये थे। उन्हें स्वाध्याय का बड़ा शौक था, जयपुर में दिगम्बर बन्धु पर्याप्त थे और उनके सहयोग से समयसार का वाचन प्रारम्भ किया था, जब श्रीमद् को यह ज्ञान हुआ तो उन्होंने द्रव्य भाव और ज्ञान क्रिया के रहस्यों को स्पष्ट करनेवाली "भाव षट्त्रिंशिका" नामक कृति निर्माणकर भेजी जिसके मूल और विवेचन के पाठ से उन्हें समयसार का वास्तविक स्वरूप मालूम हो गया।

आनन्दघन चौवीसी पर विवेचन :—

इस समय श्रीमद् ज्ञानसारजी की अवस्था ६६ वर्ष की हो गई थी इन्होंने सम्वत् १८२६ में श्री आनंदघनजी [1] महाराज के स्तवनों

---

१ श्वेताम्बर जैन समाजमें ये उच्च कोटिके योगी माने जाते हैं। हालहीमें प्राप्त खरतरगच्छीय यति जयरंग जैतसीजी के पत्रसे आपका खरतरगच्छीय होना ज्ञात होता है। मेड़तामें आप बहुत काल तक रहे थे। प्रणामी सम्प्रदायके एक साधु के कथनानुसार सं० १७३१ में वहीं आपका स्वर्गवास हुआ था। सुप्रसिद्ध न्यायाचार्य यशोविजय उपाध्यायका आपसे मिलन होना कहा जाता है। आनन्दघन जी के सम्बन्ध में उनकी अष्टपदी प्रसिद्ध है। आपका प्रसिद्ध नाम लाभानन्द था, अनुभव प्रधान नाम आनन्दघन अपनी रचनाओं में आपने स्वयं दिया है। आपके रचित चौवीसी में से २२ स्तवन उपलब्ध हैं, जिसकी पूर्ति में श्रीमद् देवचन्द्र, ज्ञानविमलसूरि व श्री ज्ञानसार जी आदि के रचित स्तवन प्रकाशित हैं। आपकी चौवीसी

(चौवीसी के २२ स्तवनों) का अध्ययन और परिशीलन प्रारम्भ किया था जिन्हें ३७ वर्ष जैसा दीर्घकाल व्यतीत हो जाने से लोकोपकार के हेतु अपने परिपक्व अनुभव के उपयोग द्वारा विशद विवेचनमय बालावबोध लिखकर मुमुक्षु जनता का परम हितसाधन किया। श्री

पर सर्व प्रथम यशोविजय उपाध्याय के विवेचन करने का उल्लेख मिलता है पर वह उपलब्ध नहीं है। इसके पश्चात् ज्ञानविमलसूरि जी ने बालावबोध बनाया जो प्रकाशित हो चुका है। श्रीमद् ज्ञानसार जी ने इस बाला वबोध की अनेक त्रुटियों पर मार्मिक प्रकाश डाला है। हालही में दो अन्य विवेचन भी प्रकाशित हो चुके हैं जो मनसुखलाल जी और पं० प्रभूदास बेचरदास द्वारा लिखे गये हैं। स्वर्गीय मोतीचन्द गिरधरदास कापड़िया भी विस्तृत विवेचन लिख रहे थे। जयपुर निवासी श्री उमरावचन्द जी जरगड़ ने हिन्दी भाषा में आनन्दघन चौवीसीका भावार्थ किया है, जिसे शीघ्र प्रकाशित करना आवश्यक है।

श्रीमद् आनन्दघन जी के पद बहुत्तरी के नाम से प्रकाशित हो चुके हैं, जिनकी संख्या १११ के लगभग है वास्तव में कई पद अन्य रचित भी उसमें सम्मिलित हो गये हैं। हमारे संग्रह में आपके ६६ पदों की एक प्राचीन प्रति है। अन्य हस्तलिखित प्रतियों के आधार से पाठ निर्णयादि करके हम आपके पदों का संग्रह शीघ्र ही प्रकाशित करना चाहते हैं, आपके पदों पर श्रीमद् बुद्धिसागरसूरिजी ने विवेचन लिखा है जो आध्यात्म ज्ञान-प्रसारक मंडल से प्रकाशित हो चुका है स्वर्गीय मोतीचन्द गिरधर कापड़िया ने भी सुन्दर विवेचन लिखा जिसमें से लगभग ५ पदोंका विवेचन "आनन्दघन पद रत्नावली" में बहुत वर्ष पूर्व प्रकाशित हुआ था अन्य पदों का विवेचन जैन धर्म प्रकाश में कई वर्षों तक निकलता रहा जिसे स्वर्गीय कापड़िया जी शीघ्रही प्रकाशित करने वाले थे पर इसी बीच आपका स्वर्गवास हो गया। आनन्दघन और घनानन्द पुस्तक में भी उपर्युक्त चौवीसी और पद प्रकाशित हुए हैं।

आनंदघनजी महाराज पर आपकी अत्यन्त श्रद्धा थी, और उनकी वाणी का आपके जीवनमें पर्य्याप्त प्रभाव पड़ा था। इस बालावबोध में २२ स्तवन श्रीमद् आनन्दघन जी के तथा २ स्तवन इनके स्वयं निर्माण किए हुए हैं। अन्तमें उनकी महानता व अपनी लघुता प्रदर्शित करते हुए श्रीमद् ने लिखा है कि :—

"आशय आनन्दघन तणो अति गम्भीर उदार
बालक बांह पसार के कहै उदधि विस्तार"

किशनगढ़ के महाराजा [२] भी आपका बड़ा सम्मान किया करते थे तथा जैन व जैनेतर प्रजा पर आपका अच्छा प्रभाव था। यहां के ६ चातुर्मास ज्ञान ध्यान में लीन और शान्त सुधारस में सराबोर बीते। तदनन्तर ग्रामानुग्राम विचरते हुए तीर्थाधिराज श्री शत्रुञ्जय पधारे।

सिद्धाचल यात्रा :—

सं० १८६६ मिती फाल्गुन कृष्णा १४ को युगादि देव श्री ऋषभ प्रभु के दर्शन कर आत्मविभोर हो उठे। श्री सिद्धाचल के आदि जिन स्तवन में आपश्री ने अपने मनोगत भावों को निःशल्यता पूर्वक आत्मचर्या के रूप में प्रभु चरणों में निवेदित किये हैं। जिन से विदित होता है कि आपने इस वृद्धावस्था में उपकरणों को स्कंधो पर वहन करते, नाना उपसर्ग सहते, कण्टकाकीर्ण मार्ग को पैदल विचरते हुए तै किया था।

---

२ किसनगढ़ के इतिहास के अनुसार इस समय वहां के राजा कल्याणसिंह थे।

बीकानेर आगमन :—

बीकानेर राज्य श्रीमद् की जन्मभूमि होते हुए भी बाल्यकाल से अबतक लगभग ७० वर्ष की आयु हो जानेपर भी बीकानेर पधारने का अवसर प्रायः नहीं मिला था। तीर्थाधिराज शत्रुञ्जय की यात्रा करने के पश्चात् आपने अपना अन्तिम जीवन बीकानेरमें व्यतीत करने का विचार किया। इसके कई कारण थे, एक तो बीकानेर सभी तरहसे उत्तम क्षेत्र था, यहां क्या राजधानी और क्या छोटे मोटे ग्राम, सर्वत्र जैनों की बहुत बड़ी बस्ती थी। जिनप्रसाद और उपाश्रयों का प्राचुर्य था जहां सैकड़ों गीतार्थ यति लोगों का आवागमन रहता था। उपाध्यायजी श्री क्षमाकल्याणजी जैसे क्रियापात्र और इनके बचपन के साथी भी विराजमान थे अतः आप अपने शिष्योंके साथ बीकानेर पधारे और यावज्जीव बीकानेर में ही बिराजे। इस समय आपकी वृद्धावस्था होते हुए भी त्याग, वैराग्य तथा साध्वाचार उच्च कोटिका था। आपश्रीने नगरके बाहर श्री गौड़ी पार्श्वनाथ जिनालयके पृष्ठभाग में स्मशानोंके निकटवर्त्ती ढढोंकी साल को ही अपनी तपोभूमि चुनी और वहीं रहने लगे। श्रीमद् का जीवन बड़ाही सात्त्विक था, एक पात्र तथा अल्प वस्त्र धारण करते थे दुपहरके समय एकबार आहार करते थे। धारविगय [1] का त्याग था जो कुछ भी रूखा सूखा मिल जाता, ले आते। नगरके बाहर निर्जन स्मशानभूमिके निकट अपनी ध्यान समाधि जमाकर आत्मानुभवके परम सुखका अनुभव करते हुए तप संयमसे आत्मा को भावित करते थे।

---

१ आहार में ऊपर से घृतादि विगय (विकृति ६ दूध, दही, घी, तेल, गुड़, पक्वान्न) न लेना धार विगय त्याग कहलाता है।

इस प्रकारके कई प्रमाण मिले हैं जिनसे यह मालूम होता है कि श्री पार्श्वयक्ष (चिन्तामणि यक्ष) आपके प्रत्यक्ष थे और समय समय पर रात्रिमें प्रकट होकर आपने नाना विधि ज्ञान गोष्ठी एवं भूत भविष्य सम्बन्धी वार्त्तालाप किया करते थे।

महाराजा सूरतसिंह पर प्रभाव :—

बीकानेर नरेश महाराजा सूरतसिंहजी [1] ने आपकी यशोगाथा सुनी और तत्काल आकर मिले फिर तो घनिष्टता इतनी बढ़ी कि महाराजा किसी भी कार्य करनेके पूर्व आपकी आज्ञा व आशीर्वादके

---

१ महाराजा सूरतसिंह बीकानेर नरेश महाराजा गजसिंह के पुत्र थे। संवत् १८२२ पौष शुक्ला ६ को आपका जन्म हुआ और संवत् १८४४ के विजयादशमी को राजगद्दी प्राप्त हुई थी। आपके व्यक्तित्व के सम्बन्ध में महामहोपाध्याय डा० गौरीशंकर हीराचन्द ओझाने अपने बीकानेर राज्य के इतिहास में इस प्रकार लिखा है :—

"महाराजा सूरतसिंह का राज्यकाल अंग्रेजों के अभ्युत्थान का समय कहा जा सकता है। जैसे पहले मुगलों के प्रबल प्रवाह के सामने हिन्दू राजाओं को बहना पड़ता था वैसेही अब अंग्रेजों की प्रबल शक्ति के आगे हिन्दू-मुसलमान सब अवनत होते जा रहे थे। उनका अमल हांसी हिसार तक हो चुका था और उनके प्रभुत्त्व की धाक अधिकांश भारत में जम चुकी थी इधर बीकानेर राज्य की भी आंतरिक दशा बिगड़ रही थी। आये दिन राज्य के सरदार विद्रोही हो जाते थे, जिनका दमन करने में ही महाराजा को सारी शक्ति लगा देनी पड़ती थी। टामस की दो बार की चढ़ाइयां तथा जोधपुर के साथ की लड़ाइयों से भी बीकानेर का कम नुकसान न हुआ था। ऐसी परिस्थिति में उसने अंग्रेजों से मेल कर लेनाही उचित समझा और इस महत्त्वपूर्ण कार्य को उत्तमता से पूरा करने के लिये ओझा काशीनाथ दिल्ली भेजा गया, जिसने मिस्टर चार्ल्स

पिपासु रहा करते थे। साह मुलतानमल के द्वारा मौखिक तथा पत्र व्यवहारके द्वारा राजनैतिक, धार्मिक तथा अर्थनैतिक बातों का समाधान होता। अनेक बार महाराजा स्वयं आते और श्रीमद् की सेवामें घण्टों व्यतीत करते। महाराजाके लिखे हुए २२ खास रुक्के हमारे अवलोकनमें आये हैं जिनमेंसे १८ हमारे संग्रहमें तथा ४ यतिमुकनचन्द

मेटकाफ से मिलकर सन्धि की शर्तें तय की। यह घटना बीकानेर राज्य के इतिहास में बड़ा महत्त्व रखती है क्योंकि अंग्रेजों के साथ सन्धि स्थापित हो जाने पर उनकी सहायता से विद्रोही सरदारों का पूरी तरह से दमन होकर राज्य में सुख और शान्ति की स्थापना हुई। जो सम्बन्ध महाराजा सूरतसिंह ने अंग्रेजों से स्थापित किया उसका अब तक निर्वाह होता है और अंग्रेज सरकार तथा बीकानेर के बीच अब भी सुदृढ़ मैत्री विद्यमान है।

"महाराजा सूरतसिंह बड़ा वीर नीतिवेत्ता और न्यायप्रिय था। वह केवल तलवार लेकर लड़ना ही नहीं जानता था वरन् मेल के महत्त्व को भी खूब समझता था। जहां उसे मेल करने में लाभ दिखाई देता वहां वह बिना अधिक सोच विचार किये ही ऐसा कर लेता। वह अन्याय हुआ नहीं देख सकता था। जोधपुर के महाराजा भीमसिंह के पुत्र धौंकलसिंह का हक मानसिंह द्वारा छिनता हुआ देखकर वह यह अन्याय सहन न कर सका और जयपुर के महाराजा जगतसिंह के साथ उसका सहायक बन गया। यह शत्रु पर दगा से वार करने का विरोधी था· प्राणरक्षा का वचन पाकर सन्धि की शर्तें तय करने के लिये आये हुए जोधपुर के सरदारों को उसने अपने आदमियों की सलाह के अनुसार मारा नहीं, वरन संन्धि की शर्तें स्वीकार न होने पर भी उन्हें सिरोपाव आदि देकर सन्मान पूर्वक वापस भेजा।


"जहां महाराजा में इतने गुण थे, वहां एक दुर्गुण भी था। वह कान का कच्चा था जिस सुराणा अमरचंन्द ने अपनी वीरता से अनेक बार विद्रोही

जी के शिष्य श्री जयकरणजी के पास हैं। इन खास रुक्कों को देखने से श्रीमद् के प्रति महाराजा का विनय, पूज्य भाव, अटल श्रद्धा, अविरल भक्ति, तलस्पर्शी हार्दिक भाव तथा अनेक ऐतिहासिक रहस्यों की स्पष्ट जानकारी होती है।

उन दिनों बीकानेर राज्यकी अवस्था अत्यन्त कमजोर थी, राजकीय खजाने में द्रव्यका इतना अभाव था कि सुरक्षाके लिये सैन्यव्यय भी दुष्कर था। राजा स्वयं ऋणसे दबे हुए थे। महाराजा सूरतसिंह के पत्रोंका अक्षर अक्षर यही भाव ध्वनित करता है। हमें प्राप्त पत्रोंमें सर्वप्रथम पत्र सं० १८७० मिती भादवा बदि १४ का है अतः इससे पूर्व पत्र व्यवहार एवं आवागमन घनिष्टता पूर्वक चालू हो गया मालूम देता है। इस वर्षके ८ पत्र मिले हैं जिनका अंतर देखते मालूम होता है कि सप्ताहमें २ बार तो पत्र व्यवहार अवश्यही होता था। महाराजा युद्धमें या दौरेमें जहां कहीं होते बाबाजी महाराज श्री ज्ञानसारजी


सरदारों का दमन किया और जिसे स्वंय उस (महाराजा) ने 'राव' का खिताब देकर सम्मानित किया था उसे कई सरदारों के बहकावे में आकर और उनकी झूठी शिकायतों पर विश्वास कर महाराजा ने बाद में मरवा डाला पीछे से इस अपकृत्य का महाराजा को पछतावा भी रहा। महाराजा ने अपने राज्यकाल में सूरतगढ़ बनवाया था।"

बीकानेर राज्यके उत्कर्षमें हमारे चरित नायक का बड़ा हाथ था, यक्षराज जी की आज्ञानुसार आपकी सलाह से ही अंग्रेजों से सन्धि, तथा उपरिलिखित पड़ौसी राज्यों के प्रति न्याय व नीति की रुख आदि समस्त कार्य कलापों द्वारा बीकानेर राज्य की अवस्था काफी सुधर गयी और भविष्य में वह प्रसिद्ध और महत्त्वपूर्ण उन्नत रियासतों की गणना में आने लगा।



श्रीमद् ज्ञानसारजी के प्रति बीकानेर नरेश सूरतसिंह

का खास रुक्का



॥श्री॥

॥जगत्तारुनोजिनराया॥एदेशी। अविकारीवलि अविकारी स्वामी शिवपदसाधकशुद्धविलासीरे जगजीवनोजिनराया तोरासुरनरपणमेणयारे जगजी० १ उज्वलगुणगणतुझमोहेरे मुणमटकेमनसुमोहेरे जगजी० २ अपवरणोउदीपेरे जगचक्षुकोदृश्यतिजापेरे जगजी० ३ उपशमअविरुद्धवेधारी अरिहतिकोधनिवारीरे जगजी० सवीसरूपफणाउसुवंदे उक्तिनिकाकदनिकंदोरे जगजी० ४ समताधारीक्षमवारी मनरंगीजगजयकारीरे जगजी० अप्रकृमवारीधृमधारी शुक्लतिकारीकपटारीरे जगजी० ५ अतीतअनागतिगणता वर्तमानवस्तुविगणतारे जगजी० ज्योतिज्योतिसुजायेंदे उसुप्रणमेणाविनोदेरे जगजी० ६ त्रिजगत्राताजगजाता ज्ञानादिकगुणनोदातारे जगजी० धनधारेनीवदीयेधनीस्वगुणधारकसुजगीशरे जगजी० ७ वा

नंदनवरदाई उमस्वनिजरसुखस्वदाईरे जगजी० ज्ञानसारकहेआणंदे जिनवंदेतेहिरनंदेरे जगजी० वा० ८ इतिश्रीपार्श्वजिनस्तवनं लिषीकृतंज्ञानसारेण स्मरतिसिद्धरमणे॥ ॥श्रीरस्तु कल्याणमस्तु॥

श्रीमद् ज्ञानसारजी की हस्तलिपि

(नारायणजी) की सम्मति आज्ञा या आशीर्वाद के बिना किसी काममें हाथ नहीं डालते थे। पत्र व्यवहार पर सरसरी नजर डालने से मालूम होता है कि सूरतसिंहजीके अर्थाभाव, बागी सरदारों व यवनोंके कारण अराजकता, आदि अनेक समस्याओं का समाधान चरित्रनायक की सम्मति से हुआ था। पत्रोंकी कई अधूरी बातें कर्जदारी, खर्चेकी कमी साहूकारोंपर जबरन वसूली, रैयत पर कष्ट, शहर की गंदगी, पकड़ा-पकड़ी, विदेशी कर्मचारियों की विदाई, आदि अनेक विषयके भ्रष्टाचार व अराजकता को दूर करानेपर प्रकाश डालती हैं। श्रीमद्के द्वारा यक्षराज (श्री चिन्तामणि यक्ष) से नाना प्रकार के प्रश्न कराये जाते थे जिनमें अपने पूर्व-भव, धनके खजाने, इंग्रेजोंके राज्य व सन्धि से अपने सुख, सिद्धमंत्र, जाप आदि मुख्य थे। अपनी कूच तथा जोधपुर के धोंकलसिंहजी सम्बन्धी, एवं टालपुर सिंध वालोंके साथ महाराजा मानसिंहके कजिये की जय-पराजय आदि नाना प्रश्न पूछे गये हैं। इसी प्रकार सं० १८७१ में दिये हुऐ ५ तथा सं० १८७२ के ५ खास रुक्के हैं। इतने दीर्घ समयमें सैकड़ों ही पत्रों का आदान प्रदान हुआ होगा पर वे अब प्राप्य नहीं हैं। श्रीमद् के दिये हुऐ एक पत्र की प्रति-लिपि भी उनके स्वयं लिखी हुई प्राप्त हुई है। साह मुलतानमल के बाद नाहटा मदजी इनकी सेवामें रहे थे जिनका कार्य केवल महाराजा के सन्देश श्रीमद् तक पहुंचाने का था। महाराजा उन्हें १५) मासिक वेतन देते थे ये बड़े सन्तोषवृत्ति के थे। मदजी को १५) से १७) मासिक लेना भी स्वीकार नहीं था ऐसा एक पत्रमें महाराजा ने सूचित किया है। इनके अतिरिक्त साह धरमा, अमाणी जेठा व अचारज छोगाके द्वारा भी संवाद-अर्जी निवेदन की जाती थी। अंतिम पत्रमें सदासुख

जी को समाचार फरमाने का लिखा है ये श्रीमद्के शिष्य श्री सदासुख जी मालूम देते हैं। इनका भी राजदरबार में प्रभाव बहुत बढ़ा चढ़ा था।

गौड़ी पार्श्व जिनालयमें नवपद मंडल का प्रारम्भ :—

बीकानेरके गोगा दरवाजाके बाहर जहां आप रहा करते थे, श्री गौड़ी पार्श्वनाथजी का छोटासा मंदिर था। आपश्रीके विराजनेसे इस मन्दिर की बहुत उन्नति हुई। आपके स्तवनोंसे मालूम होता है कि आपकी श्रीगौड़ी पार्श्वनाथ प्रभु पर अत्यन्त भक्ति थी। श्रीचिन्तामणि यक्ष आपके प्रत्यक्ष थे अतः इस मन्दिरमें श्री क्षमाकल्याणोपाध्याय जी द्वारा सं० १८७१ में यक्षराजजी की प्रतिमा प्रतिष्ठापित की गई। इसी जिनालय में महाराजा की ओर से नवपद मण्डल[1] रचना प्रारंभ हुई जिसके लिये तबसे लगाकर आजतक राजकीय खजाने से अर्थव्यय किया जाता है। इसी मन्दिरके विशाल अहाते में कई और मन्दिर-देहरियों का निर्माण हुआ। श्री सम्मेतशिखर तीर्थ-पट वाले मन्दिर का निर्माण सं० १८८६ में श्रीअमीचन्दजी सेठियाने करवाया, जिसकी दीवाल पर श्रीमद्का चित्र बना हुआ है, सामने अमीचन्दजी सेठिया हाथ जोड़े खड़े हैं। सं० १८७१ भादवा बदि १३ के दिन आपने नवपद पूजा की रचना की जो इसी पुस्तकमें प्रकाशित है।

---

१ अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप, ये नवपद हैं। इनके वृत्ताकार यंत्र को सिद्धचक्र या नवपदयंत्र कहते हैं। चैत्र और आश्विन के अंतिम ९ दिनों में आंबिल तप के साथ नवपद ओली का आराधन किया जाता है। ९ वार (८१ आंबिल) करने पर इस तप की पूर्णाहुति होती है उसके उपलक्षमें नवपदमण्डल की रचना की जाती है।

बीकानेर में साहित्य निर्माण :-

आपश्री उस जमानेमें जैनागमोंके प्रकाण्ड विद्वान थे। स्थानीय श्रावक व साधु समुदाय तो आपके ज्ञानसे लाभ उठाते ही थे पर बाहर से भी प्रश्नोत्तर आदि के रूपमें पत्र आते रहते थे। विहार (जिसे श्रीमद् ने वैशाली लिखा है) निवासी किसी जिज्ञासु श्रावकने आपको एक विस्तृत प्रश्न पत्र भेजा जिसके उत्तरमें आपने जो पत्र दिया वह एक ग्रन्थ ही हो गया है जो सं० १८७४ चैत शुक्ला ७ को पूर्ण हुआ था। यहां रहते साहित्य निर्माण की धारा सतत् प्रवाहित थी। सं० १८७५ मार्गशीर्ष पूर्णिमा को चौवीसी स्तवन, सं० १८७६ फाल्गुन शुक्ला ६ को मालापिंगल (छंदशास्त्र), सं० १८७७ चैत्र कृष्ण २ को चंद चौपाई समालोचना, सं० १८७८ कार्तिक शुक्ला १ को विहरमान वीशी सं० १८८० आषाढ़ शुक्ला १३ को आध्यात्मगीता बालावबोध, सं० १८८० आश्विन में प्रस्ताविक अष्टोत्तरी, और सं० १८८१ मार्गशीर्ष कृष्णा १३ को गूढ़ाभावनी की रचना की। इनमें से मालापिङ्गल व चन्द-चौपाई समालोचना के अतिरिक्त सभी रचनाएं इस ग्रन्थ में प्रकाशित हैं।

बीकानेर के बड़े ज्ञानभंडार के एक पत्र से मालूम होता है कि सं० १८७४ आश्विन शुक्ल ५ को श्री सिद्धचक्रजी की महती महिमा हुई और इसी वर्ष मिती मिगसर सुदि १२ को श्रीमद् ने गोठ की।

दशहरे की बलिप्रथा बन्द :-

बीकानेर में दशहरे के दिन राज्य की ओर से देवी के बलि स्वरूप भैंसा मारने की प्रथा प्राचीन काल से चली आती थी। कहा जाता है

कि एक वार दशहरे का भैंसा छूट कर दौड़ता हुआ श्रीमद् के शरणमें आगया। पीछे पीछे राज के सिपाही आये पर बाबाजी महाराज के पास भैंसा मांगने की हिम्मत न हुई। अन्त में श्रीमद् के उपदेश से महाराजाधिराज ने सदा के लिए भैंसे का बलिदान बन्द करवा दिया।

यतियों का राजसंकट निवारण :-

कहा जाता है कि मुर्शिदाबाद के जगतसेठजी † ने पार्श्वचन्द्र गच्छीय श्रीपूज्यजी को एक पन्ने का बहरखा भेंट किया था वह इस प्रकार का बहुमूल्य था कि राजा-रजवाड़ो में भी उसकी जोड़का खोजे नहीं मिलता। महाराजाने उसे श्रीपूज्यजी से देखनेके लिए मंगवाया। बहुमूल्य पद्मराग मणियों ने महाराजा को लोभ में डाल दिया और बहरखा लौटाने से अस्वीकार कर गये। यतियों की विशेष मांग होने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जब श्रीमद् को यह घटना मालूम हुई तो वे तत्काल दरबार में पधारे। महाराजा ने श्रीमद् का पधारना सुना तो वे स्वागत के लिये सामने आए उस समय आप श्री ने महाराजा से फरमाया कि :—

---

† मुर्शिदाबाद के जगतसेठजी का वंश अत्यन्त महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध रहा है। आपके पास अगणित धनराशि थी, नबाबी अत्याचारों का अन्त करने के लिये भारत में अंग्रेजी राज्य का सूत्रपात इसी वंश से हुआ। इनके पूर्व देशके जैन तीर्थों का उद्धार तथा अन्य अनेक प्रकार के कार्यकलाप प्रसिद्ध हैं। विशेष जानने के लिये पारसनाथसिंह की "जगतसेठ" नामक पुस्तक देखना चाहिये।

अब फाटौ आकाश, कहि कारी कैसी करां
प्रकट भिखारी पास, नरपति जाचै नारणा ‡ ?

महाराजा ने अपनी भूल के लिए माफी मांगते हुए बहरखा लौटा दिया एवं यतियों को दो दो रुपये व मिठाई भेंट कर उपाश्रय पहुंचाया।

नगरसेठ के प्रश्नोंका उत्तर :--

कहींके (संभवतः जयपुरके) नगरसेठ महोदय जो आपके परमभक्त थे, अपने पत्रोंमें प्रश्न पूछा करते थे उनके उत्तरमें दिया हुआ (२) विविध प्रश्नोत्तर ग्रन्थ इसी ग्रन्थके पृ० ४०८ से ४२२ तक छपा है। इसका समय सं० १८८० के पश्चात् का अनुमान किया जाता है क्योंकि सं० १८८० में रचित आध्यात्मगीता बालावबोधका इसमें उल्लेख पाया जाता है।

गौड़ी जिनालय का उद्धार और आशातना-निवारण :-

पूर्व कहा जा चुका है कि श्रीमद् जहां स्मशानोंके निकट निवास करते थे, पास ही में श्री गौड़ीपार्श्वनाथजी का मंदिर था। श्रीसंघ ने सं० १८८६ में १२०००) व्यय करके इस मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया था। प्रतिदिन श्रावक लोग नगरके बाहर होने पर भी दर्शन पूजनके लिये यहां आते थे। स्वयं महाराजा सूरतसिंहजी व रत्नसिंहजी श्रीमद् के पास जब कभी आया करते तो इस मन्दिरमें अवश्य पधारते। कहा जाता है कि अन्तःपुरसे महारानियां भी समय समय पर आती थीं। यहां प्रतिदिन पूजा करने के लिए आने वालोंमें सुराणोंके घरकी एक

---

‡ यह संबोध अष्टोत्तरी के ५६ वें दोहे में है। इसके सम्बन्ध में अन्य प्रकार की किम्वदन्ती भी सुनने में आती है।

महिला भी थी जिसे श्रीमद्‌ने कह भी दिया कि तरुण स्त्रियोंको मूलनायकजी की प्रतिदिन पूजा नहीं करनी चाहिये † पर उसने भक्तिके आवेशमें कोई ध्यान नहीं दिया। एकबार वह पूजा करती हुई रजस्वला हो गई। इस महान अपवित्र आशातनाके होने से श्री गौड़ीपार्श्वनाथजी की प्रतिमा पर व्रण ही व्रण हो गये। श्राविका दौड़ी हुई श्रीमद्‌के चरणोंमें आई और भयभीत होकर कहने लगी कि महाराज! मैं तो मर गई! इस प्रकार की महान आशातना मेरे द्वारा हो गयी, क्षमा की जिये! आपके उपदेश पर मैंने ध्यान नहीं दिया, अब उपाय आपही के हाथ है। श्रीमद्‌ने उसी रात को यक्षराजजी से इस विषय में उपाय पूछा। यक्षराजजीने कहा—ऐसी आशातना होनेपर अधिष्ठाता देव तत्काल ही वहांसे चले जाते हैं पर मैं तो आपके लिहाजसे सेवामें उपस्थित हूं। श्रीमदने तीर्थजल और औषधि यक्षराजजीके द्वारा मंगाकर 'अष्टोत्तरी स्नात्र' करवाया जिससे सब आशातना दूर हो गयी। आज भी ध्यानपूर्वक देखने से श्रीगौड़ीपार्श्वनाथजी के बिम्ब पर थोड़े थोड़े व्रण के चिह्न दृग्गोचर होते हैं।

---

† पूर्वाचार्यों ने अशुचि आशातनादि कारणों से ही तरुणियों के लिये प्रतिदिन मूलनायक भगवान की अंगपूजा का निषेध किया है।

१ तीर्थंकर प्रतिमा का १०८ घड़ों से विशेष अनुष्ठान पूर्वक अभिषेक कराने को 'अष्टोत्तरी स्नात्र' कहते हैं। तप, उद्यापन, विघ्न निवारणादि विशेष प्रसंगों पर यह विधान किया जाता है। सं-१६५० में युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजी की आज्ञा से जयसोम उपाध्याय ने लाहौर में "अष्टोत्तरी स्नात्र विधि" बनाई जिसकी प्रति बीकानेर के ज्ञानभंडार में है।

गुदड़ी में शीत ज्वरारोप :—

कहा जाता है कि एक वार महाराजाधिराज आपके दर्शनार्थ पधारे ; आप को उस दिन सियादाऊ शीत ज्वर आया हुआ था। आप ओढ़ी हुई गुदड़ी से निकल कर आ विराजे और प्रकृत रूप से वार्तालाप करने लगे। महाराजा की नजर गुदड़ी की ओर गई तो देखा कि वह शीत-ज्वर प्रकोप से कांप रही थी। महाराजा ने निवेदन किया महाराज आप जैसे महापुरुषों के पास भी ज्वर आता है ? आप आने हीं क्यों देते हैं ? श्रीमद् ने कहा राजन् अपने संचित कर्मों का भोक्ता आत्मा स्वयं है अतः भोगने से ही छुटकारा होता है।

कोठारीजी पर कृपा :--

बीकानेर निवासी गिरधर कोठारी की मां आपश्री की परम भक्त थी। गिरधर के पिता नाहटों (संभवतः मदजी नाहटा) के यहां नौकरी करते थे। एक वार उन्होंने डांट फटकार बता कर कोठारीजी को नौकरी से अलग कर दिया। श्रीमद् जब आहार पानी के लिये गये यह वृतांत ज्ञात कर मदजी को समझाया पर उनके न मानने पर कहा जाता है कि श्रीमद् ने उन्हें महाराजा सूरतसिंह के पास धर्मलाभ संवाद प्रेषणार्थ नियुक्त कर दिया। हमेशा राज दरबार में जाने के कारण कोठारीजी की अवस्था अच्छी हो गई। मदजी नाहटा को किसी ने कहाथ:—

"मदिया मत कर गीरबो, दुरजनिये नै देख।
ऐ नारायन वे नाथजी, वांरा भगवां मेख॥"

बीकानेर में श्रीमद् की स्मृतियां :--

बीकानेर में आप श्री के कई कार्य कलाप विद्यमान हैं। बीकानेर के बड़े उपाश्रय का तख्त, देवछंदा, दीवानखाना आदि आपके समय के हैं। नाहटों की गुवाड़ के आदिनाथ जिनालय के दरवाजे को उपदेश देकर सामने से खुलवाया क्योंकि सामने दरवाजा नहीं रहने से भगवान की दृष्टि बद थी, अब राह चलते व्यक्ति को शत्रुञ्जयावतार श्रीऋषभदेव (सं० १६६२ चै० ब० ७ में यु० जिनचंदसूरि प्रतिष्ठित) प्रभु के दर्शन हो ही जाते हैं। सं० १५६१ में प्रतिष्ठित श्री चिन्तामणिजी (बीकानेर का सर्व प्राचीन जिनालय) के मंदिर द्वार के दोनों ओर लगे हुए हाथियों को आपने ही यहां रखवाये थे। कहा जाता है कि पहले ये श्री नमिनाथ जिनालय में थे जो उस जमाने में शहर के किनारे और शूनसान जगह में अवस्थित था। अब बगीचा व उसमें से मन्दिर का नया दरवाजा हो जाने से इसकी शोभा बढ़ गई हैं। यह मन्दिर बच्छावत कर्मसी ने सं० १५ १ में बनाया था।

उदरामसर मेले का प्रारम्भ : -

बीकानेर से ४ कोश की दूरी पर स्थित उदरामसर के पास दादा साहब जिनदत्तसूरिजी का प्राचीन स्थान है। बालूके बड़े बड़े टीबों को पार करके वहां जाना होता है। श्रीमद् ने सं० १८८४ के मिती भादवा सुदि १५ के दिन वहां का "मेला" कायम किया। राज्य की ओर से रथ घोड़े सवार इत्यादि आने लगे तथा जनता भी सैकड़ों सवारिया लेकर वहां एकत्र होने लगी। आज तक यह मेला चालू है। दादासाहब

की पूजा व गोठ-जीमनवार, वगैरह हुआ करते हैं। उस समय का बनाया हुआ सेवग हंसजी का गीत मिला है जो इस प्रकार है :—

गीत साणोर

मुदे महीपति हुकुम सूँ सिरै हुयो, मगरियो भादवा सुद पूनम भारी।
पीत सूँ दादा जिनदत्तसूर रै पगां सको, जावो भाव सूँ दुनी सारी ॥१॥
अथग अणपार साहुकार बहु आविया, तंबूड़ा कनातां पाल तणीया।
तेज घण एम दरबार सदगुर तणै, बड़ा सूं हगामा थाट बणीया ॥२॥
हरख घण केसरां हुंत सेवा हुवै, राग रंग वधै उचरंग रीतां।
सिरै गोठां थटां ऊमग हूँ सवाया, कहींजै जगत में अखी कीतां ॥३॥
घमस घोड़ा रथां कहां मानव घणां, मलो हुय हजारा खलक मेलो।
श्रीय गुरुदेव नाराण परताप सूं, मंडायो खूब सदा-सुख मेलो ॥४॥
इति गीत सेवक हंसजी रो कह्यो ॥

यति फतैचन्दजी और जीवराजजी से धर्मस्नेह :--

श्री कीर्त्तिरत्नसूरि शाखा के यति फतैचन्दजी से आपका काफी स्नेह था नाल की दादावाड़ी में उन दिनों सभी शाखाओं के यति लोगों ने शालाएं बनाई थी। कीर्त्तिरत्नसूरि शाखा की शाला (प्रतोली द्वार के पास वाला मकान) के निर्माण होने पर श्रीमद् ने निम्न कवित्त द्वारा सूचना दी थी। इस पत्र का "पतित" शब्द श्रीमद् की लघुता का द्योतक है।

"पं० प्र० श्री १०८ श्री फतैचन्दजी साहिबां सूं पतित पं० नारन री। सदा वंदना। साधु संबधित साल विवस्था वर्णनं यथा :—

सवैया चौबीसा

"साल रसाल विसाल निहाल कै, दूरजनसाल कै साल सलैगी,
उलैगी उलांन दिनाननतै जब, कातिक मास पुनैं सिलगैगी ;
जरिजैगी ताप संताप कबै न मिटै, मन वड़वा विन वड़वा सिलगैगी,
सीतई काल नई भई साल पै, साजन विन मन माहि जगैगी।"

इसी शाखा के वा० जयकीर्त्तिजी गणि (श्रीपालचरित्र कर्त्ता-जीव राजजी) तथा सांवलजी से श्रीमद् का अच्छा सम्बन्ध था। श्री जिनकृपाचन्द्रसूरि ज्ञानभंडार में श्रीमद् के साथ इन दोनों का चित्र था जिसे हमने ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह ग्रन्थमें प्रकाशित किया है श्रीमद् की रचनाएं सर्वाधिक इसी ज्ञानभंडार में पायी गयी थी। हमने यहाँ की प्रतियों से नकलें की थीं। खेद है कि अब इस मंडार की प्रतियें यत्र तत्र विखर गयी है।

सं० १८८५ ज्ञानपंचमी के दिन आपश्री के उपदेश से हाकिम कोठारी उमेदमलजी के पुत्र जीतमलजी ने पं० प्र० फतैचन्दजी को विशेषशतक (पत्र ४६) और निरयावलि सूत्र (पत्र ४६) की प्रतियां वहरायी थी जो श्रीजिनकृपाचन्दसूरि ज्ञानभंडार में विद्यमान थीं।

जैसलमेर नरेश का आमंत्रण व बीकानेर नरेश के अनुरोध से विहार स्थगित :—

आप को बीकानेर पधारे बहुत वर्ष हो गये थे। आप की इच्छा थी कि समाधिमरण बीकानेर में ही हो। फिर भी अन्यस्थानों

के नरेशों व श्रावको के आग्रहवश कई बार विहार करने की तैयारी की तो महाराजा सूरतसिंह और उनके बाद महाराजा रतनसिंहजी [1] जो आपके परमभक्त थे, इस वृद्धावस्था में विहार करने से अत्यन्त अनुनय-विनय पूर्वक रोक लेते थे। जयपुर, किसनगढ़, जैसलमेर इत्यादि नगरस्थ श्रावकों एवं राजामहाराजाओं के पत्र आपश्री को बुलाने के लिये बराबर आते रहते थे। जैसलमेर के महारावलजी श्रीगजसिंहजी (राज्यकाल सं० १८७६—१९०२) एवं उनके दीवान बरढिया मुंहता साह श्री जोरावरसिंहजी भभूतसिंहजी के सुनहरे वेलबुटों वाले कई पत्र हमारे संग्रह में हैं जिनमें आपश्री से अत्यन्त भक्तिभावपूर्वक जैसलमेर पधारने की प्रार्थना की गयी है। सं० १८८९ मिती माघ सुदि ११ का प्रथम पत्र मिला है जिससे मालुम होता है कि पत्र-व्यवहार पहले से चालू था। दूसरा पत्र सं० १८९१ मिगसर वदि ३ का एवं तीसरा पत्र माघ सुदि ४ का है जिसमें महाराजा ने स्वयं वंदना लिखी है, चौथा पत्र सं० १८९२ माघ सुदि ५ का है जिसके साथ खास रुक्का भी विद्यमान है। इन चार पत्रों के अतिरिक्त और कई पत्र नहीं मिले, जो नष्ट हो गये प्रतीत होते हैं। श्रीमद् के दिये हुए पत्रों में एक पत्र सं० १८९० मिति पौष वदि ११ का मिला है

---

१ इनका जन्म सं० १८४७ में हुआ। सं० १८८५ में अपने पिता महाराजा सूरतसिंह का स्वर्गवास होने पर राज्याधिकारी हुए। ये भी अपने पिता की तरह श्रीमद् के परम भक्त थे। खरतरगच्छ के बड़े उपश्रय व श्रीपूज्यों के प्रति बड़ा आदर रखते थे इनका सं० १९०८में देहान्त हुआ।

जिससे मालूम होता है कि आपने इस वर्ष विहार करने का विचार किया था। जब महाराजा रतनसिंहजी ने सुना तो वे स्वयं श्रीमद् के चरणों में पधार कर विहार न करने की स्वीकृति ले गये जो आपहीं के शब्दों से पाठकों को मालूम होगा। पत्र का आवश्यक अंश यहां अक्षरशः उद्धृत किया जाता है :—

"राजाधिराज काती वदि १ रै दिन को। भीमराजजी हस्तू मनै इसो फुरमायो। एक हूं तैं कनैं वस्तु मांगसुं, सो जरुर मनें देणी पड़सी। मैं आ कई मैं कांगे खन आप कांई मांगसी। पछै काती सुद १० रै दिन हजूर पधार्या। खड़ा रहि गया, विराजै नहीं, जद में अरज कीनी, महाराज विराजै क्यूं नहीं। जद फुरमायो हूं मांगूं सो मनै दे तो बैसूं। जद मैं अरज करी, साहिब फुरमावो सो हाजर। जद फुरमायो, तूं अठै सुं विहार रा परिणाम करै छै सो सर्वथा प्रकार विहार कोई करण देवूं नहीं। जद मैं अरज कीनी, हूं तो बीकानेर इण हीज कारण आयो छो। सो मनै वीस वरस उपरंत अठै हुय गया, म्हांरी चिठी आज तांई कोई नीकली नहीं। जिणं सूं माहरा विहार रा परिणाम हुवा छै। जद फुरमायो म्हांरो ई पुण्य छै। सो एक बार फलोधी जासूं। सो मैं आठ वार अरज करी परं न मानी। उपरंत मैं कह्यो साहिबां री सीख बिना जावूं नहीं; जद विराज्या पछै और बातां घड़ी चार तांई बतलाई। उठतां खड़ा रहि गया फेर फुरमायो जो फेर बैठ जाऊं, जद मैं अरज कीनी, साहिबां री सीख विना कोई जावूं नहीं पछै आप पधारथा। सो माहरो दाणो पाणी बलवान छे तो (पिण) एकबार तो इण वात नै फेर उथेलसूं, पछै जिसो दाणो पाणी। इति तत्त्वम्।"

महारावलजी की वाञ्छापूर्ति :—

जैसलमेर के महारावलजी के पुत्र की वांछा थी और इसके लिये श्रीमद् से बराबर प्रार्थना कराते थे। आपश्री ने चैत सुदि १४ की रात्रि को यक्षराजजी से इस विषय में पूछा। यक्षराजजी ने प्रतिपदा के दिन आकर खुलासा किया कि इन्के दो पुत्र का योग है पर दम्पति के सञ्चिक्कन वीर्य्य के अभाव में बाधा है। श्रीमद् ने औषधि प्रयोग बताते हुए अफीम, भांग एवं सुरापान आदि मादक द्रव्यों के त्याग का निर्देश किया था। इस पत्र की नकल श्रीमद् के हाथ की लिखी हुई हमारे संग्रह में हैं।

उदरामसर दादावाड़ी का जीर्णोद्धार :—

उदरामसर ग्राम के बाहर दादासाहब श्रीजिनदत्तसूरिजी [1] का प्राचीन स्थान है उसके आस-पास बालू की प्रचुरता होने के कारण मंदिर नीचे धस गया था एवं दादासाहब के चरण भी ऊंचे उठा कर प्रतिष्ठित करने की आवश्यता थी। सं० १८८४ के आसपास जैसलमेर के बाफणों-पटवों [2] की बरात बीकानेर के सेठिया अमीचंद जी के यहां आई थी इस अवसर पर श्रीमद् के उपदेश से सेठियाजी ने गौड़ी पार्श्वनाथ जी के मन्दिर में सम्मेतशिखरजी का मन्दिर निर्माण करवा कर तीर्थाधिराज सम्मेतशिखर का संगमरमर का विशाल पट प्रतिष्ठित करवाया तथा जैसलमेर वालों ने उदरामसर स्थित दादासाहब

---

१ देखें हमारा "युगप्रधान जिनदत्तसूरि" ग्रन्थ।

२ यह खानदान राजस्थान में बड़ा प्रसिद्ध रहा है देखें जैन लेख संग्रह भाग ३

के मन्दिर का जीर्णोद्धार सं० १८८३ आषाढ़ वदि १० को कराया। मन्दिर को ऊंचा, उठा कर स्तूप इत्यादि निर्माण कराये गये। श्रीमद् के कथन से चरणों को ऊंचा उठा कर स्तूप में प्रतिष्ठित किया गया। कहा जाता है कि चरणों के नीचे पूर्व प्रतिष्ठा के समय जो वस्त्र रखा गया था वह बिलकुल नया निकला। जैसलमेर वालों ने संघ के ठहरने के लिये नौचौकिया एवं बीकानेर के संघ एवं यति लोंगो ने अपने अपने स्थान बनवाये।

गच्छभेद :--

सं० १८९२ में श्रीपूज्य श्री जिनहर्षसूरिजी [1] के मण्डोवर में स्वर्गवासी हो जाने पर उनके पट्ट पर नवीन आचार्य अभिषिक्त करने के लिये यतिगण और श्रावक समुदाय में काफी मतभेद हो गया इसका निर्णय होने के पूर्व ही श्रीजिनमहेन्द्रसूरिजी को आचार्य पद दे देने से बीकानेर वालों ने श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी को सूरिपद दिया। यति समुदाय में भी कई इधर और कई उधर हो गये। श्रावकों में भी ऐसा ही हुआ। जैसलमेर वाले पटवा श्रीजिनमहेन्द्र-

---

१ आप वालेवा गांव के मीठड़िया बोहरा तिलोकचन्द की पत्नी तारा देवी के पुत्र थे। आपकी दीक्षा स० १८४१ में और आचार्य पद सं० १८५६ सूरत में हुआ था। सं० १८६६ में आपके नेतृत्व में राजाराम गिड़ीया व तिलोकचन्द लूणिया ने शत्रुंजय का एक बड़ा संघ निकाला। बीकानेर का सीमन्धर जिनालय, सम्मेदशिखर पट्ट तथा कलकत्ता के बड़े मन्दिर की आपने प्रतिष्ठा की थी। सम्मेतशिखर, अंतरीक्ष, मक्सीजी, धुलेवा आदि तीर्थों की यात्राकी। सं० १८९२ मंडोवर में आपका स्वर्गवास हो गया। आप के पट्टधर श्रीजिनसौभाग्यसूरि हुए।

सूरिजी [२] के पक्ष में थे और बीकानेर के महाराजा रतनसिंहजी बीकानेर वालों के पक्ष में। कई वर्षों तक इस विषय में खींचतान और सिफारिसें चलती रही। इस विषय के कितने ही विवरण पत्र, चिट्ठियाँ और राज्यादेश पत्र दोनों गद्दियों के श्रीपूज्यों के पास व ज्ञान-भंडारों में विद्यमान है। श्रीमद् ज्ञानसारजी ने इस ग्रन्थी को सुल-झाने का पर्याप्त प्रयत्न भी किया होगा पर गच्छभेद तो हो गया सो हो ही गया इससे खरतर गच्छ की संगठित शक्ति बिखर गई। सं० १८६७ श्रावण बदि १ को जयपुर से संवेगी पं० मंगल ने श्रीमद् को पत्र दिया था जिसमें केवल इस विषय के ही समाचार हैं यह पत्र हरिसागरसूरि जी के संग्रह में हैं। इससे मालूम होता है कि यह विवाद वर्षों तक चला था।

स्वर्गवास :--

इस प्रकार ग्रन्थरचना, शासनसेवा तथा आध्यात्म-धारा में अपने जीवन का साफल्य करते हुए आप ६८ वर्ष की दीर्घायु में स्वर्गवासी हुए। अपनी अंतिम रचना श्री गौड़ी पार्श्वनाथ स्तवन में श्रीमद् स्वयं फरमाते हैं कि—

---

२ आप अलाय के सावसुखा रुघजी की पत्नी सुन्दरी के पुत्र थे आप का जन्म सं० १८६७ दीक्षा सं० १८८५ आचार्य पद सं० १८९२ में हुआ। आप बड़े प्रभावशाली आचार्य थे। अनेक स्थानों में आपने प्रतिष्ठाएं की थी जिनमें शत्रुजयस्थ मोतीशाह सेठ की टूंक उल्लेखनीय है। सं० १८९१ में जैसलमेर के पटवों ने आपके उपदेश से शत्रुंजय का विशाल संघ निकाला। इस संघ में तेईस लाख रुपये व्यय हुए, उदयपुर, जैसलमेर, कोटा, जोधपुर आदि नरेशों की सेनाएं साथ थी, जिनमें ४००० सैनिक थे। सं० १९१४ में इनका स्वर्गवास हुआ।

साठी बुध नाठी या सब कहि है, असीय खसि लोकोक्ति यही।
हूं तौ अठाणं में भूलूं, मो में स्मृति मति केथ रही ॥२॥
गौड़ीराय कहो बड़ी वेर भई।

सं० १८६८ में वृद्धावस्था के कारण आपका शरीर अस्वस्थ रहने लग गया था एवं स्मरण-शक्ति के ह्रास की बात आप स्वयं उपर्युक्त स्तवन में प्रभु से निवेदन करते हैं। अंतिम अवस्था में समाधिपूर्वक मरण पाने के लिये अनसन, आराधना एवं ८४ लक्ष जीवायोनि क्षमापनादि की पद्धति जैन समाज में प्रचलित है। यति-समाज में प्रचलित पद्धति के अनुसार सं० १८६८ मिति आश्विन कृष्णा २ को जीवराशि टिप्पणिका की गयी, जो हमारे संग्रह में है। इसके बाद प्रथम आश्विन कृष्णा १३ को बीकानेर से उ० लक्ष्मीरंगजी ने अजीमगंज स्थित श्रीपूज्य श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी को पत्र दिया था जिसमें श्रीमद् के शरीर की अस्वस्थता के समाचार दिये थे, इसके उत्तर में दिया हुआ श्रीपूज्यजी का पत्र हमारे संग्रह में है जिसका आवश्यक अंश यहां उद्धृत किया जाता है :—

"थांहरो कागद १ प्र। आसोज बद १३ को लिख्यौ आयौ समाचार लिख्या सो जाण्या अबकै कागद बड़ी देर सै आया, सो कागद मास में २ जरूर दीया करज्यो और पं। प्र। श्री ज्ञानसार गणि रै शरीर की व्यवस्था लिखी सो जाणी, शरीर कौ यतन करावज्यो, सुखशाता पूछज्यो। १ दफै अम्हारै मुलाखात करणें की दिल में बहुत लाग रही है सो कह देज्यो अम्हे देस आवें तितरे तो बैठा रहज्यो और कोई वस्तु पास में है सो शिष्य पं। चतुरभुज मुनि सपूत है इण कुं देणा ठीक है और राजाधिराज से पिण अपणौ कार्य आश्री पकाईत करता रहेज्यो ×× सं १८६८ रा मिती द्वि० आसोज सुदि १"

यह पत्र बंगाल जैसे दूर देश से आया था उस समय पत्रों के पहुंचने में पर्याप्त समय लगता था। वास्तव में श्रीमद् का स्वर्गवास इस पत्र लेखन से लगभग १५ दिन पूर्व हो चुका था। लांबियां के यति सुगनसुन्दरजी के पास एक बहुत बड़ी संग्रह पोथी + है, जिसमें कितनी ही याददास्तें लिखी हुई हैं। जिनमें याददास्त के तौर पर पहले उ० श्री क्षमाकल्याणजी के स्वर्ग की नौंध करते हुए श्रीमद् के "सं १८६८ मिती द्वितीय आश्विन बदि ३ अदीतवार संवेगी बाबाजी नराणजी देवलोक हुआ" लिखा है।

इसके बाद मिगसर बदि १३ को आपके शिष्य क्षमानन्दन ने अपनी जीवराशि-टिप्पनिका की, जिसमें आपका नाम नहीं है क्योंकि इतः पूर्व आपका स्वर्गवास हो चुका था।

+ इस पोथी के अवलोकन की भी एक उल्लेखनीय कथा है। प्रस्तुत जीवन परिचय लिख कर प्रेस में देनेकी तैयारी थी पर आपकी स्वर्गतिथि अज्ञात रहने से बड़ा विचार होता था कि इतने बड़े प्रभावशाली व्यक्तिके स्वर्गतिथि का मात्र १०० वर्ष जितना कम समय होनेपर न लगा सके यह एक बड़ी कमी रहगई, पर निरुपाय थे। अकस्मात् फलौधी तीर्थ के पार्श्वनाथ विद्यालय की व्यवस्था सम्बन्धी मिटिंग में भाग लेने का निमन्त्रण मिला उधर विनयसागरजी भी वहीं पधारे हुए थे इनका भी विहार बीकानेर की ओर कराना था फलतः गत ज्येष्ठ कृष्णा में वहां जाना हुआ। बातचीत के शिलशिले में मुनि विनयसागर जी ने लांबियां के यति जो उस समय वहीं थे, के पास एक बड़े खरतर गच्छीय गुटके का पता चला। तत्काल मैंने उसे देखने की उत्सुकता प्रगट की और मुनिश्री के साथ यतिजी के कमरे में जाकर उसे ले आया। इधर उधर के पत्र पलटते अचानक मुझे याददास्त शीर्षक के नीचे लिखी क्षमाकल्याणजी की स्वर्गतिथि के नीचे ही श्रीमद् के स्वर्गवास की याददास्त देखने को मिली जिसे पढ़ते ही अपार आनन्द हुआ।

समाधि मरण की प्रतीक्षा में आप चिरकाल से उत्कंठित ❀ थे, सहज आत्मस्वभाव में लीन होकर अपने भौतिक देह का त्याग किया। राजभवन एवं जैन और जैनेतर समाज में शोक छा गया। राजा और प्रजा ने अपना निस्पृह उपकारी शिरोछत्र खो दिया।

समाधि मन्दिर :—

आप का अग्निसंस्कार भी आपकी प्रिय साधना भूमि—श्रीगौड़ी पार्श्वनाथ जी के मन्दिर के निकट किया गया था वर्त्तमान श्री सेठ जी के बनवाये हुए श्री संखेश्वर पार्श्वनाथ मन्दिर के अहाते में पीछे दाहिनी ओर आपका समाधि-मन्दिर बना हुआ है जिसमें सामने आले में आपश्री की चरणपादुकाएं प्रतिष्ठित हैं; जिनपर निम्नोक्त लेख उत्कीर्णित हैं :—सं० १९०२ वर्षे माघसुदि ६ पं० प्र० ज्ञान-सारजी पादु·····

❀ अन्त्य समाधिमरण शुद्ध देज्यो, ज्ञानसार वीनति मानेज्यो।

† महाराजा रतनसिंहजी को दिए हुए श्रीपूज्य श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी के पत्र से :—

"तथा श्री हजूर से अरजी मालूम रहै तथा श्रीज्ञानसार गणि इस वखत मैं बहोत अच्छा योग्य साधु था। बड़े उपाश्रै कै पूठियादार वगैरे समस्त साधु समुदाय के बहोत सहायकर्ता था। जो साधु आपणौ दुःख आय कैं कहतौ थो तिण कौ दुख श्रीहजूर से मालूम करकै निवर्तन कराय देते थे। श्रीहजूर पिण उणांरौ मोकलौ ही मुलायजौ राखता था। तिण सें बहोत लोकां रौ उपगार करता था, सो उणांरी तौ आयु स्थिति पूरण हुय गई है, सो हिवै श्री हजूर मालक है। मि० फागुण बद ३ सं० १८९८ रा।

शिष्य-परिवार :—

आपके हरसुख (हितविजय), खूबचन्द (क्षमानन्दन), सदा-

सुख (सुखसागर) [1] आदि कई शिष्य थे। जिनमें से हरसुख (हित-विजय) दीक्षा सं० १८३५ फा० व० ११ और खूबचन्द (क्षमानंदन) की दीक्षा सं० १८३५ में श्री जिनचंदसूरि के करकमलों से हो चुकी थी। सदासुखजी सं० १८६१ मि० सु० २ जाणीयाणा में जिनहर्षसूरि के पास दीक्षित हुए सं० १८६७ चैत्र शुक्ल ११ को खूबचन्दजी और सदासुखजी ने किशनगढ़ से जयपुर के श्रावक ताराचन्दजी को पत्र दिया था।

एकवार खूबचन्दजी की मरणांत व्याधिग्रस्त अवस्था में श्री गौड़ीपार्श्वनाथ भगवान की कृपा से शान्ति हुई थी जिसका विशद उल्लेख श्रीमद् ने स्वयं श्रीगौड़ीपार्श्वनाथ स्तवन में किया है जो इस ग्रन्थ के पृ० १२४ में मुद्रित है, आवश्यक अंश उद्धृत किया जाता है :—

करी मोहि सहाय गोड़ीराय, करीय सहाय।
खूबचंद की मंद बिरियां खबर लीनी आय। गौ० ॥१॥
भ्रम प्रलाप अलाप मंदौ, त्यौर नाहीं जस ठाय।
आंख कीकी चढी ऊंची, घूमरी बलिखाय। गौ० ॥२॥
नींद भंग भंग नांही, मन न अपने माय।
उछलन मिस नसा दसदिस, झाला दै जमराय। गौ० ॥३॥
सामि कारज कर्यौ सांमी, लाज राखी ताय।
मो पतित की धवल धींगे, विपद दीध धकाय। गौ० ॥४॥

---

१ इन्होंने सं० १८८६ में उदरामसर दादाजी में शाला बनाई थी जिसका लेख इस प्रकार है :—

"जं० म० श्रीजिनलाभसूरि प्रपौत्रेण पं। सुखसागरेण शाला कारिता सं० १८८६ वर्षे वैशाख सुदि ५।

सं० १८९४—९८ के बीकानेर चातुर्मास विवरण में ज्ञानसारजी को ठा० ७ लिखा है अतः उस समय आपके शिष्य प्रशिष्यादि विद्यमान होंगे। पत्रों में चि० किरपा, पं० चतुरभुज पं० भेर जी, चिरं लखमण[1] नाम भी पाये जाते हैं। श्रीजिनसौभाग्यसूरिजी के पत्र में शिष्य पं० चतुरभुज मुनि सपूत हैं लिखा है, इनके शिष्य जोरजी थे जो सं० १९५५ में स्वर्गवासी हुए थे।

सं० १८९८ ज्येष्ठ सुदि १३ को श्रीपूज्यजी ने अजीमगंज से बीकानेर पं० क्षमानन्दन, सुखसागर को पत्र दिया था। मिती मिगसर बदि १३ को क्षमानन्दन ने जीवराशि टिप्पणिका की, अतः इस समय तक ये दोनों विद्यमान सिद्ध होते हैं।

---

१ लछमण जी का उपाश्रय वेगाणियों की पोल में था, इनके कोई शिष्य नहीं रहने से श्रीमद् की शिष्य संतति विच्छेद हो गयी।

श्रीपूज्यजीके दफ्तर की दीक्षा नन्दी सूची से प्रधान शिष्य-त्रयों के अतिरिक्त निम्नोक्त शिष्य प्रशिष्यों का दीक्षा समय इसप्रकार है :—

१ चतुरो (चन्द्रविशाल) सं० १८६९ मा० शु० १० बीकानेर में जिनहर्षसूरिके दीक्षित

२ भैरा (भक्तिसिंह) सं० १८७६ मा० सु० १२ बु० ग्वालेर ,, (ज्ञानसार पौत्र शि०)

३ लालो (लक्ष्मीशेखर) सं० १८७९ फा० व० ९ बीकानेर ,, (ज्ञानसार शि०)

४ इंदरो (अमरप्रिय) सं० १८९० वै० व० ८ भृ० ,, ,, (क्षमानन्दन शि०)

५ नंदो (नीतिप्रिय) ,, ,, (सुखसागर शि०)

नरेशों पर प्रभाव :—

श्रीमद् बड़े सामर्थ्यशाली विद्वान, निस्पृह, सर्वतोमुखीप्रतिभासंपन्न आत्मानुभवी योगीश्वर थे अतः इनका प्रभाव जैन व जैनेतर समाज में सर्वत्र व्याप्त था। जयपुर-नरेश प्रतापसिंहजी व माधवसिंहजी उदयपुर के महाराणा ज्वानसिंह जी के दरबार में आपका अच्छा सम्मान था। जैसलमेर के रावल गजसिंह जी व बीकानेर नरेश सूरतसिंह जी व रतनसिंह जी आपके परमभक्त थे। जिनके खास रुक्के व पत्रादि का कुछ उल्लेख पिछले पृष्ठों में आ चुका है। ये उभय महाराजा घण्टों तक आपकी सेवा में रहते थे। पाठकों की जानकारी के लिये महाराजा सूरतसिंहजी के पत्रों के कुछ अवतरण यहां दिये जाते हैं :—"स्वस्ति श्री सरब उपमा विराजमान बाबैजी श्री श्री श्री श्री श्री १०८ श्री नारायण देव जी सुं सेवग सूरतसिंह री कोड़ एक दंडोत नमोनारायण वंदणा मालुम हुवै अप्रंच किपापत्र आपरौ आयौ बांचीयां सुं बड़ी खुसवखती हुई आपरै पायै लागां दरसण कीयां रौ सो आणंद हुवौ. आपरी आज्ञा माफक मनसा वाचा क्रमणा कर कही बात में कसर न पड़सी आपरी इग्या माफक सारी बात रो आनंद खुसी छै नारायण री आज्ञा में फेर सनेर करसी तो बाबाजी उतो नारायण रे घर रो चोर हरामखोर हुसी जै रो अठे उठे दोयां लोकां बुरो हुसी वैने पछे त्रिलोकी में ठौड़ न छै। आपरो सेवग जाण सदा किपा महरवानी फुरमावै छै जै सुं विशेष फुरमावण रो हुकम हुसी, दूजी अरज सारी धरमै नु कही छै सो मालुम करसी सं० १८७० मिती मिगसर सुदि ६"

"आपरो दरसण करसुं पाए लागसुं उ दिन परम आनंद रो नारायण करसी आप इतरे पैला कठेइ पधारसो नहीं आ अरज छै दुजो तरै तो सारा मालम छै सेवग टाबर री तो सरम नाराय(ण) नु वा आपनु छै हुतो आप थकां निचिंत छुं।"

"आपरो उबारियो हमें उबरसुं।"

"आपरी भगत में निहचे में तौ औ सरीर रहसी इतरै मनसा वाचा कर कसर न पड़सी और म्हांने तौ परमेश्वर संतां बिना दूजो चवदै भवन न दीसै छै कोई दूजो दीसे तो परमेसर थां संतां नै छोड़ वैने झालूं, सो दूजो कोई ही छै नहीं"

"नारायण रौ ही सागी सरूप आप छौ हमैं नारायण नु का वांरा आप परमभगत छौ संत छौ का चींतामण जी नारायण रो सरूप छै आपरी अरज सुं वां साहिबां नैं सरम छै आपरै दरसन करण री मन में बड़ी अभिलाषा रहै छै सो आप कृपा फुरमायर दरसण दीजसी जरे हुसी आपसुं जोर तौ न छै। मनै तो आपरो टाबर निजसेवक जनम जनम रौ जाणसी सेवग जाण सदा क्रिपा महरवानी फुरमावो छो जैसुं विशेष फुरमावण में आसी"

जैसलमेर के मुंहता जोरावरमल मभूता ने महारावलजी की तरफ से लिखा है कि—

"आजरै समें में इसा सतपुरुष थोरा हुसी बड़ा उपकारी है"

"आप सारी बात जाणौ छौ आपसुं वैद्यक दुजी छानी न छै"

पार्श्व यक्ष प्रत्यक्ष :—

आपकी असाधारण योगशक्ति के प्रभाव से नर और नरेश्वरों

की तो बात ही क्या पर देव भी आपकी सेवा में सर्वदा नतमस्तक रहा करते थे। सं० १८८४ में कवि कृपाराम ने आपकी स्तुति में लिखा है कि—

"काला गोरा सब बीर कहया में, पूरण परचा युं देवै
चौसठ योगिन सदा गुरां रे, अष्ट पहर हाजर रैवै।

★ ★ ★

यक्षराज की महर हुई है कमी न रेवै अबकांई ।३।
चिन्तामण स्वामी सचराचर, पूरण परचा यूं देवै
महाराज की कृपा मोटी, हिल मिल के वातां केवै ।।४।।"

भगवान श्रीगौड़ी पार्श्वनाथ स्वामी पर आप की पूर्ण भक्ति थी अतः श्री चिन्तामणि पार्श्वयक्ष आप से बड़े प्रसन्न रहते थे व प्रायः रात्रि के समय उपस्थित होकर आपसे वार्तालाप किया करते थे। बीकानेर महाराज सूरतसिंहजी के खास रुक्कों में अनेकबार यक्षराज जी की आज्ञा व प्रश्न—समाधानादिका जिक्र आया है। इसी प्रकार जैसलमेर के महारावल गजसिंहजी के पुत्र नहीं था और उन्होंने अपने खास रुक्कों में इसके लिये यक्षराज जी से अर्ज करने की आग्रहपूर्ण प्रार्थना की जिसके उत्तर में श्रीमद् ने जो लिखा उसकी नकल का आवश्यक अंश यहां उद्धृत किया जाता है :—

"चैत्र सुदि १४ पाछली पुहर दोढ रात्र रहयां श्री पंचोई यक्षराजजी पधार्या भैरुंजी आपरै हांथ सूं उणां री आज्ञा प्रमाणै पूजापौ धर्यो छौ सो लीयौ, उणरात्र फुरमायो पूनम री

राव आवस्यां जद इण बात रो जवाब देस्यां मांहरी तरफ री मैं अरजकरी आ लज्या आपरै हाथ राखणी हैं। आज सूधी आप लज्या राखी पिण आ लज्या राख्यां सुं सर्व सही छै नहीं तो पाछली राखी सोई निकमी छै। इतरी मै माहरी अण राव अरज करी। पूनिम रौ फुरमाय गया था आवणरौ सो पूनिम रै दिन तौ आया कोई नहीं। एकम रै दिन पाछली घड़ी छः राव रह्यां पधार्या जद में अरज कीनी रावलजी महाराजां रै पुत्र री वांछा छै सो अरज करावै छै, जद फुरमायो पुत्र दोय रो इणां रे जोग छै···" इत्यादि।

आयुर्वेद ज्ञान :—

गत दो-ढाई सौ वर्षों में यति समाज में वैद्यक ज्योतिषादि ज्ञानका अच्छा प्रचार रहा है फलतः एतद् विषयक अनेकों ग्रन्थ आज भी जैन यतियों द्वारा निर्मित उपलब्ध हैं। अपनी प्रौढावस्था में श्रीमद् वैद्यक विद्या में प्रसिद्ध हो गये थे। पूर्व देश यात्रा के समय मुर्शिदाबाद में कवि जीवराज ने आपकी स्तुति में लिखा है कि :—

"वैद गुरुचेत हेत जाणै नव नाड़ी कौ
करत इलाज ताकौ होत कल्याण जी
कहै कवि जीवराज बड़ी ठौर मानि तांकी
जस को प्रकाश तासों जाणत सुजाण जी
रायचन्द्र जी के सिखि आवै मकसुदाबाद
सुणियो उदार में यतीश्वर नराण जी

★ ★ ★

वैद्यक निधान माफि धनंतरि सो पान जस गच्छ चौरासी माफ ओपे सरताज है।

अजमेर में कवि नवलराय ने भी आपके प्रसंशात्मक कवित्त में वैद्यक, ज्योतिष, मंत्रतंत्र, कवित्त व राजनीति आदि में आपको विशारद बतलाया है। जयपुर नरेश के पट्टहस्ति की चिकित्सा का प्रवाद आगे लिखा जा चुका है। जैसलमेर नरेश तथा कितने ही दूसरों के पत्र आप के आयुर्वेद विशारद होना सूचित करते हैं। इस प्रकार आप एक कुशल वैद्य थे जो द्रव्य और भावरोग (रागादि दोषों) को विनष्ट करने में समर्थ थे।

कला नैपुण्य :—

आपश्री बड़े से लगाकर छोटे सभी कार्यों में सिद्धहस्त थे। हस्तलिपि आपकी बड़ी सुन्दर थी। ज्ञानोपकरणों का निर्माण आप बड़ी मजबूती से करते थे। आपके हाथ से बने पूठे, फाटिया, पटड़ी आदि आज भी "नारायणसाही" नाम से विख्यात हैं जो बड़े मजबूत व कलापूर्ण है। आपने स्वयं अपने विहरमान बीसी के १२ वें स्तवन में लिखा है कि :—

"हुन्नर केता हाथे कीधा, ते पिण उदय उपायै सीधा,
जस उपजायौ जस उदयैं थी, मंद लोम ते मंदोदयथी ॥ ॥

कवि नवलराय ने आपके कवित्त में लिखा है कि :—

"कर्मे विश्वकर्मा सौ, हुन्नर हजार जाके,
वैद्यक में जान सब, ज्योतिष यंत्रतंत्र को"

आपके प्रत्येक कार्य में कला का दर्शन होता है। साधारण

से साधारण बातों में भी कुछ नवीनता और आपकी अपनी छाप रहती थी। आपकी रचनाओं में सम्बन् सूचक शब्दांक प्रचलित परंपरा से भिन्न जैन पारिभाषिक पाये जाते हैं जैसे—प्रवचन माता[८], सिद्ध[१], भय[७], समिति[५], सत्ता[१], निश्चयनय[१]।

बाह्य मुद्रा :—

आप साधुवेष में रहा करते थे व अपने स्वल्प उपगरणों को अपने स्कन्धों पर धारण कर पैदल विचरते थे। श्री सिद्धाचल आदि जिन स्तवन में स्वयं—"वृद्ध वयै पग पंथ खंधो-पगरणवही, कंटक पीड़ा पगतल घास्यै दुःसही"—लिखते हैं। आपके कतिपय चित्र भी उपलब्ध हैं तथा हमारे संग्रह का एक पत्र इस विषय में महत्त्वपूर्ण प्रकाश डालता है जिसका आवश्यक अंश यहां उद्धृत् किया जाता है :—

"॥ ॐ नत्त्वा श्री बाबाजी साहिबां सों वंदना १०८ वार रिखड़े की, आपके गुणग्राम याद करता हूं, हूं किसी लाय (क) हूं नहीं, कृतकृत्य क्योंकर हूंगा मरणा तो आया इहां कुछ नहीं हूं कमाया, एक आपके दर्शन तो पाया बाकी जनम रे गमाया। अब वह मुनि-मुद्रा, कान पर चसमा, ओघा कंधे पर, हस्त में तमाखू डब्बी, ठुमक ठुमक चाल, मुखसे वचना-मृत झरतादिक अनेक आनंदकारी भावमयी माधुरी सूरत कब देखूंगा धाया अब कहां दरसन पाऊंगा, जो है पाया इस जनम में और तो कछु नहीं मैं कमाया एक यही दर्शन अपूर्व पाया इस ध्यान से जनम जनम का पाप गमाया इतना तो

खूबही पूण्य कमाया, आप ध्यान में मुझे निर्बुद्धि को रखोगे तो मैं धन्य धन्य कहाया सिवाय इसके और कुछ है नहीं।"

"पत्र बाबाजी श्री १०८ ज्ञानसार जी महाराज जी के चरणों में"

लघु आनन्दघन :--

आपने अपने दीर्घजीवन का अधिकतर भाग आध्यात्म-ज्ञान-दिवाकर श्रीमद् आनन्दघनजी महाराज के स्तवनों तथा पदों के मनन, अध्ययन, परिशीलन व आलोचन में बिताया था अतः आपके जीवन में आनन्दघनजी का गहरा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही था आपश्री के पद व स्तवनादि में वह स्पष्टतः दृग्गोचर होता है। आपने अपने साहित्य, चौवीसी बालावबोध आदि सभी टीकाओं व प्रश्नोत्तर ग्रन्थों में पचासों जगह आनन्दघनजी के पद व स्तवनों के अवतरण उद्धृत किये हैं, उनके आत्मानुभव व रहस्यमय वाक्यों को जितना आपने समझा था, दूसरे किसीने नहीं। आप उनके साहित्य परिशीलन द्वारा स्वयं आनन्दघनमय हो गये थे अतः स्वर्गीय श्रीजयसागरसूरिजी के लिखे अनुसार यदि आपको 'लघु आनन्दघन' नाम दें तो सार्थक और सर्वथा संगत ही मालूम देता है। आनन्दघन चौवीसी के चिरकाल मनन की कथा श्रीमद् स्वयं सुविधिनाथ स्तवन की प्रस्तावना में भी इसप्रकार लिखते हैं :—

"मैं ज्ञानसारे मारी बुद्धि अनुसारै सं० १८२६ थी विचारते विचारतो सं० १८६६ श्री कृष्णगढ़ मध्ये टब्बो लिख्यो परं मैं इतरा वरसां विचारतांही सी सिद्ध थई—"

आपके पदादि में भी आनन्दघनजी का प्रभाव स्पष्ट हैं।

आत्म परिचय :--

श्रीमद् ने अपनी कृतियों में अपना परिचय और दिनचर्या के सम्बन्ध में जो लिखा है उन्हीं के शब्दों में नीचे दिया जाता है :—

"वंश उकेश लिंग जिन दरसण, रूप रंग बल भासा
प्रगट पंच इन्द्री नर हुन्नर, पूरण आयु प्रवासा ॥ २ ॥

(बहुत्तरी पद १६ वां)

बहुत्तरी के ५२ वें पद में श्रीमद् ने अपनी चर्या का अच्छा वर्णन लिखा है पाठकों को इस ग्रन्थ के पृ० ६४ में देखना चाहिये आनन्दघन चौवीसी बालावबोध में—"हिवै पं० ज्ञानसार प्रथम भट्टारक खरतर गच्छ संप्रदाई वृद्ध वयोन्मुखियै, सर्व गच्छ परंपरा सम्बन्धी हठवाद स्वेच्छायें मूकी एकाकी विहारियैं, क्रमणगढै सं० १८६६ बावीसी नूं अर्थ तिमज बे स्तवन करी तेहनो आशय आगल पोतेंज लिखै।"

लघुता :--

मानव को ऊंचा उठाने में लघुता बड़ी सहायक है। "लघुता से प्रभुता मिले" वाक्य की सार्थकता आपमें पूर्णतः सन्निहित थी। इतने बड़े विद्वान, गीतार्थ, वृद्ध, उत्कृष्ट कवि और सर्वमान्य होते हुए भी अपने को इन्होंने सर्वदा लघु ही माना और लिखा। जो राजा, महाराजा, साधुसंघ या श्रावकवर्ग इन्हें परमात्मा के अवतार रूप मानते थे, श्रीमद् उन्हें पत्रादि देते समय उनके लिए सम्मान सूचक शब्द लिखते हुए अपने लिये "तूं" जैसा लघु शब्द लिखा है। आपकी कृतियों से लघुता के कुछ अवतरण यहां उद्धृत किये जाते हैं :—

"बाह्य कष्ट देखाड़ी मुझ सरिखा घणा,
वंचै मुगध नै दै उपदेश सुहामणा"

(शत्रुंजय स्तवन पृ० १३७)

ज्ञानसार नाम पायो ज्ञान नहिं गेहरा।

(आदिजिन स्तवन पृ० ११५)

"हूं महा मंदबुद्धि, शास्त्र नुं परिज्ञान किमपि नहीं। तेहथी छोटै मुंहै मोटाओनी बात किम लिखाय"

(आध्यात्म गीता बाला० पृ० ३१२)

"हूं महा मूर्ख शेखर, कर्त्ता महापंडितराज"

(वही पृ० ३२८)

हमसे मैंसे भेषधर, कीच कीयौ इक मेक,

(पृ० १७६ मति प्रबोध छत्तीसी)

"मुझ जेहवा वंचकी बाह्य क्रिया कलाप दिखावी नै मुग्ध लोकोने स्वमत आदरवा कारणै"

(पृ० ३६० विविध प्रश्नोत्तर)

"मुझ जेहवा भ्रष्टाचारियो नी संगते शान्ति स्वरुप न पामें।"

(आनन्दघन चौवीसी शान्ति स्त० बाला०)

निष्पृहता :—

कहा जाता है कि एक बार आप उदयपुर पधारे। आपके सद्गुण एवं सिद्धियों की प्रसिद्धि सर्वत्र व्याप्त थी। जब मेवाड़ पति महाराणा की दुहागिन (कृपारहित) राणी ने सुना तो वह

देखिये प्रश्नोत्तर पत्र पृष्ट ४०८।

भी प्रतिदिन श्रीमद् के चरणों में आकर निवेदन करने लगी कि गुरूदेव कोई ऐसा यन्त्र दीजिये, जिससे महाराणाजी की अप्रसन्नता दूर हो और मैं उनकी प्रियपात्र हो जाऊं ! श्रीमद् ने बहुत समझाया, पर राणी किसी तरह न मानी और यंत्र देने के लिए विशेष हठ करने लगी। तब श्रीमद् ने एक कागज के टुकड़े पर कुछ लिखकर दे दिया। राणी की श्रद्धा और श्रीमद् की वचन-सिद्धि से ऐसा संयोग बना कि महाराणाजी की उस राणी पर पूर्ववत् कृपा हो गयी। श्रीनाराणजी बाबा के यंत्र वशीकरण की बात महाराणाजी तक पहुंची और उन्होंने यंत्र के सम्बन्ध में इनसे पूछताछ की। श्रीमद् ने कहा "राजन् ! हमें इन सब कार्यों से क्या प्रयोजन !" जांच करने के लिये यंत्र खोलकर देखा गया तो उसमें "राजा राणी सुं राजी हुवे तो नराणे ने कंइ, राजा राणी सुं रूसै तो नराणै नै कंई" लिखा मिला। इसे देखकर महाराणाजी आपकी निस्पृहता और वचनसिद्धि पर बड़े ही प्रभावित हुए। इसके बाद महाराणा भी आपके अनन्य भक्त हो गये थे। श्रीमद् की कृतियों में महाराणा ज्वानसिंह आशीर्वाद नामक कवित्त तथा उसकी वचनिका उपलब्ध है जिससे भी आपका महाराणाजी के वंश से अच्छा सम्बन्ध मालूम होता है। इस कवित एवं वचनिका में रचयिता का नाम तो नहीं है पर यदि श्रीमद् ने उनकी रचना की होगी तो बीकानेर में रहते ही, क्योंकि महाराणा ज्वान सिंहजी का राज्य-काल उदयपुर के इतिहास के अनुसार सं० १८८५ से १८९५ तक का है उस समय श्रीमद् बीकानेर ही थे।

अपने पिछले जीवन में समस्त प्रवृत्तियों में भाग लेते हुए भी आप सर्वथा निर्लेप रहते थे। अध्यात्म और योग की गहरी अनुभूति में योगी के जल-कमलवत् निर्लेप रहने का उल्लेख मिलता है, आप उस अवस्था को प्राप्त कर चुके थे फलतः व्यवहारिक क्रियाओं को सम्पादन करते हुए भी आप उससे निर्लेप रहते थे। नामकी वाञ्छा से आप सर्वदा दूर रहे। बीकानेर के गौड़ीपार्श्व-जिनालय, दादाबाड़ी, उपाश्रय आदि में जीर्णोद्धार तथा आप नाना प्रवृत्तियां आपके उपदेशों के फलस्वरूप हुई थीं पर आपने शिलालेखादि में कहीं अपना नाम नहीं आने दिया।

आप उच्च कोटिके टीकाकार और समालोचक थे। श्रीमद् आनंदघनजी, देवचंदजी,[1] यशोविजयजी आदि के ग्रंथों पर विवेचन लिखते समय आपने सच्चे समालोचक का कर्त्तव्य पालन करने के नाते श्रीमद् देवचंद्रजी, ज्ञानविमलसूरिजी तथा मोहनविजयजी आदि विद्वानों की बड़ी ही मार्मिक, स्पष्ट और निर्भयतापूर्वक समालोचना की है। इन टीकाओं तथा आलोचनाओं से आपके प्रखर पाण्डित्य और अप्रतिम प्रतिभा का सहज पता मिलता है। इन में विशेषता

---

१ श्रीमद् देवचन्द्रजी का आध्यात्म अनुभव और द्रव्याणुयोग का ज्ञान अत्यन्त विशाल था। आपकी रचनाओं में जैन तत्त्वज्ञान जैनाचार का रहस्य और भक्ति कूट कूट के भरी है। आपके अनुभव वचन की छाप पाठक को आपकी छोटी से छोटी रचना में भी मिले बिना नहीं रहेगी। श्रीमद् बुद्धिसागरसूरि ने आपकी रचनाओं पर मुग्ध होकर छोटी-बड़ी समस्त रचनाओं का संग्रह बड़े प्रयत्नपूर्वक किया और आध्यात्म ज्ञानप्रचारक मंडल की ओर से

यह है कि आलोच्य महापुरुषों की गुरुता व अपनी लघुता प्रदर्शित करते हुए विनयपूर्वक अपने उद्गार लिखे गये हैं। यहां पाठकों के परिज्ञानार्थ, श्रीमद् देवचन्द्रजी कृत आध्यात्मगीता बालावबोध से कुछ अवतरण दिये जाते हैं।

"फिरी चवदमी गाथा ना त्रीजा पद "पर करतार" कह्युं। पनरमी गाथा ना बीजा पद मां "करै कर्म वृद्धि" एहवुं कह्युं। ते परकरतार मां, करै कर्म वृद्धि मां रहस्यार्थे अभिन्न पणो ज सम्भवे छै। नैं आनुपूर्वी पणै फिरी अक्षर घटनायें तो भिन्न दिसै छैं परं महाकविराजे एतलुं न विचार्यु हस्यै परं प्रत्यक्ष विरुद्ध जाणी नै आटलं जणाव्युं छैं। फिरी हुं महामन्दबुद्धि छुं। तेथी ए स्थाने सुज्ञ पुरसे विशेस्यापणे ए रहषार्थ प्रज्ञागोचर करवुं। परं एऊनी चोवीसी (मां) पिण रहस्यार्थ पुनरुक्ति दूषणे दूषित छै। ते लिखवाने पत्र मां स्थानक नथी।"

श्रीमद् देवचन्द्र भाग १—२ नामक विशालग्रन्थों में उन्हें प्रकाशित करवाया है। श्वे० जैनसमाज में श्रीमद् आनन्दघनजी के पश्चात् आध्यात्म तत्त्ववेत्ता के रूप में आपका ही नाम लिया जाता है। श्रीमद् ज्ञानसारजी ने जो आपको एक पूर्व का ज्ञान होने का लिखा है वह आपके असाधारण पाण्डित्य का परिचायक है। आपका जन्म बीकानेर के समीपवर्त्ती गांव में लूणिया तुलसीदास की पत्नी, धनबाई की कूक्षि से सं० १७४६ में हुआ था। सं० १७५६ में आपकी दीक्षा हुई प्रारंभिक विहार राजस्थान व सिन्ध में, फिर गुजरात सौराष्ट्र में अधिक रूप से हुआ। युगप्रधान श्रीजिनचन्द्रसूरिजी की शिष्यपरंपरा में वा० दीपचन्दजी के आप शिष्य थे सं० १८१२ में आपको वाचकपद मिला और उसी वर्ष अहमदाबाद में आपका स्वर्गवास हुआ।

"ए वर्त्तमान २०० बिस्से वरसो ना काल मां एहवा कविराजान अन्य थोड़ा गिणाय तेहवा थया, नैं जाणपणों पण अति विशेष हतूं। नै हुं महामन्दबुद्धि, शास्त्र नुं परिज्ञान किमपि नहीं तेहथी छोटै मुंहें मोटाओ नी बात किम लिखाय। परं श्रावक नैं अति आग्रहै मैं टब्बो करवा मांड्यौ। तिहां जिम योजना मां सम विसम होय तिम लिख्युं जोइये तेहथी लिखूं। "सद्गुरु संग" वली आगल कह्यूं। "करै गुरुरंग"। पुनरपि "शुद्ध गुरुयोग थी"। एम बे गाथा मां त्रण ठिकाणै गुरु शब्द गूंथ्युं ते पुनरोक्ति दूषणें दूषित कविता छै। आधुनिक सहिजना कवि ते पिण ए दूषण तौ टालै जौ एहवै मोटै कवे ए मोटुं दूषण कां न टाल्युं ए विचारवुं"

"स्वगुण द्रव्यपर्याय नें अभावै कर्त्ता कारण कार्यनी एकता न संभवै न निराबाध पणुं संभवै तेथी "स्वगुण आयुध थकी कर्म चूरै" ए भाव प्रथम गूंथवुं योग्य प्रगट जणाय छै तेनै अभावै कारकचक्र स्वभावी सम्पूर्ण साध्यनं किम साधी सके पिण हूं महा मूर्खशेखर कर्त्ता महापण्डितराज परं विबुधैर्विचारणीयं।"

"पोताना आत्मानै चितवन करनै ध्यावै, इहां धर्म ध्यान सूत्रकारै, गुंथ्यौ तेतौ नीचले गुणठाणै रह्यौ। नै एज गाथा ना चौथा पद में नरमोही नै विकल्प जाय, इस्यौ गुंथ्यौ ते तो एता तो क्षीणमोह बारमै गुणठाणै नी बात छै परं मनै तो गूंथ्या प्रमाणैं अर्थ करणौं।"

"अड़त्रीसमीगाथा नां अंतिम पद मां अबाह पद गूंथ्यौ आंई ३९ गाथा में निराबाध पद गूंथ्यौ तिहां अबाह निराबाध ए बे शब्द ए अर्थे एक छै परं मुझनै अक्षर प्रमाणे अर्थ करवुं, परं पुनरुक्ति छै।"

"इहां कर्त्ता नें युत शब्द गूंथणो न हुतो किम युत नो संयुक्त अर्थ होय ते इहां सिद्ध मां संयोगजनित कांइयो नथी। तिहां तो जे समवाय संबंध छै फिरी युत आगल रति शब्द गूंथ्यूं। ते वीतराग थई सिद्धे विराजमान नो राग नो अभाव परं मुझ ने अक्षरनुं अर्थ करवुं।"

श्रीमद् देवचन्द्रजी कृत साधु सझाय टबार्थ से आलोचनात्मक अवतरण यहां उद्धृत किये जाते हैं :—

"ए बे पदों में विरोधाभास छै ते किंचित् लिखुं पर हुं महा निबुद्धि वज्रठार छुं जैन रो जिंदो छुं, महारो माजनो अतिमंद छै सिझाय कर्त्ता नो मोटो माजनो छै, परं सिद्धान्त वाक्यार्थ विरोधाभास कथन लक्ष लक्षण जैन विरुद्ध जाण्या पछी न लिखवुं ते अनंत जिन नुं चोर थावुं छे तेथी लिखूं"

"एहवुं जे कह्युं ए क्षायिक भावे कथन ते विरोध इति सटंक हिवै आगल सिझायनी गाथाओ मां स्यो वर्णन करस्यो परं ए कविराज नी योजना नो एज सुभाव छै तेज वात ने गटरपटर आगे नी पाछे, पाछे नी आगे हांकतो चाल्यो जाय ते तमे पोते विचार लेज्यो। सम्बन्ध विरुद्ध अंगोपांगमंग कविता, बारबार एक पद गुंथाणो ते पुनरुक्ति दूषण कविता ते एहीज सिझाय में तमेही जोई लेज्यो, एक "निज पद" इस जागा गूंथ्यो छै ते गिण लेज्यो इकलो मुझने दूषण मत देज्यो बीजुं एहनो छूटक लिखत सप्तनयाश्रयी सप्तभंग्याश्रयी चुस्त छै स्वरूप ना कथन नी योजना तेमां तो गटरपटर छै ए बिना बीजी सहिज छूटक योजना सटंक छै। योजना करवी ए पण विद्या न्यारी छै, कौमुदी कर्त्तायें शिष्य थी आद्य श्लोक करायो, आप थी न थयो।

वली ए बात खुली न लिखूं तो ए लिखत वांचण वालो मूर्ख-शेखरजाणै एकारणे लिखूं। गुजरात मां ए कहिवत छै—आनंदघन टंकशाली जिनराजसूरि [1] बाबा तो अवध्यवचनी, उ० यशो-

१ आप अकबर प्रतिबोधक युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी के प्रशिष्य और श्रीजिनसिंहसूरिजी के शिष्य थे। सं० १६४७ वै० सु० ७ बीकानेर में बोथरा धर्मसी धारलदेवी के यहां आपका जन्म हुआ सं० १६५६ मि० शु० १३ दीक्षा और सं० १६७४ में आचार्य पदारूढ़ हुए। आप उच्चकोटि के विद्वान और प्रभावशाली आचार्य थे। आपने मेड़ता, शत्रुंजय, माणवड़, लौद्रवा आदि स्थानों मे जिन बिम्बादि की प्रतिष्ठाएं कीं। आपकी नैषध काव्य वृति, शालिभद्र रास, गजसुकुमाल रास तथा चौवीसी, वीसी आदि अनेक रचनाएं उपलब्ध हैं। आपकी शालिभद्र चौपाई नामक कृति का खूब प्रचार हुआ फलतः इसकी सैकड़ों हस्तलिखित प्रतियां तथा कई सचित्र प्रतियां भी पायी जाती है। हमारे संग्रह में भी इसकी दो सचित्र प्रतियां है। कलकत्ता निवासी स्वर्गीय बाबू बहादुरसिंहजी सिंघी के संग्रह में इसकी तत्कालीन सुन्दर सचित्र और अद्वितीय प्रति है जो शाही चित्रकार शालिवाहन के द्वारा चित्रित है। आप उच्चकोटि के कवि थे आपकी उपलब्ध छोटी छोटी कृतियों का हमने संग्रह किया है। सं० १६९९ में आपका स्वर्गवास हुआ। विशेष जानने के लिये हमारा "ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह" देखना चाहिए। इसमें इनकी जीवनी पर श्रीसार कृत रास व चित्र प्रकाशित है शाही चित्रकार शालिवाहन चित्रित पुस्तक में आपका असली चित्र है। आपके सम्बन्धी एक अन्य रास का सार हमने जैन सत्यप्रकाश में प्रकाशित किया था। आपके आज्ञानुवर्ती आचार्य श्रीजिनसागरसूरिजी से सं० १६८६ में आचार्य शाखा तथा आपके पट्टपर सं० १७०० में श्रीजिनरंगसूरिजी से रंगविजय (लखनऊ) शाखा अलग हुई, मूल पट्टपर श्रीजिनरत्नसूरि हुए जिनकी पट्टपरंपरा में बीकानेर के बड़े उपाश्रय के श्रीपूज्य श्रीजिनविजयेन्द्रसूरिजी विद्यमान हैं।

विजय [२] टानरटुनरिया पोते थाप्यो तेज उथाप्यो, उ० देवचन्द जी ने पूर्व नुं ज्ञान एक हतुं तेथी गटरपटरिया, मोहनविजय [३] पन्यास ने

---

२ महोपाध्याय यशोविजयजी जैन साहित्याकाश के उज्वल नक्षत्र थे। इन्होंने काशी में तीनवर्ष रहकर विद्याध्ययन किया। न्यायविशारद न्यायाचार्य आपकी उपाधि थी, आपने संस्कृत, गुजराती और हिन्दी में सैकड़ों रचनाएं कीं। कहा जाता है कि हरिभद्र-सूरिजी के पश्चात् श्वेताम्बर संम्प्रदाय में ऐसे गम्भीर दार्शनिक विद्वान आपही हुए हैं। केवल न्याय पर ही आपके सौ ग्रन्थ बनाने का कहा जाता है, खेद है कि थोड़े वर्षों में ही समुचित प्रचार के अभाव में आपकी २५—३० कृतियां उपलब्ध नहीं रही। आपका जीवन-चरित्र "सुयशवेलि" नामक समकालीन रचना में पाया जाता है। आपकी भाषाकृतियां गूर्जर साहित्यसंग्रह भाग १–२ में प्रकाशित हैं। सुप्रसिद्ध विनयविजयोपाध्याय आपके सहपाठी थे, उनकी अंतिम अपूर्ण रचना श्रीपाल रास की पूर्ति आपही ने की थी जिसकी कई ढालें आजकल नवपदपूजा में सर्वत्र प्रसिद्ध है। सं० १७४५ में आपका स्वर्गवास हुआ था। आपके तत्त्वार्थगीत पर श्रीमद् ज्ञान-सारजी ने बालावबोध लिखा जो इसी ग्रन्थ में प्रकाशित है। आपके एक अन्य पद (जब लग आवै नहीं मन ठाम) का ज्ञानसारजी ने आनन्दघनजी के कथित बतलाया है पर उसके अन्तमें "चिदानन्द-घन सुजस विलासी" छाप होने से ये रचना यशोविजयजी की निश्चित है।

३ पन्यास मोहनविजय तपागच्छीय रूपविजय गणि के शिष्य थे। इन्होंने सं० १७५४ से सं० १७८३ तक कई रास चौपाई आदि भाषा कृतियें निर्माण कीं। इनकी रचना सरल, मधुर और रोचक होने से खूब प्रसिद्ध हैं। सं० १७८३ में रचे हुए चन्द रास की श्रीमद् ने हिन्दी दोहों में समालोचना लिखी है।

लटकाला, मुझ नेआगल अर्थ लिखवुं छै ते अक्षर प्रमाणै अर्थ लिखीस, किहां सरीखो अर्थ दीसे ते म्हारो दूषण न काढस्यो, अक्षर विरुद्ध अर्थे मारो दूषण सही" "आगे नवमी गाथा रे पहले पद में मायक्षये आर्जव नी पूर्णता रे इसो पद गूंथ्यो ए पद नो सम्बन्ध बारमें गुणठाणै बिना मिले नहीं पण कर्त्ताए गूंथ्यो तेथी मने पद रो अर्थ करणो ते लिखूं····· पिण सिझाय कर्त्ता ए आर्यव पद गूंथ्यो तेथी पुनरुक्ति अर्थ लिख्यो"

ज्ञानविमलसूरिजी की आलोचना :-

श्रीमद् आनन्दघन जी महाराज की चौवीसी पर श्रीज्ञानसारजी महाराज का अध्ययन बहुत गम्भीर था। आनन्दघनजी के तत्त्व-ज्ञान और आत्मानुभवमय गूढ़ स्तवनों पर विवेचन होना बहुत आवश्यक था, यद्यपि श्री ज्ञानविमलसूरिजी [1] ने उसपर टब्बा

१ आप भिन्नमालके ओसवाल वासव की पत्नी कनकावती के पुत्र थे। आपका जन्म सं० १६९४ दीक्षा सं० १७०२, सं० १७२७ में पन्यास पद, सं० १६४८ में सूरिपद प्राप्त हुए। सं० १७७० में आपके उपदेश से शत्रुंजय का एक संघ निकला। आपने संस्कृत और भाषा में अनेक ग्रंथों की रचना की जिनके सम्बन्ध में जैन गूर्जर कविओ भाग २/३ में देखना चाहिये। आपके रचित स्तवनादि सैकड़ों की संख्या में उपलब्ध हैं जिनके संग्रह रूप २ भाग प्रकाशित हुए है। सं० १७७७ पाटण में आपका श्रीमद् देवचन्द्र जी से मिलना हुआ था। उनके सहसकूट जिनों की नामावली बनाने पर आप बहुत प्रभावित हुए थे। सं० १७८२ में खंभात में आपका स्वर्गवास हुआ था। आपकी सं० १७२८ से सं० १७७५ तक रचनाएं उपलब्ध हैं। तपागच्छीय धीरविमल गणि के आप शिष्य थे।

लिखा था। पर श्रीमद् के चिर अध्ययन की कसौटी पर वह विचारपूर्ण और खरा नहीं उतरा। अनेक स्थानों में अर्थ स्खलित और अविचारपूर्ण लिखे गये। फलतः श्री ज्ञानविमलसूरिजी का रचित बालावबोध, अनायास ही श्रीमद् के आलोचना का विषय हो गया और उसपर आपको कड़ी और मार्मिक आलोचना करनी पड़ी। यद्यपि आपका यह बालावबोध प्रकाशित हो चुका है फिर भी प्रकाशकों ने उन आलोचना के अंशों को छोड़कर मनमाना संस्करण प्रकाशित किया है अतः पाठकों की जानकारी के लिये बालावबोध के समालोचनात्मक अंशों को यहां उद्धृत किया जाता है :—

"ज्ञानविमलसूरि कृत टब्बा में थी जोइयै धारी नै लिखियै पिणते टब्बानै जोयुं ते किहां एकतौ अर्थ लिखतै अत्यन्त थोडूंज विचार्यू तेउना लिखवा थी जणाय छै ते कोई पूछै किहां ते जणाऊं, ए अभिनन्दन ना पद मां 'अभिनन्दन जिनदर्शन तरसियै, एहनो अर्थ अभिनन्दन परमेश्वर ना मुख नुं देखवु तेनै तरसियै छै एतलै कोई रीते मिलै ते वांछियै एहवूं लिखतै एतलूं नहीं विचायुं दर्शन शब्दे जैन दर्शन नुं कथन छै किम एज गाथा मे त्रीजे पदे "मत २ भेदे रे जो जइ पूछियै" ते परमेश्वर ना मुख देखवा मां मत मत भेदे स्युं पूछस्यै नै तेज अर्थ हुवै तो आगल पद मां 'सहु थापै अहमेव' ते परमेश्वर ना मुख दर्शन मां सर्व मत भेदी अहं एवूं स्युं थापे पर अंत ताइं इमज लिख्यै गयु"

ज्ञानविमल करतै अरथ, कर्यौ न किमपि विचार।
तेथी ए तवना तणौ, लेख लिख्यौ अविचार ॥१॥

"कौईकहिसी विना विचार्यौ स्युं लिख्यौ ते, पहिली गाथा मां

'मत मत भेदे जो जइ पूछियै सहु थापै अहमेव' ए पद मां परमेश्वर ना मुख दर्शन नो स्यौ विशेषण फिरी दर्शन शब्दें सम्यक्त अर्थ लिख्युं तिहां इम न विचार्युं अभिनन्दन जिन दर्शन, जैन दर्शन ते विना मत मत भेदे पूछतै अहंएव स्यूं थापै फिरी अति दुर्गम नयवाद, आगमवादे गुरुगम को नहीं, धीठाई करी मारग संचरुं, एउ मां मुख नो सम्यक्तव नों स्यो विशेषण मुख्य विचार्यो ज थोड़ौ"

(अभिनन्दन स्त० बाला०)

"इहां चन्द्रप्रभुजी नी स्तवना मां प्रथम ज्ञानविमलसूरि इम लिख्युं हिवै शुद्ध चेतना अशुद्ध चेतना प्रतें कहै छै। अनादि आतमायैं उपाधि भावैं आदर्या माटै सपत्नी भावै सखि कही पिण शुद्ध चेतना नै सखी सुमति श्रद्धादि सम्भवैं जिम ★ ★ ★ ए स्वपक्षे वचन सूत्रकर्तायेज कह्यौ ते सूत्रकर्त्ता तौ भद्रक न हुतो परं अर्थकर्त्ता इम लिख्युं, ते ते जाणै।" (चन्द्रप्रभ स्त० बाला०)

"ज्ञानविमलसूरि महा पण्डित हुता, तेउए उपयोग तीक्ष्ण प्रयुंज्यौ हुंत तौ समर्थ अर्थ करी सकता। तेउए तो अर्थ करतै विचारणा अत्यंत न्यूनज करी, नें मैं ज्ञानसारें मारी बुद्धि अनुसारैं सम्वत १८२६ थी विचारतै विचारतै सम्बत १८६६ श्रीकृष्णगढ़ मध्ये टबौ लिख्यौ पर मैं इतरा वरसां बिचार विचारतां ही सी सिद्धि थई ऐहवौ मोटौ पंडित बिचार बिचार लिखतौ तौ सम्पूर्ण अर्थ थातौ परं ज्ञानविमलसूरिजी ये तौ असमझ व्यापारी ज्युं सौदो बेच्यो करै नफौ तोटौ न समझै तिम ज्ञानविमलसूरिजीयें पिण लिखतां लेखण न अटकावणी एज पंडिताई नो लक्षण निर्द्धार कीनौ, अर्थ

व्यर्थ अर्थ समर्थित नी गिणत न गिणी ।"(सुविधिजिन स्तवन बाला०)

सूत्रकर्त्तायें शीतल जिन नी स्तवना मां "शक्ति व्यक्ति त्रिभुवन प्रभुता निग्रंथता संयोगे रे" ए गाथा मां पांच द्विक संयोगी त्रिभंगी बतावी छै नै अर्थकरता ज्ञानविमलसूरै एहवूं लिख्युं--शक्ति पामी ने करुणा तीक्ष्णता कर्म हणवानैं विसै व्यक्तज छै त्रिभुवन प्रभुता पामी ने उदासीनता ए त्रण गुण निग्रंथता नै संयोगे अथवा शक्ति व्यक्ति ! त्रिभुवन प्रभुता अने निग्रंथता ३ ए त्रिभंगी तुम्ह मांहि सामठी छै ए लिखत तिहां थी ज लिख्यो छै । आंई उपयोग प्रयुंजना थोड़ी प्रयूंजी, फिरी "इत्यादिक बहु भंग त्रिभंगी" तिहां बहु भंग त्रिभंगी ने स्थाने ए त्रिभंगी लिखता ही थोड़ुं विचार्यु कां उत्पति १ नास २ परमेश्वर मां नथी संभवता सत् १ असत् २ सद् सत् ३ ए त्रिभंगी नौ संभव न छै "(शीतल जिनस्त० बाला०)

"अर्थ करतै ज्ञानविमलसूरै "श्री श्रेयांस जिन अंतरजामी" एहनुं अर्थ लिख्युं यथा-श्रीश्रेयांसजिन अंतरजामी मारा मन मां वस्या छो, ते मारी विचारणाये इम न जोइये, किम एतौ सुमति सहित आनन्दघन नौ वचन परमेश्वर थी छै यथा"—इत्यादि

"अर्थ करताये अर्थ करते थतै आंई प्रमाद वशै ना भ्रांति वशै लिख्यो जणाय छै । ★ ★ ★ एक अनेक रुप नयवादे एहनूं अर्थ इम लिख्युं छै शुद्ध निश्चै नये करी नयवादी अनेक रूपी छै ए वर्ण लिख्या छै ए वर्णों नो रहस्यार्थ लिखवा वालै ने मास्यो हुस्ये बीजूं ए लिखत असंबद्ध प्रलाप मासै छै ।"

(श्रेयांस जिनस्तवन बाला०)

"अर्थ कर्त्ता ज्ञानविमलसूरै ए गाथा नो अर्थ करतां, हूं छुं तो महामूर्खशेखर परं आंई तौ मामूर थोडूंज विचार्य जणाय छै यथा— ★ ★ ★ स्यूं संभव परं रागंगी नुं वाय सरवूं ही मलार" (विमल जिन स्तवन बाला०)

"ए स्तवन नौ अर्थ करतां अर्थकर्त्तायें मूल थीज न विचार्युं— धार तरवार नी तौ सोहिली परं १४ जिन नी चरणकमल सेवा मां विविध किरिया स्यूं सेवै, फिरी चरणसेवा मां गच्छ ना भेद तत्त्व नी बात उदर भरण निज काज करवानों स्यों सम्बन्ध ? फिरी चरणसेवा मां निरपेक्ष सापेक्ष वचन, भूठा साचा नो स्यो सम्बन्ध ? फिरी देवगुरू धर्म नी शुद्ध श्रद्धा नी शुद्धता, उत्सूत्र सूत्र भासवा नो, पाप पुण्य नो सम्बन्ध स्यौ ? परं चरण सेवा—चारित्र सेवा ए अर्थ न पाम्युं चरणसेवा पदसेवा भास्युं तेह थी एज अर्थ ने सिधश्री थी मिती पर्यंत अंधोधुन्ध परै धकावता ज चाल्या गया।" (अनंतजिन स्तवन बाला०)

अर्थकर्त्तायें अर्थ करतां "देखै परम निधान" आंई निधान शब्दै धर्म निधान एहवो लिख्यो नै आंई "निधान" शब्दै स्वरुप प्राप्ति रूप निधान देखें ए अर्थ छै। धर्म प्राप्ति रूप निधान अर्थ नथी संभवतुं ★ ★ ★ एहनौ पिण अर्थ वलित छै परं लिखवानो स्थानक नथी" (धर्म जिनस्तवन बाला०)

ए स्तवन मां अर्थकारके 'कहो मन किम परखाय' ए पद नो अर्थ करते मन प्रसन्नवंत थई ने कहौ एहवं परमेश्वर थी कह्युं नें ए वचन विरुद्ध छै। परमेश्वर ने मननुं मनन न संभवै"

(शान्ति जिन स्त० बाला०)

ए तवन मां अर्थकर्त्तायें "नांखे अलवै पासे" ए पद नु अर्थ इम लिख्यं, जे चितवे कांइ अलवै वांकूं करै ते ए पद नूं तौ अक्षरार्थ, अलवै सहिजै, पास पद नुं अर्थ जालि मां नांखै, शब्द नूं अक्षरार्थ जोइयै तो इम, परं मोटा विबुध, भाषा ने सहिज जाणी ने अर्थ नों कर्त्ता अर्थ करतां विचारणा थोड़ी राखै परं एहवी भासा नौ तौ अर्थ, अर्थकरता नें जरूर विचारी ने अर्थ लिख्यूं जोइये किम "सितंवद एकं मा लिख:" एहवूं कह्यूं छे ते माटे फिरी आगल पिण लिखतौ थोडुं विचार्यु, यथा—सूत्रकर्त्तायें प्रथम गाथा ना अंत पद मां ए पाठ कह्यु, तिम तिम अलगु माजै ए पद नुं अर्थ कर्त्तायें लिख्यू तिम तिम अलगु अवलु मुक्ति मार्ग थी विपरीत माजै छे एहव टब्बा में लिख्यूंपर अलगु शब्द नु अवलु किम थाय तेथी अर्थकर्त्तायें आंई तौ अर्थ करतै मूल थी थोड़ी विचारणा कीनी फिरी ते "समझे न मारो सालौ" एहनुं अर्थ लिख्युं माह रोसालौ ते रीस घणी मन मां इर्ष्यावंत इम लिख्युं ने मन मां रोस बिना काम क्रोधादि मन मां स्युं नथी संभवता तेथी माहरौसालौ तो न संभवै फिरी तेहनुं पर्यायार्थ करी ने लिख्यूं छै सालौ ते देश विशेषे धणियाणी ना भाई नै कहै छै ते देश विशेषे नो जइये लिख्युं जोइये जो सर्व देश विशेषे धणियाणी ना भाई नै सालौ न कहिता हुवे कोई देशे कहिता हुवे तौ परं सर्वदेशो मां धणियाणी ना भाई सालौज कहै छै तइये ते देश विशेषे धणियाणी ना भाई ने सालौ कहै ए लिखवानु स्यूं कारण" (श्रीकुंथु जिनस्तवन बाला०)

"ए तवना नो अर्थ करते अर्थकारके "परवडै छांहड़ी जिह पड़े" एह पद नुं अर्थ पर कहितां पुदगल नी बड़ाई नी छाया तथा स्व

इच्छा जिहां पडै ते हिज पर समय नौ निवास एतले जे इच्छाचारी अशुद्ध अनुभव तेहिज परसमय कहिये। ए अक्षर लिख्यां पिण पर नो तो पुद्गलार्थ थाय परं वड़ शब्द नु बड़ाई अर्थ किम संभवै नै बड़ाई सी वृक्ष छै जेहनी छाया संभवै परं अर्थकर्त्तायें अर्थ करतें कांई थोड़ुं विचार्यु जणाय छै फिरी एक पखी लखि प्रीत नी तुम साथे जगनाथ "हे जगनाथ तुम साथे एक पखी प्रीत लाखे गमे नरमी छे। सरागी ते लाख गमें शुद्ध व्यवहारें तुम साथे प्रीत बांधनार छै प्रथम तोए अक्षरार्थ मांहि कोई रहस्यार्थ नथी भासतुं फिरी गाथा ना उतरदल मां विरोधाभास मासे छै पूर्व दल मां तो परपक्ष सम्बन्धी अर्थ लिख्युं, उत्तर दलें कृपा करी ने तुम्हारा चरण तले हाथे ग्रही ने मुझने राखज्यो ए स्व पक्ष स्युं" (अरनाथ स्त० बाला०)

"अर्थकारके पांचमी गाथा ने बीजे पदे पामर करसाली पामर करसाओ नी अलि पंक्ति ते बे पदो नो एक पद करी ने भूंछ एकज अर्थ कर्युं फिरी दशमी गाथा ने अंते त्रीजे पदे दोष निरूपण तिहां एक बार तौ दोष नुं निरूपण कहिवुं ए अर्थ कर्युं फिरी वा लिखी ने दोष नुं निरूपण निर्दषण थया एहवुं अर्थ करी दीधुं फिरी आठवीं गाथा ने त्रीजे पदे जगविघन निवारक पद नुं जगत ने विघनकारी ते निवारी ने एहवुं अर्थ करी दीधुं तेनुं अर्थ मारी बुद्धि प्रमाणे लिख्युं ते जोउयो. आनंदघन नु आशय आनंदघन साथे गयुं" (श्री मल्लि जिन स्त० बाला०)

"अर्थकर्त्तायें 'जड़ चेतन ए आतम एकज' ए तीजी गाथा नुं अर्थ विरुद्ध पर विरुद्धपण न कहाय ए एकज गाथा मां त्रण ठिकाणै

निरपेक्षक वचन लिखी गयुं प्रथम जड़ चेतनेति ★ ★ ★
ए ऊपर लिखवानुं स्युं कार्य ए एक स्थानके लिख्युं परं अन्य स्थानके लिख्युं तेहनु केतलूंक लिखूं परं मोटा"

(मुनिसुव्रत जिन स्त० बाला०)

अर्थकर्त्तायें जे जे स्थानके जे जे विरूद्ध लिख्युं ते ते मारै लघु मुखै मोटाओना अर्थ नो अपमान केतलोक लिखूं परं अर्थकारके अर्थ करतै अल्प ही विचार्युं नहीं। अर्थकार मां विचारणा अल्प जणाय छै यथा—सदा सिद्धचक्राय श्रीपाल राजा—सूत्रकर्त्तायें तो आतम सत्ता विवरण करता इम गूंथ्यौ ने अर्थकारकै अर्थ करतां लिख्युं आत्मा नी सत्ता नै कर्त्ता नो विवरण आत्मा मां तिष्टमान छै ए स्यूं लिख्यूं इणै तो आत्म सत्ता नै विवरण करता एहवुं रहस्य कहयुं तेथी सांख्य योग बेई आत्म सत्ता ना विवरण कारक कह्या फिरी एहथी आगल पदमां "लहौ दुग अंग" तेहनु अर्थकारकै लहो नो लघुसामान्य अर्थ कर्यो सत्रकार नौ रहस्य लहौ दुग अंग ताम ए बे अंग लहौ-लामौ नाम पामौ फिरी एथी आगल तीजी गाथा मां त्रीजो पद लोकालोक अवलंबन भजिये एहवुं अर्थ लिख्युं लोक ते पंचास्तिकायात्मक अलोक ते आकाशास्तिकायात्मक वा लोक ते रूपी द्रव्य अने अलोक ते अरूपी द्रव्य इम लिख्युं ते भेद सौगत मीमांसक कह्या तेमा पंचास्तिकायात्मक लोक मां स्युं भेद अलोक आकाशास्तिकायात्मक मां स्युं अभेद फिरी वा लिखने लोक अलोक नुं अरूपी द्रव्य अर्थ लिख्युं ते सौगत मीमांसक मां पंचास्तिकायात्मक वा रूपी अरूपी द्रव्य एक तेऊं मां स्युं सम्भव परं लिख्या चल्या गया लिखतां

लेखण अटकावणी नहीं एज रहस्य विचार्युं जणाय छै फिरी आगल पिण घणै ठिकाणै इमज लिख्युं छै ने तमे ए टब्बामा अर्थ अने ते टब्बा नो अर्थ जोइ नै विचारस्यो तइये प्रकट जणावस्यै एमा मैं निबद्धिये मारी मूढ मतें लिख्युं छै परं कर्ता नो गंभीराशय कर्त्ता समझै" (नमिनाथ स्तवन बाला०)

"अर्थ कारै अर्थ लिखतै" जिण जोणी तुझ ने जोऊं तिण जोणी जोवो राज एक बार मुझनै जोवो, ए पदो ने दोय स्थानकै जोवो राज मुझने जोवो राज नो अर्थ लिख्यो तुमे जोवौ हे राजन् मुझ नै जोवा नो अर्थ लिख्यौ, जौ पोताना दास भाव मुझ ने जोवो निरखो आंइ एतलो तो विचारवो हतो ए कविराज राजन् तौ अर्थ भिन्न बिना पुनरुक्ति दूषण दूषित पद योजना करवा थी रह्यो। तेथी मला आंइ तो कांइ विचार्युं हतुं परं बेइ वार जोवो जोवौ अर्थ करी ने वेगला थई गया। "फिरी एक गुभ्य घटतु नथी" तिहां गुभ्य ए ठहिराव्यौ कै परणवा आव्या पिण पाछां फिरी गया ए स्यानौ गुभ्य सर्व लोक थी प्रगट माटे फिरी कारण रुपी नो अर्थ लिख्यो प्रभूजीये पोता नो उपादान शुद्ध थावा ने ए प्रभू निमित्ते रुप भज्यो सुं प्रभू ए भज्यो एवो वचन राजीमती नो छे परं धकाव्ये गयो। (श्री नेमि जिन स्त० बाला०)

चन्द राजा रास की समालोचना :—

अठारहवीं शती में कवि मोहनविजय एक प्रसिद्ध कवि हुए हैं, जिनकी कतिपय रास—चौपाई स्तवनादि की भाषा कृतियें उपलब्ध हैं। गत तीन शताब्दियों (१७ वीं से १९ वीं) में रासों का खूब प्रचार हुआ है। और हजारों की सँख्या में भाषाकृतियां निर्मित हुई।

व्याख्यान में प्रातः एवं मध्याह्न अथवा रात्रि के समय श्रोता लोगों के समक्ष रास गाकर कथा विवेचन करने की प्रणाली यति समाज में प्रचलित + थी। सत्रहवीं शताब्दी के नैषध काव्य वृत्यादि के निर्माता विद्वान आचार्य श्रीजिनराजसूरिका 'अबध्य वचनी' के रूप में देवचन्द्रजी कृत साधु सझाय के टब्बे के अवतरणों में नाम आ चुका है। आपकी शालिभद्र चौपाई जैन समाज में खूब प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी थी। इसकी सचित्र प्रतियां भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। श्रीमद् ज्ञानसारजी के लिखे अनुसार मोहन-विजय जी ने शालिभद्र चौपाई के प्रतियोगियता में हीन दिखाने के लिए * कल्पित कथा चन्द्र राजा के रास' की सं० १७८३ में रचना की थी। श्रीमद् ने उस कृति की समालोचना बड़ी ही विद्वतापूर्ण और अपूर्व ढंग से लिखी है। इस कृति के छन्द-दोष, सम-विसम में मात्राओं का हीनाधिक्य, असंबद्धता, अलंकार दोष, उपमेयोपम व स्वपक्ष परपक्ष वचन असंबद्धता का निरसन करते हुए हिन्दी के ४१३ दोहों में (जिनमें भी सवैये कुण्डलिये भी हैं) मार्मिक आलोचना की है उन दोहों को पढ़ना प्रारम्भ करने पर छोड़ने की इच्छा नहीं होती,

+ तेरापंथी सम्प्रदाय में आज भी चातुर्मास में रात्रि के समय राम रास गाया जाता है।

* फलतः यह लोक कथा प्रतीत होती है ब्रज में भी इस पर काव्य मिलता है देखो ब्रज भारती का वर्ष ४ अं० १०।

१ व्यर्थ करन कारण करौ, मोहन चंद चरित्र
साल चरित्र रचना भई, साण चढायो शस्त्र। ३।

शालभद्र नी चौपाई रचना हीन दिखावण कारण ए चौपाई रची पर रचनो मां अंतर रवि काच तेज जेतलो छै।

इसमें केवल दोषों का उद्‌घाटन ही नहीं है अपितु उप्रन ासंगिक हेतु युक्ति और उपमाओं से युक्त दोहों को यथास्थान डाल कर आलोच्य रास की शोभा में चौगुनी अभिवृद्धि की है। अपने ढंग की यह एक ही रचना है और समालोचना का आदर्श उपस्थित करती है पाठकों की जानकारी के लिए यहां उसके थोड़े से अवतरण दिये जाते हैं।

ढाल २ गाथा १३ वीं तृतीय पाद में—नृप जालिका थई ऊतर्यो गूंथ्यो परं जालिये राजा किम समावै छिद्र छोटा तेथी बारी गूंथवी योग्य हुती परं कवि की योजना मात्र उछक वृत्ति नी छै।

स्वपक्ष पर पक्ष को, न कर सकै कवि यत्न,
सो दूषण अलकार को, कैसे करे प्रयत्न

★ ★ ★

इह दूषण अलंकार के, विवरण करे न जाय
इक दो चौ षट दस कहै, कौलों अधिक कहाय

★ ★ ★

जिह तिह चन्द चरित्र को, नाम लेत कविराय
चोरी प्रगटै चोर कै, तो हू सौगन खाय

★ ★ ★

इह कवि ऐसे जान है, मेरे जैसी बुद्धि।
होय तबे को ज्यान है, याकी शुद्धाशुद्धि
अपनी बुद्धि प्रमान वर, कवि कविता कर जेत।
देखत कवि छंदादि सब, दूषण भूषन हेत। २।

धर्म वाच वाचक अरथ, उपमा उर उपमेय
स्वपर पक्ष देसादिसब, वर कवि नर लख लेय। ३।
खिण में जाणे कूकड़ो, खिण में जाणै चन्द
को गज घोरा को लखै, घोरा कौन गयन्द
कर्त्ता असंभव नो, संभव करै छै।

तूटौ दोरो तेह
नौ वरसां नट संग रहे, आभा रहि अवशेष
सोल वरस दोरो निमै, अचरज यही विशेष ? ॥

इस ग्रन्थ में सुभाषित व लोकोक्तियों का भी समावेश करने के साथ साथ उपमाओं को खचित करने में अपूर्व रचनाकौशल्य व पाण्डित्य का परिचय दिया है।

कविवर बनारसीदास जी के समयसार में आई हुई कतिपय एकान्तवाद व निश्चय नय सम्बन्धी मान्यताओं की आलोचना आपने भाव षट्त्रिंशिका तथा जिनमताश्रित आत्मप्रबोध छत्तीसी में सृजन सौष्ठव व प्रासाद गुण युक्त कविताओं में की है। जिन्हें पाठकों को इसी ग्रन्थ में पढ़कर स्वयं ज्ञात कर लेना चाहिये।

विद्वत्ता :—

आपश्री अपने समय के उच्चकोटि के विद्वान और गीतार्थ थे। आपश्री की कृतियों में आगमज्ञान, अनुभवज्ञान व छन्द-अलंकार काव्यादि प्रत्येक विषय का पाण्डित्य झलकता है। यों तो आपकी कृतियां सभी विषय की हैं परन्तु आध्यात्मिक कृतियां मुमुक्षुओं को सन्मार्ग आरुढ़ करने के लिये बड़ी ही उपयोगी है। अपनी रचनाओं

में आपश्री ने पचासों जगह उदाहरण और अवतरण देकर विषय को स्पष्ट किया है। इन अवतरणों में जीवविचार, कर्मग्रंथ, चैत्यवंदनभाष्य, समयसार, आवश्यक निर्युक्ति, पुष्पमालाप्रकरण, विशेषावश्यक, आचारांग, स्थानांग, भगवतीसूत्र, उत्तराध्ययन, अनुयोगद्वार, प्रश्नव्याकरण, हेमकोश, अभयदेवसूरि कृत महावीर स्तोत्र, सारस्वत व्याकरण, तत्वार्थसूत्र आदि आगम प्रकरणों तथा श्री आनन्दघन जी, देवचन्द्र जी, यशोविजय जी, रूपचन्द्र पाठक, मोहनविजयजी, जिनराजसूरिजी आदि की कृतियों तथा वेदवाक्य, पाणिनी, कालिदास, कबीर, भर्तृहरि इत्यादि के वाक्यों का भी स्थान स्थान पर नामोल्लेखपूर्वक निर्देश किया है। आपने अपनी कृतियों के अवतरण तो पचासों स्थानों पर दिये हैं जिनमें कतिपय उद्धरण तो आपकी कृतियों में प्राप्त हैं, अवशिष्ट "मदुक्तिर्यं" या तो प्रासंगिक हैं या वे जिन ग्रन्थों की हैं वे ग्रन्थ अप्राप्य हैं। इस ग्रन्थ में आये हुए अवतरणों को परिशिष्ट में देखना चाहिए। आपने स्वयं प्रसंगवश सन्मतितर्क,[1] वास्तुराज[2] प्रभृति ग्रन्थों के परिशीलन का उल्लेख विविध प्रश्नोत्तरादि ग्रन्थों में किया है।

---

१ सुप्रसिद्धसिद्ध सेन दिवाकर रचित जैन न्यायका यह प्राथमिक ग्रन्थ है। इसपर वादि पंचानन श्री अभयदेवसूरि की महत्वपूर्ण विशिष्ट टीका प्रकाशित हो चुकी है। श्रीमद् ने साधु सज्झाय के टब्बे में इस ग्रन्थ के ५५००० श्लोकों में से ४०० श्लोक स्वयं पढ़ने का उल्लेख किया है।

२ भारतीय वास्तुविद्या सम्बन्धी साहित्य बहुत विशाल है। इस

भाषा—

आपका जन्म राजस्थान (रियासत बीकानेर) में होने के कारण आपकी मातृभाषा राजस्थानी थी। आपने अपनी कृतियोंमें राजस्थानी तथा गुजराती मिश्रित राजस्थानी व हिन्दी भाषा का प्रयोग किया है। जैन कवियों ने अपने ग्रन्थों में गुजराती भाषा का प्रयोग इसीलिए किया है कि गुजरात-मारवाड़ आदि सर्व देशीय श्रावकों व संघको वे रचनाएँ समान रूपसे उपयोगी हो सके। पूर्वकाल में गुजराती और राजस्थानी में आजकी भांति अधिक अन्तर भी नहीं था फिर भी जैनाचार्यों के लालित्यपूर्ण गुजराती भाषा को प्रमाणभूत मानने का श्रीमद् ने आध्यात्म-गीता के बालावबोध में लिखा है :—

"बालबोध रचना रचूं, गूज्जरधर नी वाण।
पूर्वाचार्य अति ललित, जाणी करी प्रमाण।"

आपका राजस्थानी, गुजराती और हिन्दी भाषा पर तो पूरा अधिकार था ही पर व्रज, ग्वालेरी, सिन्धु आदि भाषओं की भी आपकी अच्छी अभिज्ञता थी। पूरब देश वर्णन छंद में बंगला भाषा के शब्दों का भी निर्देश किया है। अब आपकी कृतियों का भाषाओं की दृष्टि से वर्गीकरण किया जाता है :—

विषय के छोटे-बड़े लगभग २०० ग्रन्थ पाये जाते हैं। श्रीमद् ने प्रश्नोत्तर ग्रन्थ पृ० ४०५ में वास्तुराज नामक ग्रन्थ के २००० श्लोक स्वयं पढ़ने का उल्लेख किया है। इस ग्रन्थ में गृहनिर्माण के १६ प्रकारों का वर्णन है। यह ग्रन्थ किसके रचित व कहां प्राप्य है, अन्वेषणीय है।

हिन्दी— छत्तीसी ४, पूरब देश वर्णन छंद, चंद चौपाई समालोचना, प्रस्ताविक अष्टोत्तरी, कामोद्दीपन, मालापिङ्गल, निहालबावनी, प्रतापसिंह समुद्रबद्ध काव्य, चौबीसी, ज्वानसिंह आशीर्वाद, बहुत्तरी।

राजस्थानी—संबोध-अष्टोत्तरी, आत्मनिन्दा, नवपदपूजा, बासठ मार्गणा, हेमदण्डक, आत्मनिन्दा, ज्वानसिंह आशीर्वाद वचनिका, प्रतापसिंह समुद्रबद्ध काव्य वचनिका, विविध प्रश्नोत्तर नं० १-२, पंचसमवायविचार, विहरमानवीसी।

गुजराती—आध्यात्म गीता बालावबोध, साधुसज्झाय बाला०, आनंदघन चौबीसीबाला०, प्रश्नोत्तर ग्रन्थ नं० १ (हिन्दीके प्रश्नोंके उत्तर); आनन्दघन पद बाला० आदि ग्रंथोंमें राजस्थानी मिश्रित हैं, कहीं-कहीं तो शुद्ध राजस्थानी भाषा ही लिखी है।

मुहावरे—आपकी भाषा बड़ी मुहावरेदार थी जिसका यहां थोड़ा नमूना उपस्थित किया जाता है :—

"थे नगर सेठ छौ कांई डाढ़ में कांकरौं राख कै लिख्यौ छै। परभव भय सुं निडर थका केई मुझ सरीखा इसौ ही कहिता हुसी। बिना सुण्यां जाणीजै छै थे लिखी न हुसी....." "तें आध्यात्म गीता रा बालावबोधमें थोड़ौ लिख्यौ सो ऊपर लिखियौ जिणरो सारौ उत्तर दरावसी। हुंतो परभाव रो रागी हुऔ डूबूं छुं आपरी कृपासुं आछौ हुसी, इसो लिख्यो सो हुं तौ आछौ होयलूँ

पछै थांनै आछा कर लेस्यूँ पहिलां आपरी दाढ़ी बुझायां पछै पातस्या जी री बुझै छै इण रो उत्तर ओ छै"। (विविध प्रश्नोत्तर नं २)

"जद फुरमायो तूं अठै सुं विहार रा परिणाम करै छै सो सर्वथा प्रकार विहार कोई करण देवूं नहीं जद मैं अरज कीनो हूं तो बीकानेर इणहीज कारण आयौ छौ सो मनै बीस बरस उपरंत अठै हुय गया सो म्हारो चिठी आज तांई कोई नीकलो नहीं, जिणसूं विहार रा परिणाम हुआ छै (जेसलमेर को दिये पत्र से)

रे चेतन तूं थारो उत्पत्ति तो देख! कोई बार मां पणै केई बार पुत्र पणै केई बार पुत्री पणौ केई बार स्त्री पणौ ऐ थारा नाच तौ देख। ठगरी बेटी कह्यो थो हे माताजी हे पिताजी हूं इतरा पाप करूं छुं सो कुण भोगवसी, बेटी करसी सो भोगवसी, तो धिक्कार पड़ौ इण संसार नै × × रे चेतन! तूं कहै हूं, रे तूं कुण ? विष्टा मांहिली लट तूं हीज हुवै। (आत्मनिन्दा)

जद मैं कह्यो म्हारै तो मैण रो नाक छै हूं तो 'नमुक्कार विण व्रत नहीं' इसो पाठ कर देसूं। (भावषट्त्रिंशिका टिप्पण)

यद्यपि आप संस्कृत प्राकृतादि भाषाओं के भी प्रकाण्ड विद्वान थे पर जानतिक उपकार की दृष्टि से आपने सारे ग्रन्थ देश्य भाषाओं में ही लिखे। संस्कृत में रचित केवल दादासाहब की दो पूजाएँ तथा माधवसिंह आशीर्वादाष्टक उपलब्ध हैं।

भक्ति व कवित्व—

श्रीमद् का हृदय बाल्यकाल से ही जिनेश्वर भगवान के प्रति भक्ति से ओतप्रोत था। चौबीसी, बीसी तथा स्तवनादि पदों

में आपने बड़े ही मार्मिक रूप में भक्ति-उद्गार प्रगट किये हैं। कहीं दार्शनिक विचार तो कहीं तत्वज्ञान और कहीं उत्प्रेक्षाएं व भावावेश में वक्रोक्ति तथा उपालम्भ तो कहीं आत्मानुभव तथा शान्त, वैराग्य और करुण रस की भागीरथी वहायी है। बहुत्तरी व विहरमान वीसी में कहीं मतवाद स्थिति, कहीं आत्मदशा, कहीं रहस्यानुभव, तो कहीं सरल प्रभुभक्ति तो कहीं उपमाओं की छटा का निदर्शन किया है। उदाहरण कहांतक दिये जांय, पाठकों से अनुरोध है कि इसी ग्रन्थ में प्रकाशित कृतियों को आत्मसात् कर सैद्धान्तिक व आत्मानुभव द्वारा निकाले हुए नवनीत का रसास्वादन करें।

विचारधारा—

श्रीमद् को अपने दीर्घजीवन में ज्ञानानुभव द्वारा जो अनुभूति मिली, आपकी जीवनचर्या एक विशेष प्रकारसे खिल उठी। आपने जो कुछ लिखा वह परिष्कृत मस्तिष्क और मंजे हुए ठोस विचारों का परिणाम था। वाद-विवाद, क्रिया-कलाप और नाना प्रवृत्तियों के विषय में विचार करने से आपकी आत्मदशा बहुत ही उच्च श्रेणी की विदित होती है। वर्त्तमानकाल में शुद्ध चरित्र को अपेक्षाकृत दुष्प्राप्य मानते हुए भी आप क्रियाओं को एक आवश्यक अङ्ग मानते थे। अन्ध-क्रिया और पङ्गुज्ञान के समन्वय से मोक्षमार्ग की सुलभता, निश्चय-व्यवहार मार्ग, मथानीकी डोरके सदृश खींचने व ढीला छोड़नेमें मक्खन प्राप्ति, क्रिया त्याग में आकाश में उड़ते हुए पतंग की डोर तोड़ने सदृश, वंचक

चारित्र का परिहार, भावविशुद्धि इत्यादि विषयों पर छत्तीसीयां पद और बालावबोधादि आपकी सभी कृतियां प्रेक्षणीय हैं ।

लोकोक्तियों का प्रयोग

श्रीमद् ने विषय का स्पष्ट समझाने व हेतु युक्ति व प्रमाणादि से प्रत्यक्षीकरण के लिये अपने ग्रंथों में लोकोक्तियों का प्रचुरता से प्रयोग किया है। संबोध अष्टोतरी तथा प्रस्ताविक अष्टोत्तरी इस विषय के ज्वलन्त उदाहरण हैं। पाठकों को स्वयं इन ग्रंथों का रसास्वादन करना चाहिये। चंद चौपाई समालोचना भी इस विषय की प्रचुर सामग्री प्रस्तुत करती है। आनन्दघन चौबीसी तथा दूसरे ग्रन्थों से कुछ लोकोक्तियां उद्धृत की जाती है :—

१ फिरे ते चरै, बांध्यो भूख्यां मरै, २ प्राणे प्रीत न थाय, ३ एकण हत्थ न वज्जइ, दो हत्थां ताली, ४ आस करियै तेनो आसंगो स्यो, ५ घरना छइया घरटी चाटै, पाडोसन नै पेड़ा। ६ पाछल वाही पीठे लागै, ७ रागंगी नुं वाय सरवुंही मलार।

यवनोक्ति —रीता भर भर्या ढुलकाव, अनभरिया नुं फेर भरै।

खुदाके हुकुम बिगर दरखतका पत्ता भी हिलने न पावै।
दरखत का पत्ता भी ताबे हुकम के है क्या मकदूर
विगर हुकम हिलै।

सिन्धु देशीय—"दिल अंदर दरियाव, खंधी लगौ छयौ फिरै
टुम्बी मार मंझाहि, मंझाही माणक लहै। १।
टुम्बी मारण दां खड़ी सद्रां लक्खां करन्न
ज्यांरो हीर न द्रिज्जगो टुम्बी से मारन्न। २।"

यवनोक्ति—हैवाने नातर् मनुष्य हैवाने मुतलक् पसू लाजमत्

बिहरमान बीसी में भी इसी प्रकार कहावतों का प्रयोग किया है। जैसे—

१ "आसंगो किम कीजिये रे, करियै जेहनी आस"
(युगमंधर स्तवन)

२ "जिम गहिली नो पहिरणो हो" (सुजातजिन स्तवन)

३ "दूध दियंती गायनो, लात सहू सहै" (चन्द्रबाहु स्तवन)

४ जिम भोजै कामली रे, तिम तिम भारी होय (अजितवीर्य स्तवन)

५ ज्ञानसार बे वार चढ़ै नहीं काठ की रे (नेमजिन स्तवन)

चंद चौपाई समालोचना के भी थोड़े से अवतरण देखियेः—

१ "काला छा सो उड़ि गया, धवला बैठा आय ।
तुलसीदास गढ़ पालटै, जरा पहुंती आय ।" १ ।

२ "कनक कचोले बिन कछु, सिंहनी पय न रहाय"

३ "पतंग वाला कि०या"

४ बच्चों का खेल :—सूरज देवता तावड़ियोइ काढ रे
तावड़ियोइ काढ, थारा बालकिया ठंढा मरै

५ छोटा दूल्हा परणतै, लम्बो होत सुहाग ।"

६ "को सुख को दुख देत है, पवन देत झकझोर
उलझै सुलझै आपही, धजा पवन के जोर । १ ।

बीकानेर के भण्डाण परगने के तरबूजे—मतीरे अद्वितीय स्वादिष्ट और मीठे होते हैं। उनका वर्णन इस प्रकार किया है :—

७ "को जाणै भंडाण के, मीठे होत मतीर।
जो मलयाचल वसत सो, जाणत सुरभि समीर।"

पशुओं की बोली जानने के विषय में प्रचलित लोक कथाः—

८ "तरु छींका चूंडा जले, खग षट मास पियंत
जन्मत सिसु घूंटी दियै, विहग वाण समभंत"

संबोधऊष्टोत्तरी आदि कृतियां तो राजिया के दोहों की भांति स्वयं ही सुभाषित रूप हैं।

रचनायें

श्रीमद् ने बाल्यकाल से लेकर वृद्धावस्था तक अपना जीवन गुरुकुलवास में बिताया था। इनकी शिक्षा-दीक्षा गुरुपरंपरागत विद्वानों के तत्त्वावधान में हुई थी। स्वकीय प्रतिभा और तत्त्वरुचि मिल जाने से सोने में सुगंध जैसा संयोग हो गया। आपने सभी विषय के ग्रन्थों व शास्त्रों का अवगाहन किया था। अतः आप एक सर्वतोमुखी प्रतिभासम्पन्न और समर्थ विद्वान तैयार हो गये। आपने जिस विषय को लिया अधिकार पूर्वक लेखनी चलायी। आपके ग्रन्थों के परिशीलन से आपके गहरे शास्त्रज्ञान, काव्य, कोश, छंद, अलंकार, व्याकरण, दर्शन, न्याय आदि सभी विषयों के सफलवेत्ता और पारगामी होने का सहज परिचय मिलता है। अब आपकी कृतियों का संक्षेप में परिचय कराया जाता है।

भक्ति काव्य

कृति	रचनाकाल	प्रकाशित पृष्ठ
(१) चौबीसी—सं० १८७५	मार्गशीर्ष सुदि १५ बीकानेर	१-१२
(२) विहरमानवीसी— सं०१८७८	कार्त्तिक शुक्ला १ बीकानेर	१३-३०
(३) स्तवनादि भक्ति पद—संख्या ३०		११३-१३३
(४) शत्रुंजय स्तवन— सं०१८६६	फाल्गुन वदि १४	१३५-१३६
(५) दादासाहब के २ स्तवन—		१३४
(६) पार्श्वनाथ—महावीर स्तवन (आनन्दघन चौवीसी) बालावबोध	सं० १८६६	

शास्त्रीयविचार गर्भित

(१) जीवविचार स्तवन सं० १८६१ माघ जयपुर अभयरत्नसार†

(२) नवतत्त्व स्तवन सं० १८६१ माघ वदि १३ चन्द्रवार जयपुर ,,

(३) दण्डक स्तवन सं० १८६१ पौष शुक्ला ७ जयपुर ,,

(४) हेमदण्डक सं० १८६२ मार्गशीर्ष कृष्णा १४

(५) बासठ मार्गणा यन्त्र रचना स्तवन सं० १८६२ चैत्र शुक्ला ८ गाथा ११२

(६) ४७ बोलगर्भित चौबीसी सं० १८५८ दीपावली (११५१ स्तवन रत्न मञ्जूषा)

---

† यह ग्रन्थ हमारी ओर से सं० १९८३ में प्रकाशित हुआ था।

दार्शनिक

(१) षट दर्शन समुच्चय भाषाः—यह ग्रन्थ प्राप्त नहीं है, एक खरड़े में—जिसमें ४७ बोलगर्भित चौबीसी के स्तवन व पद भी हैं—निम्नोक्त अंतिम काव्य मिले हैं :—

चन्द्रायणौ—बुद्ध नयाइक सांख्य जैन दरसन लहै
जैमनीय वेशेष मिलै ते षट लहै
इन षट हू कौ भिन्न भिन्न वरनन करै
गिरवानी ते ज्ञानसार भाषा धरै ॥ १ ॥

दोहा :— गिरवानी भाषानतें, बड़ौ बीच तें बीच ।
पून्युं अम्मावस कहां, उजल जल अरु(किह) कीच ।२।
कोय कहैगो वावरौ, कोय कहैगो मूढ़ ।
इसै विसम सिद्धंत कौ तूं क्या जाणै गूढ़ ॥ ३ ॥
बुद्ध सुतीछन सारते, सुगुर छेद कर दीन
दोरा परज्यों मैं गतिकरी, कौन नवाई कीन ॥ ४ ॥
नयमग सोध विचारियै, अति भीसम नयवाद
आगम कौ गुरुगम नहीं, अति मोटौ विषवाद ॥५॥
तरक विचार विचारियै, वाद विवाद अभिवाद
अनुभव तै रस पीजियै, षट हू कौ इक स्वाद ॥६॥

प्रस्ताविक

१ संबोध अष्टोत्तरी सं०१८५८ ज्येष्ठ सुदी ३ दोहा १०८ पृ० १६३
२ प्रस्ताविक अष्टोत्तरी सं० १८८० बीकानेर „ ११२ पृ० २०५

३ गूढ़ बावनी सं० १८८१ ,, ५४ पृ० २६३

इसका दूसरा नाम निहालबावनी है। पं० वीरचंद के शिष्य निहालचंद को उद्देश्य कर इसकी रचना हुई है। इसमें गूढ़ार्थ पहेलिकाएं गुंफित की गई हैं जिनका उत्तर फुटनोट में लिख दिया गया है। ये पहेलिकाएं बौद्धिक विकाश और मनोरञ्जन का उपयोगी साधन है।

छत्तीसी, बहुत्तरी आदि

१ आत्म-प्रबोध छत्तीसी पद्य ३६ पृ० १५५

२ मति-प्रबोध छत्तीसी गाथा ३७ पृ० १७२

३ भाव षटत्रिंशिका सं० १८६५ का० सु० १
किशनगढ़ गाथा ३६ पृ० १४०

४ चारित्र छत्तीसी गाथा ३६ पृ० १६५

५ बहुत्तरी पद ७४ पृ० ३१ से ७६

६ आध्यात्मिक पद संग्रह पद ३७ पृ० ६५ से ११२

गद्य रचनाएँ

१ आनन्दघन चौबीसी बालावबोध

२ अध्यात्म गीता बालावबोध सं० १८८० बीकानेर पृ० २८१से३५६

३ साधुसझाय (देवचन्द्रजी कृत) बालावबोध प्रकाशित
श्रीमद् देवचन्द्र भाग १

४ यशोविजय कृत तत्त्वार्थ गीत बालावबोध पृ० १८०

५ जिनमत व्यवस्था गीत बालावबोध पृ० ८० से ६४

६ आत्मनिन्दा पृ० २१८
७ पंचसमवाय विचार पृ० २७१
८ हीयाली बालावबोध पृ० १७७
९ आनन्दघन पद बालावबोध (पद १४) पृ० २२४ से २६२
१० विविध प्रश्नोत्तर (१) पृ० ३५७ से ४०७
११ विविध प्रश्नोत्तर पत्र (२) पृ० ४०८ से ४२२

पूजा साहित्य

१ नवपद पूजा पृ० ४२३
२ श्री जिनकुशलसूरि अष्टप्रकारी पूजा प्र० श्रीजिनदत्तसूरि चरित्र
३ ,, ,, प्रकाशित पृ० २७६

छंद विज्ञान

मालापिङ्गल—पिङ्गल के छंद विज्ञान पर उदाहरण सहित १५४ पद्योंमें यह ग्रन्थ रचकर सं० १८७६ फाल्गुन कृष्ण ६ को बीकानेरमें पूर्ण किया। इसकी रचना रूपदीप, वृत्तरत्नाकर, चिन्तामणि आदि छन्द ग्रन्थों के आधार से हुई है। नवकरवाली (माला) के १०८ मणकों और मेरु के मिलाकर कुल ११० छन्दों की रचना होने से इस ग्रन्थ का नाम भी 'मालापिङ्गल' रखा गया है।

आदि-दोहा—श्री अरिहंत सुसिद्ध पद, आचारज उवझाय।
सरब लोक के साधु कुं, प्रणमुं श्री गुरु पाय ॥१॥
प्राकृत तें भाषा करुं, मालापिंगल नाम।
सुखै बोध बालक लहै, परसम को नहिं काम ॥२॥

असंख्यात सागर सबे, उपमा कैसें होय ।
श्रुत पूरब चवदै सकल, है अन्त इह लोय ॥३॥
जो विद्या सब जगत की, इनमें रही मिलाय ।
नदीनाथ के पेट में, ज्यों सब नदी समाय ॥४॥
पिंगल विद्या सब प्रगट, नागराय ने कोन ।
लोग बहिर बुद्ध कहै, पुन विचार अति खीन ॥५॥
सेषनाग वाणी रहित, फुनि विवेक तें हीन ।
लघु दीरघ गण अगण की, संकलना किम कीन ॥६॥
उरपर दुजिहा जात में सेषनाग है मुख्य ।
छंद शास्त्र रचना रचै, सो नहिं निपुण मनुष्य ॥७॥
ए सब कल्पित बात है, विद्या चवद निधान ।
पूरब है उनतें भयो, षट भाषा को ज्ञान ॥८॥

अंत—आदि मध्य मंगल करण, संपूरण के हेत ।
अंतिम मंगल हर्ष कौ, कारण कवि संकेत ॥ १४४ ॥
जो दधि मंथन की क्रिया, ताको तोलूं खेद ।
माँखन निकसें मथन को, उद्यम खेद निषेद ॥ १४५ ॥
परि समाप्ति ग्रंथे भई, इष्ट कृपा आयास ।
नौका विन दधि तिरनको, को करि सकै प्रयास ॥ १४७ ॥
जंबूद्वीपे मेर सम, अवरन को उतुंग ।
त्युं शरीरमें गच्छ सकल, खरतर गच्छ उतमंग ॥ १४७ ॥
गीर्वाग्वाणी सारदा, मुख ते भई प्रगट्ट ।
याते खरतर गच्छ में, विद्या को आभंट्ट ॥ १४८ ॥

ताके शिखा समान विभु, श्रीजिनलाभसूरीश ।
ज्ञानसार भाषा रची रत्नराज गनि सीस ॥ १४६ ॥

चौपाई—संवत कार्यै फिर भय देय, प्रवचन मायै सिद्धसिलेय ।
फागुन नवमी ऊजल पक्ष, कीनौ लक्षण लक्ष विपक्ष॥१५०॥
रूपदीपते बावन किये, वृत्तरत्न ते केते लिए ।
चिंतामणि तें केइ देख, रचना कीनी कवि मति पेख ॥१५१॥
नहिं प्रस्तारन कर उद्दिष्ट, मेरु मर्कटिन कियो नष्ट ।
आधुन कालीन पंडित लोक, ग्रंथ कठिन लखि देहैं धोक॥१५२॥

दोहा—इक सौ आठ दो मेरके, वृत्त किए मति मंद ।
यातें याकूं भाषियौ, नामै माला छंद ॥ १५३ ॥

॥ इति मालापिंगल छंद संपूर्णम् ॥

समालोचना :—

चंद चौपाई समालोचना—कवि मोहनविजय की चन्द राजा चौपाई पर विशद आलोचना लिखकर श्रीमद् ने हिन्दी साहित्य की बड़ी भारी सेवा की है । हिन्दी में संभवतः इस दिशा में यह पहला प्रयत्न था । सं० १८७७ मिती चैत्र कृष्णा २ को बीकानेर में ४१३ पद्यों में इसकी रचना हुई । इसका कुछ विवरण 'समालोचक' रूप में श्रीमद् का परिचय कराते समय दिया जा चुका है । यहाँ ग्रन्थ के आदि और अन्तिम भाग उद्धृत किये जाते हैं ।

आदि—ए निचै निच्चै करौ, लखि रचना कौ मांम ।
छंद अलंकारै निपुण, नहिं मोहन कविराज ॥ १ ॥

दोहा छंदै बिसम पद, कही तीन दस मात।
सम में ग्यारै हू धरै, छंद गिरंथै क्षात ॥ २ ॥
सो तौ पहिलै ही पदै, मात रची दो बार।
अलंकार दूषण लिखूं, लिखत चढ़त विस्तार ॥ ३ ॥
प्राकृत विद्या में निपुण, नहिं वाकौ यह हेत।
प्रथम शब्द दो थानकै, एक पदम कर देत ॥ ४ ॥
ऐसैं केते थानके, मात्रा अधिकी देख।
एक थानकै लिख दियौ, कौलौं लिखूं अशेष ॥ ५ ॥

अन्त—घट विनघटनी घटतता, घटता विना घटत्त।
अन्योन्यें असंबद्धता, त्योंही चंद चरित्त ॥ १ ॥
यामें तीनूं, मधुरता, रचना वचन संबन्ध।
मुगध लोक याते कहै, सबतें मिष्ट प्रबन्ध ॥ २ ॥
कविता कविता शास्त्र के, सम्मत भूषण देख।
अलंकार दूसण लखै, सबते अयं विशेष ॥ ३ ॥
हीनाधिक मात्रा पदैं, लिखत लेख को दोष।
अंतै गुरु मात्रा बधै, सो शास्त्रे निरदोष ॥ १ ॥
पद आदैं अंतै गुरु, तैसे ही लघु होय।
हीनाधिक मात्रा वहै, लहु गुरु मानो सोय ॥१॥ इत्यादिपाठः
वर कवि कृत कविता बहुत, नई करन को हेत।
परभव पहुंता जोजना, बुद्ध परीक्षा देत ॥ १ ॥
दूषण सब कवितानि के, भूसन विबुध लहंत।
करवर बदनें वृहत तउ, नयनहीन न लखंत ॥ २ ॥

नां कवि को निंदा करो, ना कछु राखो कान ।
कवि कृत कविता शास्त्र के, सम्मत लिखी सयांन ॥ २ ॥
दोहात्रिक दश च्यार सै, प्रस्तावोक नवीन ।
खरतर भट्टारक गछै, ज्ञानसार लिख दीन ॥ ३ ॥
भय भय पवयण माय सिध, थान वाम लिख दोध ।
चैत किसन दुतीया दिनें, संपूरण रस पीध ॥ ४ ॥

इति श्रीचंद चरित्रं संपूर्णं। संवन्नवत्यधिकान्यष्टादश शतानि प्रमिते मासोत्तम मासे चैत्र कृष्णैकादश्यांतिथौ मार्त्तण्डवारे श्रीमद्वृहत्खरतरँ गच्छे पं० आणदंविनय मुनिस्तच्छिष्य पं० लक्ष्मी-धीर मुनिस्तस्य पठनार्थ मिदंलि । श्री । श्री लूणकरणसर मध्यें ॥

इस प्रति की पत्र संख्या ८७ और भीनासर के यति उ० श्री सुमेरमलजी के संग्रह में है। अक्षर सुन्दर व सुवाच्य हैं। ढालों के किनारे पर उस राग की अन्यान्य ढालों के उदाहरण हैं। अनेक स्थानों में कठिन शब्दों पर टिप्पणी भी लिखी हुई हैं। ज्ञानसारजी के दोहे आदि मूल के चारों ओर=संकेतों के साथ लिखे हुए हैं तथा पंक्ति व गाथा का भी निर्देश किया हुआ है।

अलंकारिक वर्णन व वचनिकाएँ

प्रतापसिंह समुद्रबद्ध काव्य वचनिका—यह कृति जयपुर नरेश प्रतापसिंह के वर्णन में ३२ दोहों में चित्रकाव्य रूप में रचा है। अन्त में चन्द्रायणा छंद दिये हैं। इसी की वचनिका बालावबोध टीका बड़ी मधुर राजस्थानी भाषा में लिखी है।

कामोद्दीपन—यह ग्रन्थ वि० सं० १८५६ मिती चैत्र शुक्ला ३ को जयपुर नरेश प्रतापसिंह की प्रशंसा में बनाया गया था। इसकी भाषा शुद्ध हिन्दी है, उपमालङ्कारों की छटा और कवि की प्रतिभा पद-पद पर झलकती है। कामदेव के साथ महाराज की तुलना करते हुए श्रीमद् ने इसका नाम भी कामोद्दीपन रखा है। इसमें दोहा व सवैयादि कुल मिला कर १७७ पद्य है।

आदि—तारिन में चन्द जैसे ग्रहगन दिनंद तैसे,
मणिनि में मणिंद त्यों गिरिन गिरिंदयू।
सुर में सुरिन्द महाराज राज वृन्द हू में,
माधवेश नन्द सुख सुरतरु सुकन्द यू।
अरि करि करिंद भूम भार कौ फणिन्द मनौ
